
पूर्णिमा का चांद
ऐसा दिखा

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

महर्षि वाल्मीकि जयंती
आज



जबलपुर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025 ■ आश्विन मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा ■ वर्ष : 20, अंक : 160 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 32 न्यून.21 haribhoomi.com


## उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की कड़ी कार्रवाई

# दो औषधि निरीक्षक सहित उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन निलंबित, ड्रग कंट्रोलर का तबादला

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल


छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप से मौतों के मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कड़ा रुख अपनाया है। सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में उन्होंने औषधि निरीक्षक छिंदवाड़ा गौरव शर्मा, औषधि निरीक्षक जबलपुर शरद कुमार जैन और उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन शोभित कोस्टा को निलंबित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ड्रग कंट्रोलर दिनेश मौर्य को अन्यत्र स्थानांतरित करने के आदेश दिए।

**कफ सिरप कांड**

**कहा, लापरवाही बर्दाश्त नहीं, कोई दोषी बख्शा नहीं जाएगा**

### एसआईटी बनी, दवा का सच जानने तमिलनाडु जाएगी

पुलिस ने 12 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। एसडीओपी जितेंद्र सिंह जाट के नेतृत्व में बनी एसआईटी तमिलनाडु जाएगी और दवा कंपनी के कामकाज की जांच करेगी।



**परासिया जाकर सीएम प्रभावित परिवारों से मिले, कहा- सरकार आपके साथ**

### घर-घर से रिकवर करें प्रतिबंधित दवा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोल्ड्रिफ सिरप के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही दुकानों में रखे स्टॉक को जब्त किया जाए। छिंदवाड़ा और आसपास के जिलों में जिन परिवारों ने यह दवा ली है, उनके घरों से दवा रिकवर करने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। कोल्ड्रिफ सिरप दवा के अलावा पिछले दिनों क्षेत्र में बिकने वाली अन्य दवाओं की प्रभावशीलता का आकलन कराया जाए। दवाओं पर जो चेतावनी और सावधानियां लिखी जानी चाहिए, वह लिखी जा रही हैं या नहीं, इसकी जांच की जाए। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाए।

### जांच के लिए पुणे स्थित प्रयोगशाला भी भेजे नमूने

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया गया कि छिंदवाड़ा से गंभीर प्रकरणों की जानकारी प्राप्त होते ही राज्य स्तर से चिकित्सकों का दल छिंदवाड़ा भेजा गया। नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल और सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन का जांच में सहयोग लिया गया। आठ मरीजों की जांच के लिए उनके नमूने पुणे स्थित प्रयोगशाला भेजे गए। साथ ही छिंदवाड़ा से विभिन्न दवाओं के सैंपल लेकर उनकी जांच कराई गई। छिंदवाड़ा जिले में प्रभावित मरीजों को चिन्हित करने के लिए सर्वे आरंभ किया गया। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया और हिमाचल प्रदेश व तमिलनाडु के ड्रग कंट्रोलर्स को भी इस आशय की सूचना दी गई।



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप


### कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस आज से


**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार से कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस, कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आयोजित होगी। यह कॉन्फ्रेंस दो दिवसीय होगी।



### पूर्व केंद्रीय मंत्री टेनी और बेटे पर केस

**लखीमपुर खीरी।** यूपी के लखीमपुर खीरी में दो साल पुराने मामले में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी और बेटे आशीष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। गवाह को धमकाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिए थे।






**बिहार में दो चरणों में मतदान...पहला 6 नवंबर और दूसरा 11 नवंबर को वोटिंग, 14 नवंबर को मतगणना**

# बिहार में कौन जोड़ीदार होगा जोरदार? 14 नवंबर को नतीजे, कीजिए इंतजार

**इस बार 7.43 करोड़ मतदाता वोट डालेंगे जिनमें 14 लाख नए वोटर शामिल**

**बिहार विधानसभा की कुल 243 सीटों का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा**

### मोदी व नीतीश की जोड़ी चलेगी या राहुल व तेजस्वी मारेंगे मैदान





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना

बिहार विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि राज्य में दो चरणों में मतदान होगा। पहला चरण 6 नवंबर को और दूसरा चरण 11 नवंबर को होगा।

मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी। पहले चरण में मध्य बिहार की 121 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इन क्षेत्रों में बाढ़ प्रभावित और ग्रामीण इलाके भी शामिल हैं। दूसरे चरण में सीमा से सटे 122 विधानसभा क्षेत्रों में वोटिंग होगी। आयोग के अनुसार इस बार राज्य में कुल 7.43 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

चुनाव आयोग ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि राज्य में दो चरणों में मतदान होगा




**1** पहले चरण में मध्य बिहार की 121 सीटों और दूसरे चरण में सीमा से सटे 122 विधानसभा क्षेत्रों में वोटिंग

**2** 2020 का विधानसभा चुनाव तीन चरणों में हुआ था जिसमें 56.93 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था

### पहले चरण में यहां होगी वोटिंग

पहले चरण में 6 नवंबर को इन 121 सीटों पर वोटिंग होगी। इनमें मधेपुरा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सहरसा, गोपालगंज, भोरे, सीवान, महाराजगंज, आरा,बक्सर में वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण में 11 नवंबर को इन 122 सीटों पर वोटिंग होगी। इनमें वाल्मीकि नगर, मोतिहारी, झंझारपुर, लौरिया, सीतामढ़ी, भभुआ, शिवहर, बोधगया, जहानाबाद, हिसुआ, गया टाउन, पूर्णिया, कटिहार, सासाराम में वोट डाले जाएंगे।

### छठ पूजा के बाद होंगे बिहार में चुनाव



चुनाव आयोग ने कई राजनीतिक दलों की मांग स्वीकार करते हुए बिहार विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम छठ पूजा के बाद तय किया है। राज्य का सबसे बड़ा पर्व छठ इस महीने के अंत में मनाया जाएगा। आयोग ने लॉजिस्टिक और सुरक्षा कारणों से खासकर आरजेडी के प्रभाव वाले जिलों को एक साथ रखा है। हालांकि इस बार कुछ नए जिले भी पहले चरण में जोड़े गए हैं। इनमें गंगा के उत्तर में स्थित उत्तरी बिहार के इलाके शामिल हैं। इसके साथ ही मगध और शाहाबाद क्षेत्र को भी पहले चरण में शामिल किया गया है। चुनाव आयोग ने बताया कि बेहतर सड़क और पुलों के निर्माण से अब इन इलाकों तक पहुंच आसान हो गई है, जिसकी वजह से इन्हें जोड़ा गया है।

### चुनावी हिंसा पर जीरो टॉलरेंस नीति

बाढ़ प्रभावित और संवेदनशील इलाकों पर खास ध्यान दिया जा रहा है। केंद्रीय अर्धसैनिक बल की तैनाती समय से पहले होगी। चुनाव आयुक्त ने जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षकों को साफ निर्देश दिए हैं कि चुनाव हिंसा पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का परीक्षण पूरा कर लिया गया है और मतदानकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। दूरदराज क्षेत्रों तक परिवहन और प्रशासनिक प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट की निगरानी और चुनाव की पारदर्शिता के लिए निगरानी टीमें तैनात की गई हैं।

### देश के 7 राज्यों की 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

*बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों के साथ ही देश के सात राज्यों में उपचुनाव की घोषणा भी कर दी गई है। इनमें जम्मू कश्मीर, ओडिशा, झारखंड, मिजोरम, पंजाब, तेलंगाना और राजस्थान में कई सीटों पर उपचुनाव की घोषणा भी की गई है। इन सात राज्यों की आठ सीटों पर उपचुनाव 11 नवंबर को होगा। वहीं, उपचुनाव के बाद सभी सीटों पर मतगणना एक साथ 14 नवंबर को होगी। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में दो सीटों पर जबकि अन्य छह राज्यों में एक-एक सीट पर उपचुनाव होगा। जिन सीटों पर उपचुनाव होना है, उसमें जम्मू-कश्मीर की बडगाम और नगरोटा पर वोटिंग होगी।*

**धर्म पर टिप्पणी से नाराज था वकील**

## सीजेआई गवई पर वकील ने उछाला जूता, गवई बोले- 'फर्क' नहीं पड़ता

**वकील को पुलिस ने किया रिहा, नहीं होगी कोई कानूनी कार्रवाई**

**बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने प्रैक्टिस से कर दिया सस्पेंड**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक चौंकाने वाली घटना हुई। यहां सुनवाई के दौरान सुबह 11 बजकर 35 मिनट पर एक वकील राकेश किशोर (71) ने मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता उछालने की कोशिश की। इस शख्स ने कोर्ट के अंदर नारेबाजी भी की।

बाद में कोर्ट में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे बाहर निकाला। इससे कुछ देर के लिए कोर्ट की कार्यवाही बाधित रही। पकड़े गए शख्स ने नारे लगाए- सनातन धर्म का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान। जब सीजेआई की अध्यक्षता वाली बेंच वकीलों से केस के बारे में सुन रही थी, तभी एक वकील दौड़ता हुआ आगे आया और अपना चीफ जस्टिस पर हमले के लिए पैर से जूता निकालने की कोशिश करने लगा। हालांकि, लगभग तुरंत ही सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया और कोर्ट से बाहर कर दिया। मुख्य न्यायाधीश ने इस घटना के बाद कहा कि उन्हें इन घटनाओं से फर्क नहीं पड़ता। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में जांच बैठा दी है। खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति स्थापित करने वाली याचिका खारिज करने और सुनवाई के दौरान दिए गए बयानों को लेकर सीजेआई से यह वकील नाराज था। बाद में सीजेआई ने कहा था कि मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं।

**एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन ने कहा**

### यह न्यायाधीशों के अधिकारों का अनादर

सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीओएआरए) ने इस घटना की निंदा की है। एसोसिएशन ने कहा कि यह व्यवहार कानूनी पेशे की गरिमा के विपरीत है। इस वकील ने असंयमित हावभाव से भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश और उनके साथी न्यायाधीशों के पद और अधिकार का अनादर करने का प्रयास किया।

**मंदसौर में हैवानियत की हदें पार**

## दांतों से काटा-मुक्के मारे पीड़िता की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर




■ आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र में महिला के साथ रेप और मारपीट का मामला सामने आया है। महिला ने आरोप लगाया कि गांव के ही अर्जुन बावरी ने उसके साथ रेप कर मारपीट की। महिला को परिजन अस्पताल ले गए, जहां से पीड़िता को मंदसौर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

**टीकमगढ़ में लोकायुक्त की कार्रवाई**

## 20 हजार की रिश्वत लेते नेत्र सहायक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



■ फंड निकालने के एवज में मांगी रिश्वत

जिला अस्पताल में लोकायुक्त टीम सागर ने नेत्र सहायक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। रिटायर कर्मचारी द्वारा रिश्वत रूपी केमिकल लगे हुए नोट देने के बाद जैसे ही इशारा किया, तो टीम के सदस्य पहुंच गए और नेत्र सहायक से बीस हजार रुपए जब्त किए।

**मजदूरों ने दो बच्चों को बचाया**

## बकरी बचाने तालाब में डूबे तीन नाबालिग, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाजापुर



■ गहराई ज्यादा होने से निकालने में हुई देरी

जिले के ग्राम रामपुरा मेवासा में सोमवार दोपहर एक तालाब में बकरी बचाने के प्रयास में तीन नाबालिग डूब गए। इस हादसे में 14 वर्षीय अजय नायक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य को सुरक्षित बचा लिया गया। अजय, आकाश और नितेश नामक तीनों नाबालिग अपनी बकरियां चराने जंगल की ओर गए थे।

**10 साल बाद लिया गया फैसला**

## सीजीएचएस की दरें अस्पताल व शहर कैटेगरी से होंगी तय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ दरें औसतन 25-30% तक बढ़ाई गईं

केंद्र सरकार ने 10 साल बाद केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) की दरों में बड़ा संशोधन किया है, जो 13 अक्टूबर से लागू होगा। इससे करीब 46 लाख कर्मचारी और पेंशनर्स को राहत मिलेगी। नई दरें अब अस्पताल कैटेगरी, शहर कैटेगरी और वार्ड टाइप के आधार पर तय होंगी।

**इम्यून सिस्टम को बेहतर तरीके से समझने की खोज, तीन वैज्ञानिकों को चिकित्सा का नोबेल**

# शरीर की शक्तिशाली प्रतिरक्षा प्रणाली को नियंत्रित करना जरूरी अन्यथा यह हमारे अंगों पर ही हमला कर सकती है

**मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल और शिमोन साकागुची को मिला पुरस्कार**

**इस खोज से कैंसर तथा ऑटोइम्यून रोगों के उपचारों को और प्रभावी बनाने में मदद मिल सकती है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





मैरी ई. ब्रुनको | फ्रेड रामस्डेल | शिमोन साकागुची

सोमवार को चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार का ऐलान हुआ। इस साल 'फिजियोलॉजी या मेडिसिन' का नोबेल पुरस्कार मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल और शिमोन साकागुची को दिया गया। शरीर की शक्तिशाली प्रतिरक्षा प्रणाली को नियंत्रित करना आवश्यक है अन्यथा यह हमारे अपने अंगों पर ही हमला कर सकती है। मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड राम्सडेल और शिमोन साकागुची को इस संबंध में उनकी अभूतपूर्व खोजों के लिए 2025 का फिजियोलॉजी या मेडिसिन का नोबेल पुरस्कार मिला।

### नियामक टी कोशिकाएं शांतिदूतों की तरह काम करती हैं

पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस एक ऐसा तरीका है जिससे शरीर अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को अनियंत्रित होने और शरीर के ही ऊतकों पर हमला करने से रोकता है। जिस खोज के लिए वैज्ञानिकों ने इस साल का नोबेल दिया गया है उसमें ये पता लगाया गया है कि नियामक टी कोशिकाओं के रूप में जानी जाने वाली विशेष प्रतिरक्षा कोशिकाएं शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कैसे संतुलित रखती हैं? टी सेल्स, श्वेत रक्त कोशिकाओं का एक प्रकार हैं जो संक्रमणों से शरीर की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये बोन मैरो में उत्पन्न होती हैं और थाइमस ग्रंथि में परिपक्व होती हैं इसीलिए इनका यह नाम पड़ा है।




# नीतीश ने 3 बार ली शपथ, साथी बदले पर सीएम की कुर्सी नहीं छोड़ी

## पांच साल में बिहार की सियासत बदलती रही

एजेंसी ▶▶ पटना

निर्वाचन आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। 14 नवंबर तक यह साफ हो जाएगा कि राज्य में किसकी सरकार बन रही है। हालांकि, अगर 2020 के बाद से बिहार की राजनीति को देखें तो यह काफी उठापटक वाली रही है। यहां की सत्ता में बैठे गठबंधनों में तो लगातार बदलाव देखने को मिले। खास बात यह है कि इन बदलावों के बावजूद राज्य में मुख्यमंत्री के पद में कोई बदलाव नहीं हुआ। 2020 में नीतीश कुमार की जेडीयू को राज्य की 3 मुख्य पार्टियों में सबसे कम सीटें मिलने के बावजूद 5 साल में वही सरकार के मुखिया रहे हैं।

### कभी एनडीए तो कभी महागठबंधन में रहे, लेकिन मुख्यमंत्री पद नहीं छोड़ा

### 43 सीटों के बावजूद जदयू का रहा बोलबाला

यहां एनडीए की जीत में सबसे अहम भूमिका भाजपा की रही। पार्टी ने मुख्यमंत्री पद पर अपना दावा नहीं किया। 43 सीटें होने के बावजूद जदयू का मुख्यमंत्री पद पर दावा बरकरार रहा और नीतीश ने एक बार फिर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस बार कैबिनेट में भाजपा का बोलबाला रहा।



### 2020 के चुनावी नतीजे

बिहार में 2020 में हुए विधानसभा चुनाव 28 अक्टूबर 2020 से 7 नवंबर 2020 तक आयोजित किए गए थे। मतगणना 10 नवंबर को कराई गई। यह मुकाबला सत्तासीन एनडीए गठबंधन और महागठबंधन के बीच था। उस वक्त एनडीए में भाजपा, जदयू, हम और वीआईपी शामिल थीं, जबकि महागठबंधन में राजद, वाम दल और कांग्रेस शामिल थीं। 243 विधानसभा सीटों वाले बिहार में नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) को 125 सीटों पर जीत मिली थी।

### 2 साल के अंदर दिखा सियासी ड्रामा

एनडीए गठबंधन का सरकार में साथ दो साल से भी कम चला। नीतीश ने अगस्त 2022 में भाजपा पर अपनी पार्टी जदयू को तोड़ने और खत्म करने की कोशिश का आरोप लगाया।उन्होंने राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन का हाथ थामा और बिहार में नए स्वरूप वाली सरकार बनाई। एक बार फिर नीतीश ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

### घटता गया नीतीश का आधार

बताया जाता है कि नीतीश के एनडीए छोड़ने की मुख्य वजह जदयू का सिकुड़ता वोटर बेस था। दरअसल, 2015 में जदयू को 71 सीटें मिली थीं, जो कि 2020 में घटकर 43 पर पहुंच गई थीं। वहीं, भाजपा की सीटें 53 से बढ़कर 74 पर पहुंच गई थी। नीतीश की पार्टी के नेताओं का कहना था कि चिराग पासवान और उनकी लोकजनशक्ति पार्टी को जदयू के खिलाफ प्रत्याशी उतारने से न रोककर भाजपा ने ही गठबंधन की अपनी साथी पार्टी की ताकत कम करने का काम किया।

### 17 महीने में महागठबंधन छोड़ा एनडीए का हिस्सा बने

जदयू के कई नेता इस बीच भाजपा के साथ लौटने की बात कहने लगे। इनमें राजीव रंजन सिंह भी शामिल रहे। 2019 के लोकसभा चुनाव में जदयू को एनडीए में रहने का फायदा हुआ था और वह जिन 17 सीटों में लड़ी थी, उसमें 16 सीटों पर जीत हासिल की थी। आखिरकार नीतीश कुमार ने 17 महीने बाद महागठबंधन का साथ छोड़ दिया। भाजपा ने जदयू को सरकार बनाने के लिए अपने 78 विधायकों का समर्थन दिया। नीतीश ने राजभवन में 128 विधायकों का समर्थन दिखाया और शपथ ली।

### महागठबंधन का हाथ थामा, बदले समीकरणों के साथ सत्ता संभाली

नीतीश ने महागठबंधन का हाथ थामा। जब जदयू ने राजद और कांग्रेस का हाथ थामा, तब इस गठबंधन के विधायकों की संख्या 160 पहुंच गई। कुछ उपचुनावों और बसपा-एआईएमआईएम और वीआईपी जैसी पार्टियों के विधायकों के अलगदलों में शामिल हो जाने से 2022 तक विधानसभा में सीटों के आंकड़े बदल गए। 2022 में जब नीतीश ने गठबंधन बदला, तब राजद की 79 और जदयू की 45 सीटों के अलावा कांग्रेस की 19 और वाम दलों की 16 सीटें शामिल रहीं।

### 2024 में फिर एनडीए में लौटे नीतीश

महागठबंधन के जरिए नीतीश इंडिया गठबंधन को खड़ा करने वाले चेहरों में शामिल रहे। लोकसभा चुनाव करीब आते-आते भी जब विपक्षी गठबंधन की तरफ से 'इंडिया' के प्रमुख और संयोजकों को लेकर फैसला न हुआ तो नीतीश इस राजनीतिक सेटअप से दूर होने लगे।

## खबर संक्षेप

### 4 बच्चों संग यमुना में डूबी, 3 शव लापता


**प्रयागराज।** पत्नी की बेवफाई से आहत सलमान ने अपने चार मासूम बच्चों के साथ शुक्रवार को



यमुना के पुराने पुल से कूदकर आत्महत्या की थी। घटना के 46 घंटे बाद रविवार को गोताखोरों की तलाश के दौरान कैराना से 12 किलोमीटर दूर सलमान व उसकी बेटी महक का शव मिल गया है। अन्य तीन बच्चों की तलाश चल रही है। परिवार में मातम पसरा है।

### ट्रक में टकराई कार युवक-युवती की मौत


**नई दिल्ली।** रामराज क्षेत्र में दिल्ली पौड़ी हाईवे पर ट्रक और कार की टक्कर में युवती सहित दो लोगों की



मौत हो गई, जबकि दंपती को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक प्रियंका और लक्ष्य हैं। दोनों के परिजन विलाप करते हुए मोर्चरी और अस्पताल पहुंचे। वहीं पुलिस ने वाहनों को हटवाकर यातायात को सुचारु कराया। वे दिल्ली एयरपोर्ट से घर आ रहे थे।

### हेडगेवार को भारत रत्न दें: मुस्लिम संगठन

**सहारनपुर।** यूपी के सहारनपुर में एक मुस्लिम सामाजिक संगठन ने प्रधानमंत्री नसे बड़ी मांग की है।



जमीयत हिमायतुल इस्लाम के अध्यक्ष अबरार जमाल नेसंघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' मांग की है। संगठन का मानना है कि डॉ. हेडगेवार ने राष्ट्र निर्माण और समाज में एकता के लिए अहम काम किए।

### फिरोजाबाद एएसपी चौधरी को लगी गोली


**फिरोजाबाद।** यूपी के फिरोजाबाद में तैनात एएसपी (ग्रामीण) अनुज चौधरी एक बार फिर सुर्खियों में हैं।



नरेश नाम के बदमाश का एनकाउंटर करने के दौरान वे बाल-बाल बच गए. नरेश की गोली उनकी बुलेटप्रूफ जैकेट में जा धंसी। उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ। इस एनकाउंटर में बदमाश नरेश मारा गया। सीओ से एएसपी हो गए हैं। फिरोजाबाद जिले में तैनात हैं।

### पारंपरिक परिधान में बदरीनाथ पहुंचे 'दादा'

**बदरीनाथ ।** सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों आध्यात्मिक यात्रा के लिए हिमालय पर निकले हैं। कल वे



ऋषिकेश स्थित दयानंद आश्रम गए थे। वे टाइट सिक्योरिटी के बीच बदरीनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने बदरीविशाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वे साउथ की पारंपरिक वेशभूषा लुंगी और कुर्ता में नजर आए। मंदिर समिति ने बताया कि पूजा-अर्चना की।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने आयोग के काम के तौर-तरीकों को समझाया

# 250 पोलिंग स्टेशन पर घोड़े और 197 पोलिंग स्टेशनों पर नाव से जाएंगी पोलिंग पार्टियां

### सभी मतदान केंद्रों पर 100% वेबकास्टिंग की व्यवस्था की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली पटना

चुनाव आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है।सीईसी ज्ञानेश कुमार ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की जिसमें उन्होंने बताया कि बिहार में 6 और 11 नवंबर यानी दो चरण में मतदान होगा और 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। तारीखों के ऐलान से पहले उन्होंने प्रेस को संबोधित किया और एक प्रेजेंटेशन के जरिए चुनाव आयोग के काम करने के तौर-तरीकों को बारीकी से समझाया। इस दौरान ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार में कुछ दिलचस्प चीजें भी हैं। जैसे दियारा इलाके में जो 250 पोलिंग स्टेशन हैं, वहां घोड़े से पेट्रोलिंग होती है। इसी तरह लगभग 197 पोलिंग स्टेशनों पर नाव से पोलिंग पार्टियां जाएंगी। बिहार का एक बड़ा भू-भाग हर साल बाढ़ का शिकार होता है। बाढ़ के पानी से सैकड़ों गांव कट जाते हैं। ऐसे में उन तक मदद पहुंचाने के लिए अक्सर नावों का इस्तेमाल किया जाएगा।

**मतदाताओं को बेहतर अनुभव देने 1,350 मॉडल केंद्र बनेंगे**





### बिहार में कुल 90,712 मतदान केंद्र

बिहार में कुल 90,712 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां औसतन हर केंद्र पर करीब 818 मतदाता रजिस्टर्ड हैं। इनमें से 76,801 केंद्र ग्रामीण इलाकों में और 13,911 केंद्र शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं। सभी मतदान केंद्रों पर 100 फीसदी वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। मतदाताओं को बेहतर अनुभव के लिए 1,350 मॉडल केंद्र भी तैयार किए।

### बुर्के में वोट तो महिला अधिकारी प्राइवेटली पहचान चेक करेंगी

इस बार इलेक्शन कमीशन ने एक ऐसा तोड़ निकाला है, जिससे न तो बवाल होगा और न ही वोटिंग में रुकावट आएगी।सुप्रीम कोर्ट ने बुर्के वाली महिलाओं की वोटिंग को लेकर साफ गाइडलाइंस दी थीं, ताकि निजता और पारदर्शिता बनी रहे। कोर्ट ने कहा था कि वोटर की पहचान वेरिफाई करने के लिए वैलिड आईडी जैसे वोटर आईडी या आधार जरूरी है।

**नीतीश की पार्टी की मांग अनसुनी**

जदयू ने आयोग से एक ही चरण में मतदान कराने की मांग की थी। लेकिन, सीईसी ने मतदान के तारीखों की घोषणा की तो स्पष्ट हो गया कि उन्होंने जदयू की मांग को अस्वीकार कर दिया।

### चुनाव में 17 नई पहल देशभर में होंगी लागू

बिहार चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले चुनाव आयोग ने 17 नई पहल की ऐलान किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह 17 नई पहल, बिहार चुनाव में लागू होंगी। इसके बाद इन्हें देश भर में भी लागू किया जाएगा।

1. मतदान केंद्रों पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा।
2. सभी पोलिंग बूथों पर 100% वेबकास्टिंग।
3. मतदाताओं के मोबाइल फोन जमा करने के काउंटर।
4. ईवीएम बैलेट पेपर पर उम्मीदवारों की रंगीन फोटो।
5. बूथ लेवल अधिकारियों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण।
6. विशेष गहन पुनरीक्षण का सफल समापन।
7. डिजिटल इंडेक्स कार्ड का शीघ्र वितरण।
8. वन स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म।
9. वोटर आईडी कार्ड का 15 दिनों में वितरण।
10. बूथ लेवल अधिकारियों के लिए पहचान पत्र।
11. फॉर्म 17सी और ईवीएम में विसंगति पर वीवीपैट काउंटिंग।
12. पोस्टल बैलोट की प्रारंभिक गणना।
13. हाई-राइज सोसाइटियों में अतिरिक्त बूथ।
14. 100 मीटर से बाहर अनौपचारिक आईडी स्लिप बूथ।
15. राजनीतिक दलों के बीएलए का उपयोग।
16. पुलिस अधिकारियों का विशेष प्रशिक्षण।
17. पोलिंग और काउंटिंग स्टाफ का पारिश्रमिक दोगुना होगा।

### विधानसभा चुनाव लड़ेंगी लोक गायिका मैथिली

## भाजपा नेता विनोद तावड़े से की मुलाकात

बिहार को लोकप्रिय गायिका मैथिली ठाकुर को लेकर चर्चा है कि वे 2025 का विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं। यह चर्चा इसलिए हो रही है, क्योंकि उन्होंने भाजपा के



नेताओं से मुलाकात की है। इस मुलाकात के दौरान उनके पिता भी साथ में थे। विनोद तावड़े और नित्यानंद राय के साथ जब से उनकी तस्वीर सामने आई है, चुनाव लड़ने को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। तावड़े ने बीते रविवार को अपने एक्स हैंडल से तस्वीरें शेयर कर लिखा कि वर्ष 1995 में बिहार में लालू राज आने पर जो परिवार बिहार छोड़कर चले गए, उस परिवार की बिटिया सुप्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर बदलते बिहार की रफ्तार को देखकर फिर से बिहार आना चाहती हैं।

### आम आदमी पार्टी ने जारी की 11 उम्मीदवारों की पहली सूची

आम आदमी पार्टी ने पहली सूची जारी कर दी है। 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। बेगूसराय से



डॉक्टर मीरा सिंह को उम्मीदवार बनाया है। कुशेश्वर से योगी चौपाल को उम्मीदवार बनाया है। तरैया से अमित कुमार सिंह, कस्बा से भानु भारतीय, बेनीपट्टी से सुभद्रा यादव, फुलवारी से अरुण कुमार रजक, बांकीपुर से पंकज कुमार, किशनगंज से अशरफ आलम, परिहार से अखिलेश नारायण ठाकुर, गोविंदगंज से अशोक कुमार सिंह और बक्सर से पूर्व कैप्टन धर्मराज सिंह को पार्टी ने टिकट दिया है।

### बिहार में निष्पक्ष चुनाव की गारंटी

# सीआरपीएफ की 71 कंपनियां पहुंचीं, 50,000 जवान तैनात



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बिहार में विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया है। इस बार के विधानसभा चुनाव में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की फिलहाल 500 कंपनियों को तैनात किया गया है। केंद्रीय बलों की अधिकांश कंपनियां, रविवार को बिहार में पहुंच चुकी हैं। अब इन्हें लोकल पुलिस प्रशासन के साथ विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा।

निष्पक्ष चुनाव की गारंटी देने के लिए केंद्रीय बलों के जो 50,000 जवान बिहार पहुंचे हैं, उनमें सीआरपीएफ की वे 71 कंपनियां भी शामिल हैं, जिन्हें विशेष तौर पर जम्मू-कश्मीर से बुलाया गया है। चुनावी ड्यूटी पर मोर्चा संभालने वाले केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी और आईटीबीपी भी शामिल हैं।

### केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी

केंद्रीय गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार बिहार में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न कराने के लिए सीआरपीएफ की 118 कंपनियों को तैनात किया गया है। इनमें से 71 कंपनियां, जम्मू-कश्मीर से बुलाई गई हैं। चुनाव में किसी तरह की कोई हिंसा न हो, इसके लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधानसभा चुनाव के संवेदनशील बूथों पर कोई अप्रिय घटना न हो और बिना किसी भय के लोग चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकें, इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अर्धसैनिक बलों को भारी संख्या में बिहार के लिए रवाना किया है।

### केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रणनीति बनाई

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बिहार में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए विशेष रणनीति तैयार की है। विधानसभा चुनाव में कोई भी आपराधिक या असामाजिक तत्व, किसी तरह की बाधा न पहुंचा सकें, इसके सीएपीएफ की 500 कंपनियों को तैनात किया गया है। आने वाले दिनों में केंद्रीय बलों की संख्या बढ़ भी सकती है। अग्रिम तैनाती के दौरान केंद्रीय बल, बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन, विश्वास निर्माण के उपाय, फ्लैग मार्च और सर्विलांस का काम करेंगे। हालांकि प्रशासन द्वारा डिटेल डेपलॉयमेंट प्लान को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# कटक में हिंसा के बाद 36 घंटे का कर्फ्यू लागू, साथ ही 60 पुलिस पलटन तैनात

## प्रशासन ने जनता से की अपील

एजेंसी ▶▶ कटक

ओडिशा के कटक शहर में दुर्गा पूजा के पंडालों की मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई हिंसक झड़पों के बाद प्रशासन ने 36 घंटे का कर्फ्यू लगा दिया है। यह कर्फ्यू 6 अक्टूबर रात 10 बजे से 7 अक्टूबर सुबह 10 बजे तक लागू रहेगा। डीजीपी योगेश बहादुर खुरानिया ने लोगों से कहा कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी जानकारी के लिए पुलिस की वेबसाइट, कमिश्नरेट की वेबसाइट और ट्विटर हैंडल देखें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्थिति अब नियंत्रण में है और हिंसा में शामिल सभी असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कर्फ्यू से प्रभावित मुख्य इलाकों में दरगाह बाजार, मंगलाबाग, पुरिघाट, लाल बाग और जगतपुर शामिल हैं।



*मूर्ति विसर्जन के दौरान हिंसक झड़पें और बवाल*

### अस्पताल, स्कूल -कॉलेज खुले रहेंगे

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नरसिंह भोला ने बताया कि इस दौरान सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे, लेकिन अस्पताल, स्कूल और कॉलेज खुलेंगे। इसके अलावा, जरूरी सेवाएं जैसे दवाखाने, किराना दुकानें और पेट्रोल पंप खुले रहेंगे। पुलिस आयुक्त ने कहा कि हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### आरपीएफ भी तैनात

शांति बनाए रखने के लिए 60 पुलिस पलटन तैनात किए गए हैं। रैपिड एक्शन फोर्ट , बीएसएफ, सीआरपीएफ और ओडिशा स्विफ्ट एक्शन फोर्स के आठ कंपनियां महत्वपूर्ण जगहों और चौराहों पर तैनात की गई हैं।

### प्रभावित इलाकों में इंटरनेट और सोशल मीडिया बंद

इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, फेसबुक, एक्स, स्नैपचैट समेत सभी इंटरनेट और मैसेजिंग सेवाएं बंद कर दी गई हैं। यह रोक सोमवार शाम 7 बजे तक लागू रही। प्रशासन ने बताया कि यह कदम भड़काऊ संदेशों' को रोकने उठाया है।

### बाढ़ प्रभावित इलाके में राहत सामग्री बांटने गए थे नेतागण

# भाजपा सांसद और विधायक पर हमला, दोनों ही अस्पताल में भर्ती

## नेताओं के वाहनों में तोड़फोड़ की गई

एजेंसी ▶▶ नागराकाटा

पश्चिम बंगाल के बाढ़ प्रभावित नागराकाटा इलाके में राहत सामग्री बांट रहे भाजपा के मालदा से सांसद खगेन मुर्मू और विधायक डॉक्टर शंकर घोर पर कथित तौर पर हमला हुआ है। इसमें सांसद खगेन मुर्मू को ज्यादा चोट आई है। दोनों नेताओं को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इनके काफिले पर अज्ञात लोगों ने हमला किया। इनके वाहनों में तोड़फोड़ की गई है। किसी तरह दोनों नेता घटना स्थल से अपनी जान बचाकर निकले। अमित मालवीय ने वीडियो में लिखा, मुर्मू को खून से लथपथ देखा जा सकता है।

### बंगाल में टीएमसी का जंगल राज



भाजपा ने कहा कि 2 बार के सांसद और सम्मानित आदिवासी नेता मुर्मू पर टीएमसी के गुंडों द्वारा हमला किया गया। वे बाढ़ प्रभावित इलाके में पीड़ितों की मदद करने जा रहे थे। ममता जब बेनर्जी अपने कोलकाता कार्निवल में डांस कर रही हैं, टीएमसी और राज्य प्रशासन गायब है। जो लोगों की मदद कर रहे हैं, उन पर राहत कार्य करने के लिए हमले हो रहे हैं। यहां जंगलराज है।

### नड्डा ने की मुर्मू से बात

उत्तर बंगाल में राहत सामग्री बांट रहे शंकर घोष और मालदा उत्तर के सांसद मुर्मू पर जानलेवा हमला हुआ है। मुर्मू पर पत्थर फेंके गए, जिससे उनके सिर में चौ लगी है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने फोन पर इस बीच मुर्मू से बातचीत की है।

### मुडा घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

# गैरकानूनी रूप से हासिल 40 करोड़ की 34 संपत्तियां अटैच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े मामले में 34 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। इन संपत्तियों की मार्केट वैल्यू करीब 40.08 करोड़ बताई गई है। यह कार्रवाई मुडा घोटाले से जुड़ी है। ईडी ने यह जांच लोकायुक्त पुलिस, मैसूर की एफआईआर के आधार पर शुरू की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मुडा की साइटों के आवंटन में बड़े पैमाने पर धांधली की गई थी। पता चला कि पूर्व मुडा कमिश्नर जीटी दिनेश कुमार ने भारी मात्रा में रिश्वत लेकर





अवैध साइट अलॉट की थीं और उस पैसे को अपने रिश्तेदारों और सहयोगियों के नाम पर प्रॉपर्टी खरीदने में इस्तेमाल किया था। दिनेश कुमार ने 31 साइटें गैरकानूनी तरीके से अलॉट कीं। 18 और 28 अक्टूबर 2024 को ईडी ने कई ठिकानों पर तलाशी ली थी। ये साइटें कर्नाटक अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी के नियमों का उल्लंघन करते हुए अलॉट की गई थीं।

### एसएमएस अस्पताल में आग के बाद परिजनों का गुस्सा फूटा

# 8 मरीजों की दर्दनाक मौत, चहुंओर दिखी अफरा-तफरी

एजेंसी ▶▶ सवाई मान सिंह

रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास सवाई मान सिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आईसीयू वार्ड में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस हादसे में 8 मरीजों की मौत हो गई है, जबकि कई गंभीर मरीजों को सुरक्षित निकाला गया। मौके पर मौजूद डॉक्टरों, नर्सों और दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद एक घंटे में आग पर काबू पाया। अस्पताल में चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल है। मरीजों के परिजन आक्रोशित हैं। शवों के पोस्टमार्टम का सिलसिला जारी है। व्यवस्थाएं सुधर गई हैं।

### एक घंटे में आग पर पाया गया काबू, एसआईटी गठित



### आईसीयू में 11 मरीज थे भर्ती, शिफ्टिंग मुश्किल थी

ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी प्रतीत होती है। आईसीयू में भर्ती ज्यादातर मरीज पहले से ही बहुत गंभीर स्थिति में थे और कई कोमा में थे। उनके सर्वाइवल रिफ्लेक्स कमजोर थे, इसलिए उन्हें तुरंत शिफ्ट करना मुश्किल हो रहा था। ट्रॉमा सेंटर के नोडल ऑफिसर और सीनियर डॉक्टर ने बताया कि हादसे के समय आईसीयू में कुल 11 मरीज भर्ती थे। परिजनों का आरोप है कि उन्हें लगभग दो घंटे तक कोई सहायता नहीं मिली। वार्ड के अंदर से तेज बदबू आ रही थी। बार-बार सूचना देने पर भी अस्पताल कर्मियों ने लापरवाही दिखाई, जिससे कई मरीजों की दम घुटने से मौत हो गई।

### सीएम शर्मा ने हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए

अस्पताल में आग लगने की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार के अन्य मंत्रियों के साथ देर रात अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। सीएम ने मरीजों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मामले की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी भी गठित की गई है। स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के देर से पहुंचने पर लोगों में गुस्सा दिखा। बहरहाल परिजन अस्पताल परिसर में धरने पर बैठे। पुलिस ने उन्हें उठाया।

### न्यायिक जांच की मांग और मुआवजा दें

नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा है कि इस घटना की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच आवश्यक है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो। हाईकोर्ट के सीटिंग अथवा रिटायर्ड जज की मॉनिटरिंग में एक आयोग बनाकर इस पूरे मामले की न्यायिक जांच करवाई जाए। राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा और आपात प्रबंधन प्रणाली की तुरंत समीक्षा करवाई जाए। इस घटना में दिवंगत हुए नागरिकों के परिजनों को1-1 करोड़ की आर्थिक सहायता दी जाए।

# हरिभूमि

जबलपुर

मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



08 जीवनरक्षक दवा बनी मौत का कारण





मैट्रो
14 विष्णु वराह मंदिर के अतिक्रमणों ....


सीएम बेनर्जी का केंद्र पर आरोप

# दार्जिलिंग आपदा 'मानव निर्मित', डीवीसी जिम्मेदार मृतकों के परिजनों को 5 लाख देने का किया ऐलान

एजेंसी ⏭ दार्जिलिंग

पश्चिम बंगाल के उत्तरी इलाके में आई भीषण बाढ़ को लेकर सीएम ममता बनर्जी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सोमवार कहा कि यह बाढ़ कुदरती नहीं, बल्कि 'मानव-निर्मित' है। सीएम ममता बनर्जी ने दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी) को इस बाढ़ के लिए जिम्मेदार ठहराया। उनका आरोप है कि डीवीसी ने बिना कोऑर्डिनेशन के बांधों से पानी छोड़ दिया, जिससे दार्जिलिंग और आसपास के इलाके, जहां शनिवार से भारी बारिश हो रही थी, और ज्यादा प्रभावित हो गए।



### अन्य कार्यों में पैसा बर्बाद किया

*सीएम बेनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार पर आरोपों की झड़ी लगा दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गंगा-हुगली नदी के कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गाद निकालने का काम नहीं किया। जानबूझकर डीवीसी ने गाद निकालने का काम नहीं किया। केंद्र सरकार ने सार्वजनिक कार्यों के बजाए अन्य कार्यों में पैसे खर्च करके उसे बर्बाद किया।*

### अब तक 23 लोगों की मौत

एनडीआरएफ और बंगाल सरकार के दार्जिलिंग व जलपाईगुड़ी जिला प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक कई स्थानों - सरसली, जसबीरगांव, मिरिक बस्ती, धार गांव (मेची), नागराकाटा और मिरिक झील क्षेत्र से लोगों के मारे जाने की खबर है। पास के जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा में एक अलग बचाव अभियान में भूस्खलन के मलबे से पांच शव बरामद किए गए। एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि अब तक मिरिक, दार्जिलिंग और जलपाईगुड़ी में कुल 23 लोगों की मौत हो चुकी है।

### सामुदायिक रसोई खोली



*ममता बेनर्जी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि पुलिस और प्रशासन सभी प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और पुनर्वास कार्य कर रहे हैं। सामुदायिक रसोई खोली गई हैं, और संकटग्रस्त लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। पर्यटकों को सुरक्षित निकाला जा रहा है और जहाँ होटलों में ठहरने की व्यवस्था करनी है, वह राज्य सरकार के खर्चे पर की जाएगी। उत्तर बंगाल राज्य परिवहन निगम और हमारे अन्य परिवहन संगठन फंसे हुए पर्यटकों को निकालने के लिए विशेष वोल्वो और लंबी दूरी की बसों की व्यवस्था कर रहे हैं।*


## खबर संक्षेप

### सोनम अरेस्ट मामले में कोर्ट ने मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने इस याचिका को लेकर केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख से जवाब मांगा है। कोर्ट ने इस मामले में तत्काल कोई फैसला सुनाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और एनवी अंजनिया की पीठ के अब मामले में आगे 14 अक्तूबर को सुनवाई करेगी।

### इटली में सड़क हादसा 4 भारतीयों की मौत



**रोम।** दक्षिणी इटली के मटेरा शहर में एक सड़क दुर्घटना में 4 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है। रोम स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार यह जानकारी दी। हादसे में कार एग्री घाटी के मटेरा शहर के स्कैनजानो जोनिको नगरपालिका क्षेत्र में एक ट्रक से टकरा गई थी। मृतकों की पहचान 34 वर्षीय मनोज, 33 वर्षीय सुरजीत सिंह, 31 वर्षीय हरविंदर सिंह और 20 वर्षीय जसकरण सिंह के रूप में हुई।

## अमेरिका को बड़ा झटका, भारत आ रही 140 साल पुरानी दवा कंपनी

*भारत हेल्थकेयर मैन्युफैक्चरिंग का नया केंद्र*

# 8800 करोड़ का पूंजी निवेश करेगी जल्द ही कई पदों पर की जाएगी भर्ती

*एलि लिली द्वारा किया गया यह निवेश भारत के हेल्थकेयर सेक्टर को ग्लोबल लेवल पर नई पहचान देने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। ट्रंप की नीतियों के बीच अमेरिकी कंपनियों का भारत में बढ़ता निवेश साफ इशारा देता है कि दुनिया की नजर अब भारत को 'फार्मा हब' के रूप में देख रही है*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फार्मा सेक्टर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के 100 फीसदी 'टैरिफ बम' का असर दिखने लगा है। अमेरिकी कंपनियां देश छोड़कर विदेशों का रुख करने लगी हैं।



जिसका सीधा फायदा भारत को हो सकता है। दरअसल, अमेरिका की बड़ी दवा कंपनियों में शुमार एलि लिली ने सोमवार को ऐलान किया कि वह भारत में 1 बिलियन डॉलर (करीब 8800 करोड़ रुपए) का निवेश करने जा रही है। यह निवेश आने वाले कुछ सालों में नई उत्पादन इकाई और गुणवत्ता सुविधाओं के लिए किया जाएगा।

कंपनी का यह कदम ऐसे समय आया है, जब ट्रंप फार्मा सेक्टर पर टैरिफ बम गिराने की तैयारी में हैं। ऐसे में एलि लिली का भारत रुख, 'मेक इन इंडिया' अभियान को बड़ा बूस्टर देने वाला साबित हो सकता है।

कंपनी ने बताया कि वह तुरंत इंजीनियर, केमिस्ट, एनालिटिकल साइंटिस्ट, क्वालिटी कंट्रोल और मैनेजमेंट जैसे पदों पर भर्ती शुरू करेगी। एलि लिली इंटरनेशनल के प्रेसिडेंट पैट्रिक जॉनसन ने कहा कि यह निवेश भारत को हमारे ग्लोबल नेटवर्क का अहम हिस्सा बनाएगा। हमें विश्वास है कि भारत हेल्थकेयर मैन्युफैक्चरिंग का नया केंद्र बनेगा।

» **भारतीय हेल्थकेयर सेक्टर को मिलेगी वैश्विक पहचान**

» **'मेक इन इंडिया' अभियान को मिलेगा बढ़ावा**




### भारत की क्षमता पर भरोसा

इंवेस्ट इंडिया की सीईओ की निवृति राय ने कहा कि एलि लिली का निवेश भारत की क्षमता और नीतिगत स्थिरता पर उनके भरोसे को दर्शाता है। यह न केवल हेल्थकेयर को मजबूत करेगा, बल्कि देश में मैन्युफैक्चरिंग को भी गति देगा।



### हैदराबाद इनोवेशन का पावरहाउस

तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि एलि लिली का विस्तार दिखाता है कि हैदराबाद अब ग्लोबल हेल्थकेयर इनोवेशन का पावरहाउस बन चुका है।



### हैदराबाद में लगाएगी उत्पादन इकाई

*कंपनी ने बताया कि वह हैदराबाद में नई उत्पादक इकाई और गुणवत्ता सुविधा स्थापित करेगी। यह हब पूरे भारत में एलि लिली के कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग नेटवर्क की निगरानी करेगा और उन्नत तकनीकी सुविधाएं प्रदान करेगा। एलि लिली ने कहा कि भारत में निवेश करने का फैसला देश की कुशल टैलेंट, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और सरकार की बिजनेस फ्रेंडली नीतियों पर भरोसे को दिखाता है। कंपनी भारत को अपने वैश्विक हेल्थकेयर नेटवर्क का बड़ा केंद्र बनाना चाहती है।*

### भारत 'फार्मा हब' के रूप में उभर रहा

एलि लिली के मुताबिक, यह निवेश कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करेगा और दुनियाभर के मरीजों तक मोटापे, डायबिटीज, अल्जाइमर, कैंसर और ऑटोइम्यून बीमारियों की दवाएं पहुंचाने में मदद करेगा। यह निवेश भारत के हेल्थकेयर सेक्टर को ग्लोबल लेवल पर नई पहचान देने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। ट्रंप की नीतियों के बीच अमेरिकी कंपनियों का भारत में बढ़ता निवेश साफ इशारा देता है कि दुनिया की नजर अब भारत को 'फार्मा हब' के रूप में देख रही है।

**47000 कर्मचारी काम करते हैं**

*एलि लिली अमेरिका की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है और इसकी गिनती टॉप-5 बड़ी कंपनियों में होती है। इसका मार्केट कैप 795 बिलियन डॉलर यानी करीब 70 लाख करोड़ से भी ज्यादा है। 140 साल पुरानी कंपनी के 18 देशों में ऑफिस हैं।*

नीति आयोग के सीईओ का बड़ा दावा

## जल्द हो जाएगा भारत और यूएस के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने सोमवार को विश्वास जताया कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही व्यापार समझौता हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत को टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करना चाहिए और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए अपने बाजारों को खोलना चाहिए। अच्छी बात यह है कि दोनों पक्ष अभी भी एक व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले महीने बातचीत हुई थी, इसलिए मुझे लगता है कि दोनों पक्ष आशान्वित हैं। उन्होंने कहा कि क्रिसमस तक कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अगर दोनों देश व्यापार समझौते पर सहमत नहीं होते हैं तो आगे समस्या होगी। उन्होंने कहा कि हम नुकसान में हैं।

### पांच दौर की वार्ता हो चुकी

इस समझौते के पहले चरण को 2025 की शरद ऋतु (अक्टूबर-नवंबर) तक पूरा करने की योजना थी। अब तक, पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। इस समझौते का उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान 191 अरब डालर से दोगुना से भी अधिक बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करना है। अमेरिका 2024-25 में लगातार चौथे वर्ष भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहेगा, जिसका द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब डालर (86.5 अरब डालर का निर्यात) रहा। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप द्वारा अगस्त में भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ को दोगुना करके 100 प्रतिशत कर देने के बाद नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच संबंध गंभीर तनाव में आ गए हैं। भारत ने अमेरिकी कार्रवाई को ''अनुचित और अतार्किक'' बताया था।

### विनिर्माण में विविधता लाना जरूरी

चीन से निवेश पर प्रतिबंध हटाने के बारे में पूछे गए एक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि जहां तक चीन से आयात का प्रश्न है तो बीजिंग भारत के लिए एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। उन्होंने कहा कि अगर आप चीन को अधिक उत्पाद नहीं बेच पा रहे हैं, तो यह व्यर्थ है। यदि आप (भारत) प्रतिस्पर्धी हैं, तो वे अधिक उत्पाद खरीदेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमें विनिर्माण में विविधता लाने की जरूरत है। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में भारत की मध्यस्थ संस्थाओं की अनुपस्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 'मुझे नहीं लगता कि भारत को किसी भी क्षेत्र की रक्षा करनी चाहिए।

पाकिस्तान में भड़के लोग, शुरू हुआ विरोध

## आर्मी चीफ मुनीर ने अमेरिका को भेजी रेयर अर्थ मिनरल्स की पहली खेप

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने पिछले महीने एक अमेरिकी कंपनी के साथ कर्ज में डूबे देश के खनिज संसाधनों की खोज और विकास के लिए हुए समझौते के बाद, अमेरिका को दुर्लभ मृदा और महत्वपूर्ण खनिजों की अपनी पहली खेप भेज दी है। इस सौदे और खेप के बाद पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने अमेरिका को भेजी गई खेप में एंटीमनी, कॉपर कॉन्संट्रेट और नियोडिमियम व प्रेजोडायमियम जैसे दुर्लभ मृदा तत्व शामिल हैं।

### सितंबर में हुआ था समझौता



*यूएस स्ट्रैटेजिक मेटल्स (यूएसएसएम) ने सितंबर में पाकिस्तानी सैन्य इंजीनियरिंग शाखा, फ्रंटियर वर्क्स ऑर्गनाइजेशन (एफडब्ल्यूओ) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए था।*

### समझौते को सार्वजनिक करें: पीटीआई

पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पाकिस्तान सरकार से अमेरिका और अमेरिकी कंपनियों के साथ हुए समझौतों का पूरा विवरण सार्वजनिक करने की मांग कर रही है। पीटीआई के सूचना सचिव शेख वकास अकरम ने सरकार से अमेरिका के साथ कथित गुप्त सौदों का विवरण सार्वजनिक करने की मांग की है।

## भारतीय नौसेना में शामिल हुआ 'आन्द्रोत'



### दुश्मनों की पनडुब्बियों को कर देगा तबाह

*विशाखापत्तनम। भारतीय नौसेना ने 6 अक्तूबर को विशाखापत्तनम के नेवल डॉकयार्ड में 'आन्द्रोत' को अपने बेड़े में शामिल कर लिया। यह दूसरा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट है। इस समारोह की अध्यक्षता पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने की। कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने एंड्रोथ को बनाया है।*

बढ़ता घाटा और कर्ज बनी समस्या

## फ्रांस के पीएम लेकोर्नु का इस्तीफा एक माह से भी कम रहा कार्यकाल

एजेंसी ⏭ पेरिस

फ्रांस के पीएम सेबेस्टियन लेकोर्नु ने सोमवार को पीएम पद से इस्तीफा दे दिया। सेबेस्टियन लेकोर्नु का बतौर पीएम कार्यकाल एक महीने से भी कम समय का रहा। इसके साथ ही साल 1958 के बाद सेबेस्टियन लेकोर्नु फ्रांस के सबसे कम समय तक पीएम पद पर रहने वाले नेता बन गए हैं। फ्रांस के पीएम का नियुक्ति के कुछ हफ्ते बाद ही इस्तीफा देना, फ्रांस की राजनीति में गहरे संकट का संकेत दे रहा है। लेकोर्नु को 9 सितंबर को पीएम पद पर नियुक्त किया गया था। लेकोर्नु को अपने मंत्रिमंडल की घोषणा के बाद ही उनकी अपनी पार्टी और विपक्षी खेमे की आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा था। लेकोर्नु को मंगलवार को अपनी सरकार का रोडमैप बताने के लिए नेशनल असेंबली को संबोधित करना था, लेकिन उससे पहले ही उनका इस्तीफा हो गया।

20वें फिक्की उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन 2025 में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बोले

# शिक्षा और नवाचार आधारित अनुसंधान से ही विकास संभव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका प्रशिक्षित, कुशल और प्रतिभाशाली युवा वर्ग है। यदि युवा शक्ति को संसाधनों और अवसरों से जोड़ा जाए तो भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को जल्दी हासिल कर सकता है। शिक्षा और नवाचार आधारित अनुसंधान से ही देश के विकास को गति मिल सकती है।

नितिन गडकरी ने यहां आयोजित 20वें फिक्की उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा किसी भी देश के भविष्य की नींव होती है और पीएम नरेंद्र मोदी के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में इसकी अहम भूमिका होगी।

उच्च शिक्षा किसी भी देश के भविष्य की नींव

शिक्षा को स्थानीय विकास से जोड़ना जरूरी




### नवाचार के बल पर बढ़ाई ताकत

मंत्री ने कहा कि दुनिया में जो देश आज विकसित हैं, उन्होंने शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के बल पर ही अपनी ताकत बढ़ाई है। शिक्षा व्यवस्था को भविष्योन्मुखी बनाया जाए और इसे जिला एवं राज्य स्तर पर स्थानीय जरूरतों और संसाधनों के आधार पर अनुसंधान से जोड़ा जाए। यह देखें कि कौन से संसाधन उपलब्ध हैं जो शिक्षा को स्थानीय विकास से जोड़ सकते हैं।

### प्रतिदिन 40 किमी सड़क बन रही

गडकरी ने कहा कि भारत में पहले जहां प्रतिदिन केवल 2 किलोमीटर सड़क बनती थी, अब यह आंकड़ा 40 किलोमीटर प्रतिदिन तक पहुंच गया है। हम देश में बड़े पुल, सुरंगें और मेट्रो प्रोजेक्ट्स बना रहे हैं, लेकिन टनल बोरिंग मशीन और टनल निर्माण की विशेषज्ञता अब भी हमारे पास नहीं है।

### डिग्री नहीं कौशल और नवाचार को बढ़ावा दें

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास को तकनीकी अनुसंधान और स्किल आधारित शिक्षा से जोड़ना होगा, तभी देश तेजी से आगे बढ़ पाएगा।

### देशभर के कलेक्टरों का शुरू हुआ प्रशिक्षण

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी और ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत भूमि संसाधन विभाग ने 'नक्शा' कार्यक्रम पर दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण-कार्यशाला की शुरुआत की। यह कार्यशाला 6 से 7 अक्टूबर 2025 तक मसूरी स्थित एलबीएसएनएए में आयोजित की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य देशभर के जिला कलेक्टरों और जिलाधिकारियों को इस ऐतिहासिक शहरी भूमि संसाधन परियोजना के पायलट कार्यान्वयन के लिए तैयार करना है। 'नक्शा' कार्यक्रम डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के तहत शुरू की गई है।

### सीआईडी के समन पर 8 लोगों से सिर्फ एक ने ही दिया जवाब

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

असम के सीएम हिमंत बिस्वा शर्मा ने सोमवार को बताया कि सिंगापुर में गायक जुबीन गर्ग की मौत के समय उनके साथ मौजूद आठ लोगों में से सात ने अब तक सीआईडी के समन का जवाब नहीं दिया है।

उन्होंने कहा कि केवल रुपकमल कलिता ने ही जांच दल के बुलावे पर जवाब दिया है। सीएम ने बताया कि रुपकमल कलिता 19 सितंबर को उस यॉट पर मौजूद थे, जहां जुबीन गर्ग की समुद्र में तैरते समय मौत हो गई थी। शर्मा ने कहा कि कलिता मंगलवार को गुवाहाटी पहुंचेंगे और एसआईटी टीम से पूछताछ में शामिल होंगे।




मप्र-असम के बीच होगी वन्य जीव पर्यटन साझेदारी की पहल

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, बांधवगढ़ के गौर चंबल के घड़ियाल असम से करेंगे एक्सचेंज



### चाय बागान में श्रमिकों और बहनों से किया आत्मीय संवाद

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश और असम के बीच वन्यजीवों की अदला-बदली की जाएगी।

बांधवगढ़ नेशनल पार्क से गौर और चंबल सेंचुरी के घड़ियाल असम के काजीरंगा नेशनल पार्क से एक्सचेंज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चाय उद्योग असम का गौरव और अर्थव्यवस्था का प्रतीक है। परिश्रम, अपनत्व एवं सादगी की धरती असम और मध्यप्रदेश के बीच व्यापार-उद्योग के साथ ईको-टूरिज्म, वन्य जीव पर्यटन की दिशा में भी परस्पर सहयोग, विश्वास और साझेदारी को बढ़ाने के लिए विशेष पहल होगी। डॉ. यादव ने असम प्रवास के दौरान रविवार को विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और चाय बागान का भ्रमण के दौरान यह बात कही। उन्होंने बागान में चाय उत्पादन की प्रक्रिया का अवलोकन कर स्थानीय किसानों और श्रमिक बहनों से आत्मीय संवाद भी किया।

### मुख्यमंत्री यादव ने काजीरंगा नेशनल पार्क का किया भ्रमण



### मप्र में दो साल में 70 हाथियों ने घर बनाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज मैं असम के काजीरंगा उद्यान में हाथी और राइनो समेत तमाम प्रकार के वन्यजीवों के संबंध में जानने आया हूं। हमारे यहां भी अब हाथी आ गए हैं। पहले हमारे यहां हाथी नहीं थे। दो साल में 70 से ज्यादा हाथी हमारे यहां बांधवगढ़ और अन्य अभयारण्यों में हैं। ऐसे में जान-माल की रक्षा के साथ ही हाथी के जीवन की रक्षा के लिए काजीरंगा बहुत आदर्श अभयारण्य है। मैं अपने अधिकारियों के साथ यहां आया हूं। मुझे देखकर अच्छा लगा। बहुत बढ़िया प्रबंधन है। यहां से काफी सारी चीजें सीखेंगे।

### हाथियों को स्नेह से गन्ना खिलाकर किया दुलार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीव संरक्षण की मनमोहक झलक देखी एवं हाथियों को स्नेह से गन्ना खिलाकर दुलार किया। उन्होंने यहां वन्यजीवों के संरक्षण संवर्धन के लिए नवाचारों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उद्यान भ्रमण के दौरान अजगर को प्राकृतिक आवास में छोड़ा। उल्लेखनीय है कि काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एक सींग वाले गैंडे सहित पूर्वी हिमालयी जैव विविधता का केन्द्र है। इसे यूनेस्को द्वारा विश्व-धरोहर घोषित किया गया। यह उद्यान हाथियों, जंगली भैंसों, दलदली हिरणों और विभिन्न पक्षी प्रजातियों का आश्रय स्थल है।

इंटरेक्टिव सेशन में जाने-माने उद्योगपतियों ने दिखाई निवेश की रुचि

# हृदय प्रदेश होने के साथ देश का सबसे उपयुक्त निवेश राज्य बना मप्रः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश हृदय प्रदेश होने के साथ संसाधनों की वजह से आज देश का सबसे उपयुक्त निवेश राज्य बन चुका है। उद्योग स्थापित करने के लिए यहां सबसे अधिक सुविधाएं, साधन और संभावनाएं हैं। इसलिए गुवाहटी में आयोजित इन्टरेक्टिव सेशन में जाने-माने उद्योगपतियों ने मप्र की खूबियों को जाना और निवेशकी रूचि दिखाई।

डॉ. यादव ने उद्योपतियों से वन-टू-वन चर्चा कर उन्हें मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। आयुक्त जनसम्पर्क दीपक सक्सेना ने असम राज्य के सभी उद्योगपतियों और औद्योगिक समूहों के प्रतिनिधियों एवं निवेशकों का और आयोजन में सहयोगी शासन-प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सब हमें मध्यप्रदेश में सत्कार और अभिनंदन करने का अवसर दीजिए, मध्यप्रदेश में निवेश जरूर कीजिए। सेशन में मध्यप्रदेश में उपलब्ध निवेश अवसरों और नवीन औद्योगिक नीतियों की जानकारी दी गई। 'मध्यप्रदेश–अनंत संभावना' नामक एक ऑडियो-विजुअल (शॉर्ट प्रोमोशनल फिल्म) का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में असम राज्य के उद्योगजगत से जुड़े प्रमुख उद्यमी, निवेशक, वरिष्ठ अधिकारी और मध्यप्रदेश शासन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने उद्योपतियों से की वन-टू-वन चर्चा, निवेश के लिए किया आमंत्रित




### मध्यप्रदेश बिजली उत्पादन में देश में अग्रणीः डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का बिजली उत्पादन के मामले में देश में एक अलग स्थान है। दिल्ली की मेट्रो ट्रेन मध्यप्रदेश की बिजली से चल रही है। हम ग्रीन एनर्जी प्रोडक्शन की ओर बढ़ रहे हैं। विंड एनर्जी प्रोडक्शन में तो हम आगे हैं हीं, हमारे राज्य में जमीन और पानी पर भी सोलर एनर्जी प्रोडेक्शन प्लांट लगाए गए हैं। मध्यप्रदेश में उद्योग-धंधों और निर्माण इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए हम औद्योगिक इकाई स्थापना, रॉ मटेरियल अवेलेबिलिटी, गुड्स ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी, एक्सपोर्ट, लॉजिस्टिक्स और कुशल श्रम शक्ति उपलब्ध कराने जैसे सभी सेक्टर्स में आगे बढ़कर इन्हें प्रोत्साहन भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के समग्र विकास के लिए सभी राज्यों के मध्य एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा आवश्यक है और तभी हमारा देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत बन पाएगा।

### औद्योगिक विकास का गेट-वे बनेगा आयोजन : धानुका

असम राज्य के फिक्की के अध्यक्ष एवं जीडी धानुका ग्रुप के एमडी डॉ घनश्याम दास धानुका ने असम के कल्चरल आइकॉन स्व जुबीन गर्ग को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यह आयोजन असम और मध्यप्रदेश के लिए देश के साथ दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए औद्योगिक विकास का गेट-वे बनेगा। मध्यप्रदेश निवेशकों और उद्योगपतियों को प्रोत्साहन प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी नेतृत्व से ही हर क्षेत्र में विकास होता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने इस मामले में लीड ले ली है।

### असम-मप्र के बीच कायम होंगे प्रगाढ़ रिश्ते : जॉयदीप

असम के फिक्की के सह-अध्यक्ष एवं बीएमजी इन्फॉर्मेटिक्स प्रालि के निदेशक जॉयदीप गुप्ता ने कहा कि गुवाहाटी में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव और डेलीगेशन का स्वागत है। मध्यप्रदेश देश का दिल है और असम देश के लिए इकॉनॉमिक गेटवे की तरह है। विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए निवेश आधारित यह रोड-शो बेहद अहम साबित होगा तथा इससे दोनों राज्यों के बीच पारदर्शी और प्रगाढ़ रिश्ते कायम होंगे।

### असम के सीएम शर्मा से सौजन्य भेंट...



### इन उद्योगपतियों ने दिखाई रुचि, दिए निवेश प्रस्ताव

गुवाहटी में आयोजित इन्टरेक्टिव सेशन में जिन उद्योगपतियों ने मप्र में रुचि दिखाई और निवेश प्रस्ताव दिए, उनमें चेयरमैन जीईआरडी फार्मास्युटिकल्स एवं चेयरमैन, फिक्की उसम राज्य परिषद डॉ. घनश्याम धनुका ने मध्यप्रदेश में अत्याधुनिक फार्मास्युटिकल एवं हाइजीन उत्पाद निर्माण की स्थापना, लोहिया समूह के चेयरमैन कैलाश चंद्र लोहिया ने प्लास्टिक्स और पैकेजिंग निर्माण, प्रबंध संचालक असम बंगाल नेविगेशन एवं पूर्व अध्यक्ष, फिक्की असम राज्य परिषद आशीष फूकन ने नर्मदा, चंबल आदि प्रमुख नदियों पर ईको लॉज तथा बुटीक रिवर क्रूज परियोजनाओं की शुरूआत और टाइगर रिजर्व एवं संरक्षित क्षेत्रों में सस्टेनेबल हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज के पायलट प्रोजेक्ट्स, बीएमजी इंफॉर्मेटिक्स प्रा लि के सह-अध्यक्ष जॉयदीप गुप्ता ने ईको-रिजॉर्ट और सस्टेनेबल हॉस्पिटेलिटी के साथ ईको-टूरिज्म क्लस्टर्स के विकास, होटल पोलो टावर के हेड प्रशांत गुप्ता ने ईको टूरिज्म, वन्यजीव पर्यटन आदि शामिल है।

भाजपा का विधानसभा सम्मेलन शुरू

# 230 विधानसभा में जीएसटी बचत उत्सव, सरकारी योजनाएं बताएंगे

*आत्मनिर्भर भारत संकल्प के तहत युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चल रही योजनाओं की जानकारी दी जाएगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश भाजपा ने संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से विधानसभा सम्मेलन आज से शुरू किए हैं।

इन सम्मेलनों में विशेष रूप से जीएसटी बचत उत्सव और आत्मनिर्भर भारत संकल्प से जुड़ी जानकारियां साझा की जा रही हैं। प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में यह सम्मेलन चरणबद्ध तरीके से आयोजित किए जा रहे हैं। भाजपा संगठन का कहना है कि इन सम्मेलनों का उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को ऐसी योजनाओं की जानकारी देना है, जिनसे आम लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है, ताकि वे इन योजनाओं को जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचा सकें। इन सम्मेलनों में कुछ स्थानों पर सांसद और विधायक भी शामिल होंगे। यह सम्मेलन आज से शुरू होकर 15 अक्टूबर तक होंगे। सम्मेलनों में विशेषज्ञ और पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को बताएंगे कि जीएसटी बचत उत्सव के तहत कर व्यवस्था में पारदर्शिता आई है और उपभोक्ताओं को वस्तुओं व सेवाओं पर समान कर का लाभ मिला है। इसके साथ ही राज्य की आय में बढ़ोतरी से विकास कार्यों के लिए नए संसाधन उपलब्ध हुए हैं। छोटे व्यापारियों और उद्यमियों के लिए भी जीएसटी ने कारोबार को सरल और सुविधाजनक बनाया है।

### लाभार्थियों के अनुभव साझा किए जाएंगे...

इन सम्मेलनों में आत्मनिर्भर भारत संकल्प के तहत युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चल रही योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसमें केंद्र एवं मध्य प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी भी इसमें दी जाएगी। सम्मेलन में इन योजनाओं के लाभार्थियों के अनुभव भी साझा किए जा रहे हैं, ताकि कार्यकतार्ओं को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से योजनाओं की प्रभावशीलता समझाई जा सके।

### एक हजार कार्यकर्ताओं का दिया टारगेट

भाजपा संगठन ने तय किया है कि हर विधानसभा क्षेत्र में सम्मेलन के माध्यम से कम से कम एक हजार कार्यकर्ताओं तक इन योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जाएगी। कार्यकर्ताओं को यह भी बताया जा रहा है कि वे कार्यक्रमों के तहत बूथ स्तर पर जनता को योजनाओं के लाभ और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दें।

गुढ़ियारी में हनुमंत कथा में आज भी लगेगा दिव्य दरबार

# पत्थरबाजी जैसी घटनाओं पर जमकर गरजे शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के दही हांडी उत्सव स्थल गुढ़ियारी में जारी हनुमंत कथा के चौथे दिन यानी सात अक्टूबर मंगलवार को भी दिव्य दरबार लगेगा। हाल ही में हुई पत्थरबाजी की घटनाओं पर बागेश्वर धाम सरकार आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का कहना है कि विदेशी ताकतों द्वारा पूरे भारत में हिंदुओं को डराने का प्रोपेगैंडा फैलाया जा रहा है।

होली, दुर्गा प्रतिमा और राम जुलूस पर पत्थरबाजी हिंदुओं को डराने की सबसे बड़ी प्रायोजित साजिश है। ये सबसे बड़ा ट्रेंड बन गया है। इसलिए हम हिंदुओं का डर दूर करने और हिंदुओं को जगाने के लिए पूरे देश में पदयात्रा कर रहे हैं। 'हिंदुओ अब तुम माला और भाला अपने साथ रखो। बागेश्वर धाम सरकार आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कहते हैं कि मुझे आई लव मुहम्मद में कुछ गलत नहीं लगता। 'मुझे महादेव से प्रेम है' में भी कुछ गलत नहीं होना चाहिए। लेकिन अगर आप 'सर तन से जुदा' का नारा लगाएंगे तो न कानून आपको छोड़ेगा और न ही हिंदू।



### छत्तीसगढ़ हिंदुत्व और राम की भूमि

*बागेश्वर धाम सरकार आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ विजय, मातृभूमि के प्रति समर्पण, हिंदुत्व और राम की भूमि है। छत्तीसगढ़ में हालात बदल रहे हैं। हिंदुत्व की विचारधारा के प्रसार के कारण धर्मांतरण पर अंकुश लग रहा है। आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ पहला राज्य बन सकता है, जहां गांव-गांव में धर्मांतरण के खिलाफ आवाज उठेगी और धर्मांतरण रुकेगा। नक्सलवाद छत्तीसगढ़ की छवि पर सबसे बड़ा धब्बा है, जो जल्द ही धुलने वाला है। उन सभी जवानों को बहुत-बहुत बधाई जो बिना किसी डर के अपनी जान जोखिम में डालकर पूरी दृढ़ता के साथ नक्सलियों का सामना कर रहे हैं। धीरे-धीरे छत्तीसगढ़ पर लगा यह दाग धुल जाएगा।*

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास पर मिले मुख्यमंत्री साय

# नए पोतों या जहाजों का नाम छग की नदियों पर रखा जाए: रक्षामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास पर मुलाकात की। बैठक में बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार, रक्षा क्षेत्र के विकास, पूरे प्रदेश में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन एवं नौसैनिक पोतों के नामकरण जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य की सांस्कृतिक पहचान और गौरवशाली परंपराओं का जिक्र करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की नदियां- इंद्रावती, महानदी केवल जलस्रोत नहीं, बल्कि प्रदेश की आत्मा हैं।

उन्होंने सुझाव दिया कि रक्षा मंत्रालय जब भी नए नौसैनिक पोतों या जहाजों को लॉन्च करें, तो उनमें से कुछ का नाम छत्तीसगढ़ की नदियों और क्षेत्रों के नाम पर रखे जाएं। जैसे-आईएनएस इंद्रावती, आईएनएस महानदी या आईएनएस बस्तर। यह न केवल प्रतीकात्मक रूप से सुंदर होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरव बढ़ेगा। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह विचार भारत की विविधता और एकता को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय इस पहल पर गंभीरता से विचार करेगा और उपयुक्त अवसर पर इसे लागू किया जाएगा।



### आज कल के युवाओं में सेना के प्रति उत्साह

*मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सेना में भर्ती होने के प्रति युवाओं में विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं में अनुशासन, शारीरिक क्षमता और देशभक्ति की भावना है। इस आधार पर उन्होंने रक्षा मंत्री से आग्रह किया कि पूरे प्रदेश में विशेष सेना भर्ती रैलियां आयोजित कराई जायें। जिससे युवाओं को अपने ही प्रदेश में देश सेवा का अवसर मिल सके। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री के इस आग्रह का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश के हर कोने से योग्य युवाओं को सेना में जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पूरे प्रदेश में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति के तहत रक्षा और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण को प्रोत्साहन देने की योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन के अनुरूप है और इससे छत्तीसगढ़ में उच्च तकनीकी प्रशिक्षण, अनुसंधान और निजी निवेश के अवसर बढ़ेंगे।*

### रक्षा क्षेत्र से संबंधित विकास कार्य कराने का अनुरोध

मुख्यमंत्री साय ने बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अवगत कराया कि बिलासपुर में रक्षा मंत्रालय की भूमि है। इस भूमि को उन्होंने बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यहां रक्षा क्षेत्र से संबंधित विकासात्मक कार्य भी शुरू करने का आग्रह किया। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

# दिग्विजय ने कहा, सत्ताधारी दल के नेताओं के आगे इंदौर पुलिस बेबस

### इंदौर पुलिस द्वारा मांगा समय आज होगा खत्म, अब जाएंगे कोर्ट

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

इंदौर के शीतला माता मार्केट इलाके में मुस्लिम वर्ग के कर्मचारियों को दुकानों से हटाने और दुकानें खाली कराने के मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को चिट्ठी लिखी है।

उन्होंने अपनी चिट्ठी में भारतीय न्याय संहिता की उन धाराओं को बताया है, जिनके तहत ऐसे मामलों में केस दर्ज किया जा सकता है। दिग्विजय ने लिखा कि पुलिस ने कार्रवाई के लिए 15 दिन का समय मांगा था, उसकी समय सीमा 6 अक्टूबर को खत्म हो रही है। यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे कोर्ट जाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा कि इंदौर में 27 सितम्बर को मैंने एक तटस्थ स्थान पर पीड़ित और प्रताड़ित व्यापारियों के साथ बैठक कर इस घटनाक्रम की वस्तुस्थिति जानी थी। दिग्विजय ने लिखा कि मध्यप्रदेश पुलिस की खुफिया शाखा के माध्यम से आपको भी इस घृणित घटनाक्रम का पता चल गया होगा। सत्ताधारी दल के नेताओं के सामने इंदौर पुलिस किस कदर बेबस है।

# मधुमक्खियों ने किया ग्रामीणों पर हमला, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र के पंडरीपानी में रहने वाले दो बच्चे और एक युवक गाय चराने के लिए जंगल गए हुए थे। जहां अचानक इन ग्रामीणों के ऊपर मधुमक्खी ने हमला कर दिया।

किसी तरह से तीनों अपनी जान बचाकर वहां से भाग कर आ गए, जहां उन्हें बेहतर उपचार के लिए मेकाज लाया गया है। मामले की जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि पंडरीपानी निवासी सुशिला 14 वर्ष, दीपशिखा 9 वर्ष व नड़गु 35 घर की गाय चराने के लिए सोमवार की सुबह जंगल गए हुए थे।



परपरा थाना क्षेत्र के पंडरीपानी के रहने वाले हैं सभी घायल

अचानक किसी ने जंगल में बने मधुमक्खी के छाते में पत्थर मार फरार हो गए थे, जिस कारण जैसे ही ये तीनो जंगल में पहुंचे की अचानक से मधुमक्खी ने उन तीनों पर हमला कर दिया, जिसकी वजह से सभी घायल हो गए। घायलों को बेहतर उपचार के लिए मेकाज लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

राष्ट्रपति को छग के विकास कार्यों से कराया अवगत

# राष्ट्रपति मुर्मू से मिले मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति मुर्मू को छत्तीसगढ़ आने के लिये आमंत्रित किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री साय को



छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राज्य के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और प्रदेश की निरंतर प्रगति और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति मुर्मू को अवगत कराया कि वर्ष 2025 छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

स्वयंसेवकों ने समय-समय पर युद्ध, राम जन्मभूमि आंदोलन, गो-संरक्षण, कोविड-19 राहत कार्य में महती भूमिका निभाई

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघः राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का वाहक



प्रो. सीसी त्रिपाठी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्षों की यात्रा एक छोटे से पौधे से एक विशाल वट वृक्ष बनने तक की कहानी है, जो संगठन की दृढ़ता, समर्पण और राष्ट्रीय सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

27 सितंबर 1925, नागपुर के एक छोटे से मैदान पर डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार ने मात्र पांच बालकों के साथ एक ऐतिहासिक शाखा प्रारंभ की। उस दिन किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि यह छोटी सी शुरुआत एक दिन विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन में परिवर्तित हो जाएगी। आज लगभग 70 हजार से अधिक दैनिक शाखाओं के साथ संघ 60 देशों में सक्रिय है। अनेक स्वयंसेवकों ने




1942 के भारत छोड़ो आंदोलन और अन्य आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई। विभाजन के समय संघ ने शरणार्थियों की सेवा कर अपनी संगठन क्षमता का परिचय दिया, जिसे सरदार पटेल ने भी सराहा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सामाजिक सेवा यात्रा शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और राष्ट्र निर्माण के विविध क्षेत्रों में फैली हुई है। संघ की संगठनात्मक कार्यविधि शाखा प्रणाली, स्तरीय संरचना, प्रशिक्षण शिविरों और प्रचारक व्यवस्था पर आधारित है। शाखा इसकी मूल इकाई है, जहां स्वयंसेवकों का शारीरिक, बौद्धिक और चारित्रिक विकास होता है। आरएसएस सामाजिक समरसता, सेवा कार्य और भौगोलिक विस्तार की रणनीति अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देता है। इसका निर्णय तंत्र सामूहिक सहमति पर आधारित होता है और अनुशासन, सेवा भाव तथा राष्ट्रभक्ति इसके मूल मूल्य हैं।

संघ परिवार के अंतर्गत कई संगठनों का विकास हुआ है, जिससे यह संगठन भारतीय सामाजिक जीवन का सशक्त आधार बन चुका है। आज, आरएसएस एक विशाल संगठन है, जो पूरे भारत एवं विदेशों में भी काम कर रहा है। संगठन ने अपने कार्यों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आरएसएस के स्वयं सेवकों ने समय-समय पर युद्ध, सुनामी, गो-संरक्षण, कोविड-19 राहत कार्य, राम जन्मभूमि आंदोलन में महती भूमिका निभाई है। 2025 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण, आत्मनिर्भरता और पारिवारिक मूल्यों पर देशव्यापी अभियान के साथ शुरू किया गया, जो निःसंदेह भारत के विकसित भारत बनने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

(लेखक एनआईटीटीटीआर भोपाल के निदेशक हैं)

## केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार रहे मुख्य अतिथि

# अनुभव, संस्कृति और ज्ञान के जीवंत स्रोत होते है वृद्धजन

जबलपुर।

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा राज्य शासन के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में यहाँ राइट टाउन स्थित मानस भवन में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता तथा उनके योगदान के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से आयोजित किये गये राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकी, विधायक डॉ अभिलाष पांडे, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, सयुंक्त सचिव समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार मती मोनीली पी धकाते, प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व निःशक्तजन आयुक्त मध्यप्रदेश संदीप रजक सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने कार्यक्रम स्थल पर लगाये गये स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में विवेचना रंगमंच द्वारा "जैसी करनी वैसी भरनी" नामक नाटक का मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में बच्चों और बुजुर्गों ने एक साथ नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों और बुजुर्गों की पत्र लेखन, स्लोगन, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों की कैटवॉक का आयोजन भी हुआ, जिसने कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह का नया रंग भर दिया। वहीं, दिल्ली के अस्मिता थिएटर ग्रुप ने "बुढ़ापा" शीर्षक नाट्य प्रस्तुति दी, जिसका निर्देशन अरविंद गौड़ ने किया था। इस नाटक में 30 कलाकारों के समूह ने भाग लिया और वृद्धावस्था की वास्तविकताओं को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत उत्तराखंड के चेतवारी नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस नृत्य ने दर्शकों को लोक परंपरा, संगीत और सामूहिकता की भावना से भर दिया। इस अवसर पर बच्चों और बुजुर्गों ने एक साथ राईट टाऊन स्टेडियन में आयोजित वॉकथॉन में भी सहभागिता की। स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन करने कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल भी लगाये गये । केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार, प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश सिंह एवं नारायन सिंह कुशवाह ने वृद्धजनों का सम्मान भी इस कार्यक्रम में किया।



### बुजुर्गों का अनुभव, संस्कृति और ज्ञान का जीवंत स्रोत : कुशवाह

कार्यक्रम में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायन सिंह कुशवाह ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि ऐसे आयोजन समाज में पीढ़ियों के बीच जुड़ाव और संस्कृति को सहेजने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में बुजुर्गों का स्थान पूजनीय है, वे हमारे अनुभव, संस्कृति और ज्ञान के जीवंत स्रोत हैं।मंत्री कुशवाह ने कहा कि हमें बुजुर्गों के अनुभवों से सीख लेकर समाज में नई पीढ़ी को सही दिशा देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार लगातार वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए योजनाएं चला रही है, ताकि उन्हें सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन मिल सके।कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राज्यसभा सदस्य मती सुमित्रा बाल्मीकि ने कहा कि वो पीढ़ी बहुत भाग्यशाली है जो अपने बड़ों के साथ रहती हैं, क्योंकि उनके अनुभव अनमोल होते हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारे बरगद की जड़ों की तरह हैं जो स्थिरता और संस्कार देते हैं। हमें 'मैं और मेरे बच्चे' की जगह 'हम और हमारा परिवार' की सोच अपनानी चाहिए। जब 'मैं' की जगह 'हम' आता है, तो परिवार अपने आप खुशहाल हो जाता है।

# कानफोड़ू डीजे वालों पर पुलिस का शिकंजा, तीन एफआईआर, तीनों ट्रक जब्त

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में धार्मिक जुलूसों के नाम पर कानफोड़ डीजे बजाने वालों की अब खैर नहीं। ध्वनि प्रदूषण फैलाने और शांति भंग करने वालों पर पुलिस ने सख्त रवैया अपनाते हुए तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं। कार्रवाई में तीन ट्रक जब्त किए गए हैं, वहीं डीजे संचालक और वाहन चालकों को आरोपी बनाया गया है।

**घमापुर और लार्डगंज पुलिस ने की कार्रवाई, संचालक और चालक बने आरोपी**

### केस-1

पहला मामला घमापुर थाना क्षेत्र का है, जहां रविवार रात झामनदास चौक के आगे गोपाल होटल की ओर तेज आवाज में डीजे बजाकर माहौल बिगाड़ा जा रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पाया कि ट्रक चालक 29 वर्षीय करन लोधी निवासी वर्धा पड़रिया, थाना पनागर और डीजे ऑपरेटर 24 वर्षीय साहिल गोटिया निवासी बरझाई बिना किसी अनुमति के डीजे बजा रहे थे। पुलिस ने ट्रक क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 2974 और ध्वनि विस्तारक यंत्र जब्त कर दोनों के खिलाफ कोलाहल अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

### केस-2

दूसरा मामला लार्डगंज थाना क्षेत्र का है, जहां भटौली कुण्ड विसर्जन जुलूस के दौरान मिनी ट्रक एमपी 20 जेड पी 3521 में 16 बड़े बॉक्स, 8 ट्यूटर और 6 एम्पलीफायर लगा डीजे कानफोड़ आवाज में बजाया जा रहा था। संचालक 22 वर्षीय विशाल मलिक निवासी काकू डीजे प्रेसागर कोई अनुमति नहीं दिखा सका। पुलिस ने पूरा डीजे सेटअप जब्त करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की।

### केस-3

तीसरा मामला कछपुरा चौक का है, जहां देर रात महाकाली विसर्जन जुलूस में मिनी ट्रक एमएच 40 सीएम 5605 पर 32 बॉक्स से गूंजता डीजे धार्मिक नगरी को दहलाने लगा। संचालक 27 वर्षीय सम्राट प्रधान निवासी शास्त्री नगर को पकड़कर पुलिस ने ट्रक सहित पूरा सिस्टम जब्त किया।



### इनका कहना है-

धार्मिक आयोजनों की आड़ में शोरगुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ध्वनि सीमा लांघने वालों पर अब सीधी कार्रवाई होगी, चाहे आयोजन कोई भी हो।

**-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान**



# मेडिकल स्टोर्स का अनुविभागीय दंडाधिकारियों ने किया निरीक्षण

जबलपुर।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में प्रतिबंधित कफ सिरप की जांच करने राजस्व अधिकारियों एवं स्वास्थ विभाग के अधिकारियों ने कई दवा दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसी भी दवा दुकान में प्रतिबंधित कफ सिरप का स्टॉक नहीं पाया गया। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसीलदार अधारताल आदर्श जैन द्वारा औषधि निरीक्षण देवेन्द्र पटेल के साथ दवाबाजार स्थित भार्गव मेडिकल एंटरप्राइजेस एवं शास्त्रि ब्रिज स्थित संजय मेडिकल एजेंसी का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार सिहोरा में तहसीलदार जगभान सिंह उइके के नेतृत्व में सात मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया तथा कुंडम में विकासखंड स्वास्थ अधिकारी ने कुंडम स्थित सभी मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने राजस्व एवं स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को जिले में स्थित मेडिकल स्टोर्स का निरंतर निरीक्षण करने के तथा प्रतिबंधित कफ सिरप पाये जाने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

# त्यौहारों के पूर्व सभी प्रमुख सड़कों के पैंचवर्क कार्य करा लिये जायेगें पूर्ण

जबलपुर।

दीपावली एवं छठपूजा की तैयारियों को लेकर नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार शहर भर में तेजगति से पैंचवर्क के कार्य कराये जा रहे हैं। निगमायुक्त अहिरवार ने बताया कि बारिश में क्षतिग्रस्त सभी प्रमुख सड़कों की मरम्मत का कार्य तेजी से उच्चगुणवत्ता के साथ कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिविल लाइन, सांई मंदिर, इलाहाबद बैंक चौराहा, के साथ-साथ अन्य संभागों के अंतर्गत मशीनरी संशाधन लगाकर पैंचवर्क के कार्य कराये जा रहे हैं। महापौर एवं निगमायुक्त ने लोककर्म विभाग के सभी मुख्यालय स्तर एवं संभाग स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पैंचवर्क के कार्यो में और अधिक तेजी लाएँ और त्यौहारों के पूर्व हरहाल में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराई जाये, ताकि नागरिक सुरक्षित तरीके से शहर में आवागमन करें।



पैंचवर्क के कार्यो की प्रगति की जानकारी देते हुए अधीक्षण यंत्री कमलेश वास्तव, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा ने बताया कि संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत सिविल लाइन स्थित होमगार्ड ऑफिस के सामने एवं अन्य संभागों में त्यौहारों को देखते हुए पैंचवर्क के कार्य निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जा रहे हैं। पैंचवर्क के कार्यो पर लगातार निगरानी भी की जा रही है और कार्यो में गति प्रदान करने टीम के सदस्यों को सही दिशा निर्देश भी प्रदान किये जा रहे हैं, जिसके कारण कार्यो में तेजी आई हैं।

उन्होंने बताया कि त्यौहारों में आम नागरिकों को आवागमन करने में कोई असुविधा नहीं होगी। मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि त्यौहारों के पूर्व ही शहरी क्षेत्र के सभी बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत हरहाल में पूर्ण करा ली जायेगी।

# कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों को कार्यालय आते और जाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य

जबलपुर। कलेक्ट्रेट में पदस्थ कर्मचारियों एवं समस्त स्टाफ को दो पहिया वाहन से कार्यालय आते और जाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में जारी आदेश में मध्यप्रदेश मोटर यान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का तथा केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया गया है कि कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ सभी कर्मचारियों को दो पहिया वाहन से कलेक्ट्रेट परिसर में आते और जाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनना होगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी किये गये इस आदेश का सभी कर्मचारियों और स्टाफ को अनिवार्य रूप से पालन करने की हिदायत दी गई है। आदेश में कहा गया है कि ओमती पुलिस द्वारा समय-समय पर हेलमेट चेकिंग अभियान भी चलाया जायेगा।

# शिवपुरी के जज पर टिप्पणी के मामले में रिकार्ड मुहैया कराने के निर्देश

**हाई कोर्ट की खंडपीठ के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट में दायर करनी है विशेष अनुमति याचिका**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने शिवपुरी के जज के विरुद्ध एकलपीठ के न्यायाधीश द्वारा की गई टिप्पणी के मामले में संबंधित प्रकरण का रिकार्ड मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की डिवीजन बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को नियत कर दी है। दरअसल, हाई कोर्ट की ग्वालियर बेंच की एकलपीठ द्वारा शिवपुरी जिले के सत्र न्यायाधीश के विरुद्ध की गई टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए युगलपीठ ने हाई कोर्ट को सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर करने के निर्देश दिए थे। संज्ञान याचिका की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट की तरफ से बताया गया कि संबंधित प्रकरण का रिकार्ड अभी तक उन्हें नहीं मिला है। यह जानकारी अभिलेख पर लेते हुए सीजे की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने हाई कोर्ट को रिकार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश जारी कर दिए।

### यह था एकलपीठ का आदेश

उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट की ग्वालियर बेंच की एकलपीठ ने कथित धोखाधड़ी के आरोपितों के द्वारा दायर दो अलग-अलग ज़मानत अर्जियों पर विचार करते हुए कहा था कि इस आदेश की एक प्रति हाई कोर्ट, जबलपुर के प्रधान रजिस्ट्रार (सतर्कता) को भेजी जाए और उसे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया जाए ताकि शिवपुरी के प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विवेक शर्मा) के विरुद्ध जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुमति मिल सके, जिन्होंने मामले के तथ्यों पर विचार किए बिना और



# इंजीनियरिंग कॉलेज में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

**जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जबलपुर महानगर ने सोमवार को जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रदर्शन करते हुए प्राचार्य महोदय को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

इस ज्ञापन के माध्यम से परिषद् ने महाविद्यालय परिसर में व्याप्त गंभीर समस्याओं, शिक्षकों द्वारा छात्राओं के प्रति अनुचित व्यवहार, शैक्षणिक अनियमितताओं तथा छात्राओं के साथ हो रही अभद्र घटनाओं के संबंध में तत्काल कार्यवाही की माँग की।

ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय के अतिथि शिक्षक देवेन्द्र दुबे द्वारा लगातार छात्राओं के साथ अभद्र एवं आपत्तिजनक व्यवहार किया जा रहा है। शिकायतों के अनुसार, शिक्षक द्वारा अनुचित टिप्पणियाँ करना, कपड़ों पर टिप्पणी करना, छात्राओं का पीछा करना तथा उन्हें संदेश भेजना जैसी गंभीर गतिविधियाँ की जाती हैं, जो न केवल अनुशासनहीनता का उदाहरण हैं बल्कि छात्राओं की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाला अपराध भी है।

इसके साथ ही आरोप लगाया गया कि देवेन्द्र दुबे द्वारा जातिगत भेदभाव किया जा रहा है और वे विद्यार्थियों को उनकी जाति अथवा अपनी व्यक्तिगत पसंद के आधार पर अंक प्रदान करते हैं।

एबीवीपी ने यह भी उल्लेख किया कि एच.ओ.डी. और प्रोफेसर पर परीक्षाओं में धाँधली करने के आरोप लगे हैं, जिसमें पैसों के लेन-देन की बात भी सामने आई है, यह अत्यंत गंभीर विषय है और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

साथ ही यह भी बताया गया कि जिन्होंने इन घटनाओं की शिकायत की थी, उन छात्राओं पर विभागाध्यक्ष द्वारा दबाव बनाया जा रहा है कि वे अपनी शिकायतें वापस लें। यह कार्यवाही न केवल गलत है बल्कि छात्रों की सुरक्षा भावना को कमजोर करने वाला कदम है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के महानगर मंत्री आर्यन पुंज ने कहा कि "जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में इस प्रकार की अनियमितताएँ और छात्राओं के साथ अनुचित व्यवहार अत्यंत निंदनीय है। यदि प्रशासन शीघ्र आवश्यक कार्यवाही नहीं करता, तो एबीवीपी विद्यार्थियों के भविष्य और महाविद्यालय की गरिमा की रक्षा हेतु उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होगी। परिषद् किसी भी स्थिति में छात्र हितों से समझौता नहीं करेगी।

इस दौरान परिषद् के महानगर मंत्री आर्यन पुंज, ऐश्वर सोनकर,अंचल मिश्रा, अक्षत ताम्रकार ,आशुतोष पटेल, दिव्यांक पचौरी, प्रफुल तिवारी, भास्कर पटेल , सार्थक तिवारी , आदित्य सिनोदिया यश पटेल ,आयुष कोष्टा, आराध्य निगम उपस्थित रहे ।

**मंत्री सिंह ने किया कर्मचारी एवं नियोक्ता जागरूकता सेमिनार का शुभारंभ**

# विकास के संपूर्ण इकोसिस्टम में सामाजिक इकोसिस्टम भी है आवश्यक

**लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह होम साइंस कॉलेज में आयोजित प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कर्मचारी एवं नियोक्ता जागरूकता सेमिनार का शुभारंभ कर संबोधित किया।**

**जबलपुर।** मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि विकसित भारत के मार्ग में रोजगार सृजन एक मजबूत स्तंभ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित यह योजना देश की अर्थव्यवस्था को "रोजगार-सृजन केंद्रित विकास" की दिशा में आगे बढ़ाएगी। उन्होंने विकास के संपूर्ण इकोसिस्टम के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि हम सभी विकसित भारत अभियान का हिस्सा हैं। हर एक कदम विकास के उस इकोसिस्टम को बढ़ाने में सफल रहा है, जिससे लोगों की मानसिकता बदली है। जिससे रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं तथा कर्मचारी व नियोक्ताओं के बीच समंजस्य बना है। मंत्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और जब कभी भी ग्रेडिंग होगी तो भारत एक विकसित देश की श्रेणी में होगा। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता के इकोसिस्टम के बारे में बात करते हुए कहा कि जब स्वच्छता की बात करते हैं तो उसका हिस्सा अवश्य बनना चाहिये। देश गांधीजी के प्रति श्रद्धा रखता है, क्योंकि गांधीजी स्वच्छता के प्रति काफी सजग और संवेदनशील थे। स्वच्छता के प्रतीक व नारे के संबंध में देश-भर में प्रतियोगिता हुई, जिसमें गांधीजी के चश्मे को स्वच्छता के लोगो के रूप में ली गई तथा एक कदम स्वच्छता की ओर को नारा बनाया गया। विकसित भारत बनाने के लिए स्वच्छता बहुत आवश्यक है, इसलिये इसे अपनायें। उन्होंने सामाजिक इकोसिस्टम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर अंतरपीढ़ी संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें पीढियों के मिलन की कल्पना की गई थी। उन्होंने कहा कि समय कितनी तेजी से बदला है कि नई पीढ़ी के पास बुजुर्गों को समय देना मुश्किल हो रहा है, अतः ऐसे संस्कार विकसित करें जिससे परिवार व समाज में अपनत्व का भाव रहे। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम से आये वरिष्ठजनों में खुशी की झलक दिख रही थी। उन्होंने विकास के संपूर्ण इकोसिस्टम के बारे में बड़े ही सार्गर्भित जानकारी दी। सेमिनार में भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ईपीएफओ के पदाधिकारीगण, उद्योगपति, होम साइंस कॉलेज के प्राचार्य सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट से भी जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ की जीत कायम

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट मे महाकोशल रीजन क्रिकेट एसोसिएशन विरुद्ध जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। जिसमें जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ को बड़ी राहत मिली। महाकोशल रीजन क्रिकेट एसोशियेशन ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा 31 जुलाई, 2025 को पारित आदेश को चुनौती देने के लिए विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। लेकिन सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने कोर्ट का अवगत कराया कि पक्षकार याचिका वापस लेना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की युगलपीठ ने याचिकाकर्ता को अनुमति देते हुए याचिका को वापस करते हुए निरस्त कर दिया गया। इस तरह जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ को हाई कोर्ट से मिली जीत सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रखी है। मामले मे महाकोशल रीजन क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा जबकि जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल ने पक्ष रखा। इस निर्णय के साथ जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ की कानूनी जीत पर अब अंतिम मोहर लग गई है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर भव्यता से मना विजयादशमी उत्सव

# शस्त्र पूजन एवं पथसंचलन से दिखाई ताकत

हरिभूमि जबलपुर।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष (1925–2025) के उपलक्ष्य में देशभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में विजयादशमी उत्सव का आयोजन इस वर्ष विशेष रूप से शताब्दी वर्ष की शुरुआत के रूप में मनाया गया। संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार द्वारा की गई थी। तब से लेकर आज तक संघ निरंतर राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण हेतु सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर जबलपुर के कृषि भाग अंतर्गत सातों नगरों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें शस्त्र पूजन, पथसंचलन, और बौद्धिक सत्र प्रमुख रूप से सम्मिलित थे।

कार्यक्रम में वक्ता विजयनगर, एसबीआई चौक, नेक्टर लॉन में मुख्य वक्ताः अखिलेंद्र, विभाग सहकार्यवाह हनुमान नगर, शासकीय विद्यालय तमरहाई में मुख्य वक्ताः नितेश, प्रचारक दीनदयाल नगर, जेडीए ग्राउंड, दमोह नाका में मुख्य वक्ताः आनंद, विभाग प्रचारक जयप्रकाश नगर, सरस्वती शिशु मंदिर अधारताल में मुख्य वक्ताः आत्माराम कृषि नगर, शुभ मैरिज गार्डन, सुहागी में मुख्य वक्ताः सुरेन्द्र मणि त्रिपाठी, क्षेत्र धर्म संयोजक विवेकानंद नगर, श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज ऑडिटोरियम में मुख्य वक्ताः डॉ. जितेन्द्र जामदार ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार संघ ने समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि संघ द्वारा तैयार किए गए स्वयंसेवक आज रक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, प्रशासन, और समाज सेवा जैसे अनेक क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

### समरसता और पंचशील पर विशेष बल

कृषि नगर सुहागी में आयोजित बौद्धिक सत्र में क्षेत्र धर्म संयोजक श्री सुरेन्द्र मणि त्रिपाठी ने पंचशील के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज को इन सिद्धांतों को समझकर अपनाने की आवश्यकता है, जिससे समाज में समरसता, प्रेम, प्रतिबद्धता और आपसी सहयोग का भाव विकसित हो सके।

### उल्लेखनीय भागीदारी

विजयादशमी के इस ऐतिहासिक उत्सव में नगरवासियों की भारी भागीदारी रही। संघ के स्वयंसेवकों ने पारंपरिक गणवेश में अनुशासनपूर्ण पथसंचलन किया, वहीं शस्त्र पूजन के माध्यम से राष्ट्ररक्षा, शक्ति और संस्कृति के प्रतीकात्मक महत्व को रेखांकित किया गया।

# शरद पूर्णिमा महोत्सव सम्पन्न



**जबलपुर।** श्रीदुर्गा हनुमान मंदिर समिति सरस्वती कॉलोनी चेरीताल के तत्वावधान में मातृशक्ति भजन मंडल द्वारा आज गोधूलि बेला में मंदिर परिसर में शरद पूर्णिमा महोत्सव पर भजन निशा सम्पन्न हुई। जिसका शुभारंभ आदिशक्ति जगदम्बिके माँ, वृंदावन बिहारी लाल जी, श्रीकृष्ण, श्रीरामचन्द्र जी, माँ नर्मदा मैया, भोले नाथ, पवनपुत्र हनुमानजी महाराज को खीर प्रसाद भोग अर्पण के साथ शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मातृशक्तियाँ आध्यात्मिक परिधान में सुसज्जित दीपों से मंगल महाआरती में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन अमृत प्रसाद वितरण से हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष देवेंद्र नेमा, राजेश शर्मा, पं.वीरेंद्र दुबे, प्रभा शर्मा, पदमा तिवारी, निधि बबेले, अनिता शर्मा, उर्मिला गुप्ता, श्यामा साहू, विनीता खरे, मधु विश्वकर्मा, माधवी विश्वकर्मा, क्रांति पटेल, शकुन, तुलसा खरे, उर्मिला अग्रवाल, सुनील ताम्रकार, अंकित बिल्थरिया, अभिषेक विश्वकर्मा, ईशान साहू, अंश अहिरवार आदि अनेक जन उपस्थित रहे।

# नगर परिषद मझौली के वार्डों में नहीं आ रहा पीने का पानी, वार्डवासी परेशान



**मझौली।** नगर परिषद मझौली के वार्ड क्रमांक 1, 2, 3 और 4 के रहवासी बीते 15 दिनों से पीने के पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। क्षेत्र में पहले नियमित रूप से नर्मदा जल की आपूर्ति की जाती थी, लेकिन पिछले पंद्रह दिनों से अचानक यह बंद कर दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर परिषद मझौली में शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन परिषद के जिम्मेदार कर्मचारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे नाराज लोगों में आक्रोश व्याप्त है। वार्ड क्रमांक 3 की निवासी श्रीमती हेमलता कोस्टा, रवि, सुरेश, पवन सहित अन्य वार्डवासियों ने बताया कि नर्मदा जल योजना के तहत पूरे नगर में पानी की सप्लाई हो रही है, लेकिन उनके वार्डों में पिछले 15 दिनों से यह सेवा बंद है। पानी की सप्लाई बंद होने के चलते लोगों को मजबूरी में बोरवेल का पानी पीना पड़ रहा है, जिससे कई लोगों की तबीयत भी बिगड़ने लगी है। पेट दर्द, बदहजमी जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से तत्काल नर्मदा जल की आपूर्ति बहाल करने की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही समाधान नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे।

# बरेला में मनाई गई अजमीढ देव भगवान की जयंती



**बरेला।** अनिल सोनी के निवास स्थान पर स्वर्णकार समाज द्वारा अजमीढ देव जी की जयंती मनाई गई। प्रथम चरण में भगवान अजमीढ देव की पूजन अर्चन की गई ।फिर नगर के सभी स्वर्णकार बंधुओ और पदाधिकारी ने समाज को ऊंचाई प्रदान करने के लिए अपने-अपने विचार रखें जयंती में बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं बच्चों सहित स्वजातीय बंधु शामिल रहे ।कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त कर प्रसाद वितरण किया गया।

# तीन दिवसीय ट्राइबल फैशन शो का आज हुआ समापन



**बरेला।** मंगलायतन विश्वविद्यालय जबलपुर ऑडिटोरियम में GSPA डेवलपमेंट फाऊंडेशन के द्वारा तीन दिवसीय ट्राइबल फैशन शो कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जो कि दिनांक-3,4 और 5 अक्टूबर को रखा गया था।आज इस कार्यक्रम का अंतिम दिवस रहा यह कार्यक्रम हमारे आदिवासी संस्कृति के पहनावे और हमारे रिवाज को दिखाने के उद्देश्य किया गया था। जिसमें मंगलायतन विश्वविद्यालय ने अपना पूर्ण सहयोग और आदिवासी छात्रों के प्रोत्साहन के लिए अपना कदम आगे बढ़ाया। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत रिछाई के सरपंच आशीष शुक्ला जी के द्वारा किया गया।आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री आर.के. ठाकुर (जॉइंट कमिश्नर जीएसटी),एड. विक्रम परते जी( समाजसेवी), विशिष्ट अतिथि - वेद प्रकाश कुलस्ते, योगीराज इरपाचे , मुकेश वट्टी , इस कार्यक्रम को ऑर्गेनाइज GSPA डेवलपमेंट फाउंडेशन के द्वारा किया गया था। जो की जबलपुर में प्रथम बार किसी संस्था के द्वारा प्रयास किया है। इस संस्था के निदेशक- श्री गौरी शंकर धुर्वे जी , चैयरमेन-अंशुल शाह मरकाम, मुख्य सचिव - श्री एच.एल. मार्को जी, इस प्रोग्राम के कोऑर्डिनेटर- साक्षी यादव, क्राइस्ट (इक्का), श्री विकास भोयर, दुर्गा प्रसाद, राजेन्द्र उइके तथा मंगलायतन विश्वविद्यालय में संचालित एनएसएस व एनसीसी का भी पूर्ण सहयोग रहा जिसमें - गणेश सरोते, चंद्र शेखर, शानी, राहुल, महेंद्र, रितेश्वरी, अंकिता, भुमिका। इस कार्यक्रम के शोभा के केंद्र के रूप में- ममता उइके जी,जीया सल्लामे, प्रवीन धुर्वे, प्रफुल्ल जी आदि सभी इस कार्यक्रम में मुख्य सराहनीय योग्य रहे।

## सिहोरा के प्रशासन पर लगाया बेलगाम होने का आरोप

# कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष यादव ने बस दुर्घटना के शिकार सिपाही लाल के परिजनों से की भेंट



**सिहोरा।** कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष संजय यादव ने ब्लाक अध्यक्ष बिहारी पटेल के साथ विगत दिवस नवरात्र पर्व पर गौरी तिराहा में बस दुर्घटना के शिकार हुए राय सिमरिया निवासी सिपाही लाल विश्वकर्मा की मृत्यु पर उनके परिजनों से भेट कर ढांढस बंधाया तथा शोक संवेदना व्यक्त की। तथा आरोप लगाते हुए कहा कि सिहोरा का प्रशासन पूरी तरह से बेलगाम हो गया है उनके सामने एक इंसान की जान की कीमत कुछ भी नहीं है यह सिहोरा पुलिस प्रशासन की भी बहुत बड़ी लापरवाही है जिसका खामियाजा दुर्गा प्रतिमा के दर्शन कर रहे भक्तों को भुगतना पड़ा है।सवाल उठता है कि आखिर भीड़ के बीच बस कैसे घुस गई इसकी सम्पूर्ण जांच होनी चाहिए। जिला अध्यक्ष ने पार्टी के शोक संतृप्त कार्यकर्ता पदाधिकारी प्रदेश महासचिव पार्षद राजेश चौबे,प्रकाश कुररिया,अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रविदीप सिंह बैस,विजय विश्वकर्मा,राजेश पटेल,फनवानी में गोपाल पटेल,खमरिया कौशल पटेल,नुन्जा बबुआ पटेल,मंझगवा जित्तू श्रीवास्तव के निवास पहुंचकर विगत दिनों हुई उनके परिजनों की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर सुरेंद्र मिश्रा, कृष्ण कुमार कुररिया, अमोल चौरसिया, बाबा कुरैशी, पवन सोनी, आलोक पांडे, ममता गोटिया, गणेश दाहिया, रमेश पटेल, एम मंसूर, संदीप ब्यौहार, शंकर वंशकार, फैज आलम शाह, शेख साबिर, दिलीप जैन, रमा चौरसिया, मनीष खंपरिया, मनीष शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# हाईकोर्ट बार के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रमन पटेल का निधन



**जबलपुर।** मप्र हाइकोर्ट बार एसोसिएशन एवं जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकतंत्र सेनानी संघ के पूर्व अध्यक्ष एड रमन पटेल का सोमवार की सुबह निधन हो गया। वे सन् 1965 में रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। 1968 से 1974 संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के प्रदेश महामंत्री रहे। 1975 में जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में इमरजेंसी के दौरान 19 महीने 18 दिन मीसा में टीकमगढ़ जेल में रहे 1980 से भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे। 1988 से 1992 तक जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रहे। 2 बार मप्र हाइकोर्ट बार के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए उनके पुत्र एड रूपेश पटेल दामाद एड भागवत पटेल डॉ दीपक गायकवाड़ ब्लॉक मेडिकल अफसर मझोली हैं। उनका अंतिम संस्कार आज 7 अक्टूबर मंगलवार को सुबह गौरीघाट मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# हनुमान मंदिर खितौला में आज भंडारे का आयोजन



**सिहोरा।** शरद पूर्णिमा पर आज खितौला में स्टेशन के पास स्थित हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया है। पुजारी सुनील द्विवेदी ने बताया कि आज मंगलवार को सुबह सबसे पहले 108 सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा उसके बाद विशाल भंडारे का।सभी हनुमान भक्तों से भंडारे का प्रसाद गण ग्रहण करने की अपील की गई है।

# खितौला जैन समाज का कवि सम्मेलन आज

**सिहोरा।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज तथा आर्यिका रत्न ज्ञानमति माता के अवतरण दिवस एवं सिहोरा नगर गौरव प्रसाद सागर महाराज की दिक्षा दिवस श्री पारसनाथ दिसम्बर जैन समिति खितौला द्वारा उपकार दिवस के रुप में आज मनाया जायेगा। इस अवसर पर जैन समाज महिला मंडल खितौला द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एंव कवि सम्मेलन का आयोजन जैन मंदिर के सामने क्षेत्रीय विधायक संतोष बरकडे,बहोरीबंद विधायक प्रणय पाण्डेय, पूर्व विधायक संजय यादव,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,डॉ निलेश जैन,बिनोद श्रीवास्तव के आतिथ्य में आज मंगलवार 7 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे किया गया है। सभी से आयोजन में पहुंचने की अपील की गई है।

# कम्प्यूटर सेंटर संचालकों को बताई ई-टोकन जनरेट करने की प्रक्रिया

**जबलपुर।** पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जबलपुर जिले में लागू की गई उर्वरक वितरण की नई व्यवस्था "ई-टोकन एवं उर्वरक वितरण प्रणाली" के अंतर्गत सोमवार को पाटन के कम्प्यूटर सेंटर्स के संचालकों तथा निजी उर्वरक विक्रेताओं को ई-टोकन जनरेट करने की प्रक्रिया समझाई गई। कम्प्यूटर सेंटर्स के संचालकों को अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ. इंदिरा त्रिपाठी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पंकज वास्तव ने पोर्टल एवं क्यूआर कोड के माध्यम से उर्वरक वितरण हेतु किसानों को ई-टोकन जारी करने के प्रत्येक पहलू की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कम्प्यूटर सेंटर्स के संचालकों एवं उर्वरक के निजी विक्रेताओं को अपने यहाँ किसानों की सुविधा के मद्देनजर ई-टोकन जनरेट करने के लिये क्यूआर कोड चस्पा करने के निर्देश भी दिये। इन अधिकारियों ने कियोस्क सेन्टर संचालकों को अपने मोबाइल नंबर भी दिये, ताकि टोकन जनरेट करने में आने वाली समस्याओं से तत्काल उन्हें अवगत करा और उसका समाधान किया जा सके।

# स्नेह निकेतन बालिका छात्रावास में विधिक सहायता शिविर

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा स्नेह निकेतन बालिका छात्रावास में विधिक सहायता शिविर आयोजित किया गया। मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत आयोजित शिविर में सुमन श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, राज्य प्राधिकरण, शक्ति वर्मा, सचिव, जिला प्राधिकरण, अनिरुद्ध जैन, उपसचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित रहे। शिविर में बालिकाओं को गुड टच और बैड टच की जानकारी दी गई तथा उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा के बारे में खेल-खेल में जागरुक किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुछ बालिकाओं की पहचान ऐसे मामलों में की गई, जिनमें उनके परिजनों से संपर्क स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह पहल मानसिक रूप से विशेष बच्चों के प्रति संवेदनशीलता और सुरक्षा व सम्मान की भावना को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

# वानिकी विभाग के विभागाध्यक्ष बनाए गए डॉ. एस.बी. अग्रवाल



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के वानिकी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं आचार्य डॉ. एस.बी. अग्रवाल बनाएं गए हैं। आपने तकनीकी सहायक के रूप में 1985 से विश्वविद्यालय की सेवा प्रारंभ की। इसके बाद आप 2007 में सहायक प्राध्यापक और 2017 से सह प्राध्यापक के रूप में सेवाएं जारी रखी। आपने 23 स्नातकोत्तर एवं 12 पीएचडी छात्रों को शोध कार्य में मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. अग्रवाल ने जैविक खेती एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन पर बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। आप भूमि निर्माण पुरस्कार, उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार, उत्कृष्ट वैज्ञानिक पुरस्कार जैसे कई अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किये जा चुके हैं। आपके 74 शोध पत्र, 3 पुस्तकें एवं कई तकनीकी बुलेटिन प्रकाशित हो चुके हैं। आपने अनुसंधान कार्य हेतु ब्राजील, नीदरलैंड एवं नेपाल की विदेश यात्राएं की है। आपने कई परियोजनाओं में भी उत्कृष्ट कार्य किया है।

# आईसेक्ट ने कौशल रथ, कौशल विकास यात्रा का शुभारंभ किया

**जबलपुर।** कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत देश की अग्रणी संस्था आईसेक्ट ने 06 अक्टूबर 2025 से कौशल रथ, कौशल विकास यात्रा 2025 का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत यह यात्रा जबलपुर में 07 अक्टूबर को पहुंचेगी और जबलपुर जिले के आईसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र से इसका शुभारंभ किया जाएगा। इसके उपरांत यह यात्रा कुशनेर के गांधी ग्राम पहुंचेगी, उसके उपरांत जबलपुर संभाग के सिवनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर के विभिन्न तहसील ब्लॉक एवं ग्राम पंचायतों के विभिन्न स्कूलों में इस यात्रा के बारे में बताया जाएगा। यह यात्रा 20 राज्यों के 300 जिलों के 500 स्कूल, कॉलेज और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचेगी और लाखों विद्यार्थियों, युवाओं एवं शिक्षकों को कौशल विकास तथा नवीनतम तकनीकों से परिचित कराएगी। नीति आयोग ने विकसित भारत 2047 के लिए एआई को केन्द्रीय भूमिका दी है। आईसेक्ट का यह अभियान इसी दृष्टि को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का प्रयास है।



**श्री लवकुश सेन-** सिहोरा, वार्ड क्रमांक 10 रेस्ट हाउस के सामने निवास करने वाले श्री लवकुश सेन का 37 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार गृह ग्राम अगरिया में किया गया। वे आधार सेन के पुत्र और आर्यन सेन के पिता थे।



**श्रीमती दर्शन वासुदेव-** सिहोरा, कटरा मोहल्ला सिहोरा निवासी श्रीमती दर्शन वासुदेव का 85 साल की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार कुर्रे रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया।वे स्वर्गीय साहिबराम वासुदेव की धर्मपत्नी एंव अनिल, सुरेश,राजेश वासुदेव की मां तथा सुनील, कैलाश वासुदेव की चाची थी।

**श्री संजीव कुमार सिंह-** बिलहरी जनता स्कूल के पास निवासी श्री संजीव कुमार सिंह (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विष्णु चौधरी-** सरकारी कुआं आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री नत्थू लाल चौधरी के पुत्र श्री विष्णु चौधरी (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बाल किशन अग्रवाल-** झंडा बाजार रैपुरा निवासी श्री बाल किशन अग्रवाल (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती केश बाई कुचबंधिया-** लालमाटी चांदमारी कुचबंधिया मोहल्ला निवासी श्री गेंदा लाल कुचबंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती केश बाई कुचबंधिया (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंदा-** खलवारा कैमोर निवासी श्री राम भरोसे की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हीरेंद्र शर्मा-** झा मोहल्ला द्वारकानगर चुंगी चौकी निवासी श्री हीरेंद्र शर्मा (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री उदय तिवारी-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री उदय तिवारी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया बाई विश्वकर्मा-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री कल्लू विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती माया बाई विश्वकर्मा (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लमिया बाई कुड़ापे-** नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज के पास निवासी श्री छोटू कुड़ापे की धर्मपत्नी श्रीमती लमिया बाई कुड़ापे (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा बाई विनोदिया-** शंकर नगर सुहागी निवासी श्री गोविंद प्रसाद विनोदिया की धर्मपत्नी श्रीमती उमा बाई विनोदिया (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गुलाब बाई केवट-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री




राम खिलावन केवट की धर्मपत्नी श्रीमती गुलाब बाई केवट (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिनेश राजपूत-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री श्याम लाल राजपूत के पुत्र श्री दिनेश राजपूत (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अखिल विश्वकर्मा-** मालगुजार परिसर के निकट गोहलपुर निवासी श्री सुनील विश्वकर्मा के पुत्र श्री अखिल विश्वकर्मा (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिब्बू चौरसिया-** करियापाथर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री मुन्ना लाल चौरसिया के पुत्र श्री शिब्बू चौरसिया (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री तुलसी सिंह-** कछपुरा मोलगोदाम के पास निवासी श्री तुलसी सिंह (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रभा बाई सोंधिया-** फूटाताल दुर्गा मंदिर के पास निवासी श्रीमती प्रभा बाई सोंधिया (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पूना बाई कोरी-** तिलहरी फेस 2 निवासी श्री बैजनाथ कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती पूना बाई कोरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति वर्गाकार से.मी.
सिंगल साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

# अगले दो साल में एआई निवेश डॉटकॉम बबल जैसा : गोल्डमैन सैक्स सीईओ

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई को लेकर दुनियाभर में जोश चरम पर है, लेकिन इसी जोश के बीच एक बड़ी चेतावनी आई है. गोल्डमैन साक्स के सीईओ डेविड सोलोमन ने कहा है कि अगले 12 से 24 महीनों में शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिल सकती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह एआई को लेकर निवेशकों में उत्साह बढ़ रहा है, वह 2000 के दशक की शुरुआत में फूटे डॉटकॉम बबल जैसी स्थिति पैदा कर सकता है।

- वह 2000 के दशक में फूटे डॉटकॉम बबल जैसी स्थिति पैदा कर सकता है

## सीईओ डेविड सोलोमन ने कहा, दो साल में भारी गिरावट दिख सकती है

### ‘मैं इसे बबल नहीं कहूंगा, पर जोखिम जरूर है’

सोलोमन ने कहा कि वे फिलहाल “एआई बबल” शब्द का इस्तेमाल करने से बच रहे हैं, क्योंकि आने वाले समय में चीजें किस दिशा में जाएंगी, यह कोई नहीं जानता। “लोग अभी बहुत उत्साहित हैं, लेकिन जब उत्साह ज्यादा बढ़ता है तो जोखिम की अनदेखी हो जाती है। ऐसे में एक समय ऐसा आता है जब बाजार खुद को रीसेट करता है।” उन्होंने कहा कि यह रीसेट कब और कितना गहरा होगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि यह तेजी कितने समय तक चलती है।



*एक बड़ा हिस्सा रिटर्न नहीं देगा : सोलोमन ने कहा, “मुझे हैरानी नहीं होगी अगर अगले 12 से 24 महीनों में इक्विटी मार्केट में सुधार या गिरावट देखने को मिले,” आज एआई के नाम पर जो भारी निवेश हो रहा है, उसका एक बड़ा हिस्सा रिटर्न नहीं देगा। इसका असर निवेशकों के भरोसे पर पड़ेगा और बाजार में एक अस्थायी झटका देखने को मिल सकता है।*

*एआई बूम में ‘विजेता’ और ‘हारने वाले’ दोनों होंगे : सोलोमन का मानना है कि आने वाले समय में एआई बाजार में कुछ कंपनियां बेहद सफल होंगी जबकि कई निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ेगा। उनका कहना है कि एआई से जुड़े कई स्टार्टअप्स और प्रोजेक्ट्स निवेश पर उतना रिटर्न नहीं दे पाएंगे, जितनी उम्मीदें लगाई गई हैं। एआई की लंबी अवधि की क्षमता को लेकर बेहद आशावादी हैं। उन्होंने कहा कि यह टेक्नोलॉजी अभी शुरुआती दौर में है और आने वाले सालों में इससे बिजनेस मॉडल पूरी तरह बदल सकते हैं। उनका मानना है कि यह दौर एक बड़ी तकनीकी क्रांति का है।*

सोलोमन ने यह बयान इटली के ट्यूरिन शहर में हुए इटैलियन टेक वीक के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि वे एआई के दीर्घकालिक असर को लेकर आशावादी हैं, लेकिन अल्पकालिक दौर में ओवरइन्वेस्टमेंट और अत्यधिक उम्मीदें बाजार को झटका दे सकती हैं।

### 1990 दशक में इंटरनेट को लेकर जोश था

डेविड सोलोमन ने कहा कि बाजार हमेशा साइकिल में चलते हैं। जब किसी नई तकनीक के चारों ओर निवेश की लहर बनती है, तो पूंजी तेजी से लगाई जाती है, लेकिन कई बार बाजार उस तकनीक की वास्तविक संभावनाओं से आगे निकल जाता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 1990 के दशक के अंत में इंटरनेट को लेकर ऐसा ही जोश देखा गया था।

## खबर संक्षेप

### कल्याण ज्वैलर्स का राजस्व दूसरी तिमाही में 30% बढ़ा

**नई दिल्ली।** कल्याण ज्वैलर्स ने सोमवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत राजस्व सालाना आधार पर 30 प्रतिशत बढ़ा, जो मजबूत त्योहारी और शादी की मांग से प्रेरित है। कंपनी ने 2024-25 की दूसरी तिमाही (सितंबर) में 60,914.76 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध राजस्व दर्ज किया था।

### रुपया तीन पैसे टूटकर 88.82 प्रति डॉलर



**मुंबई।** रुपया सोमवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.82 (अस्थायी) के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी बाजार में डॉलर के मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में रातोंरात उछाल से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा है। अमेरिकी डॉलर और भारतीय रुपये ने हालांकि सीमित दायरे में कारोबार किया।

### बीओएम की जुलाई-सितंबर में ऋण वृद्धि 16.8 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 16.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2.54 लाख करोड़ रुपये की ऋण वृद्धि दर्ज की है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 30 सितंबर 2024 तक कुल अग्रिम 2.17 लाख करोड़ रुपये था।

### आईईएक्स के बिजली कारोबार में 16 प्रतिशत की वृद्धि



**नई दिल्ली।** बिजली कारोबार मंच आईईएक्स (आईईएक्स) की जुलाई-सितंबर तिमाही में विद्युत व्यापार मात्रा सालाना आधार पर 16.1 प्रतिशत बढ़कर 3521.7 करोड़ यूनिट रही। इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) ने समीक्षाधीन तिमाही में 44.22 लाख नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्रों का कारोबार किया, जो सालाना आधार पर 30 प्रतिशत कम है।

### केनरा रोबेको का आईपीओ नौ अक्टूबर को खुलेगा

**नई दिल्ली।** केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 253-266 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। इससे कंपनी का ऊपरी छोर पर मूल्यांकन करीब 5,300 करोड़ रुपये आंका गया है। 1,326 करोड़ रुपये का आईपीओ नौ अक्टूबर को खुलेगा और 13 अक्टूबर को संपन्न होगा।

### आईटीसी होटल्स ने किया आईएचपीएल से करार



नई दिल्ली। आईटीसी होटल्स ने सोमवार को बिहार के पटना में 140 कमरों वाले एक लक्जरी होटल के प्रबंधन के लिए कुमार इंफ्रा होटल प्राइवेट लिमिटेड के साथ पक्के समझौते पर हस्ताक्षर की घोषणा की। बिहार पर्यटन विकास पहल के तहत यह नई होटल परियोजना एक प्रतिस्पर्धी सरकारी बोली प्रक्रिया का हिस्सा थी। इसे केआईएचपीएल ने हासिल किया था और होटल संचालक के रूप में आईटीसी होटल्स को चुना गया। यह परियोजना 1.5 एकड़ के क्षेत्र में फैली है।

## विदेशी बाजार में सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ी

# नया शिखर : सोना 9,700 रुपए उछलकर 1.3 लाख के पार, चांदी 1.57 लाख के ऊपर


एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतें 9,700 रुपये की छलांग लगाते हुए 1,30,300 रुपये के नए शिखर पर पहुंच गईं। यह उछाल विदेशी बाजारों में सुरक्षित निवेश की मांग और रुपये में कमजोरी के कारण आया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने बताया कि स्थानीय बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना उछलकर 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया।

इस तरह पीली धातु के भाव में एक ही कारोबारी सत्र में 9,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,700 रुपये बढ़कर 1,22,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। यह पिछले सत्र में 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।



- रुपए में कमजोरी के कारण सराफा में मांग निकली
- अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार कमजोर हो रहा
- चांदी में 7,400 रुपया का बड़ा उछाल दर्ज किया गया



### सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की मांग बढ़ी

*शुल्क विवाद, भू-राजनीतिक अनिश्चितता, ब्याज दर कटौती और अमेरिकी सरकार के कामकाज ठप होने जैसी अस्थिरताओं ने सोने-चांदी की कीमतों को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि डॉलर में कमजोरी, केंद्रीय बैंकों की खरीदारी, गोल्ड-ईटीएफ की बढ़ती मांग और खुदरा निवेशकों की रुचि ने एक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की मांग बढ़ा दी।*

*अमेरिका में सरकारी कामकाज ठप होने से चिंता बढ़ी : गांधी ने कहा कि अमेरिका में वित्तीय प्रावधान न होने से सरकारी कामकाज लंबे समय तक ठप होने की आशंका से आर्थिक प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है। सोने की मांग बढ़ रही है। इस साल अब तक सोने की कीमतों में 51,350 रुपये प्रति 10 ग्राम यानी 65.04 प्रतिशत की तेजी देखी गई है। सोने का भाव दिसंबर, 2024 में 78,950 प्रति 10 ग्राम पर था। डॉलर के मुकाबले रुपए में तेज गिरावट : अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आई गिरावट ने इस तेज उछाल में बड़ी भूमिका निभाई। एचडीएफसी के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ‘सोना नए रिकॉर्ड पर पहुंचा है क्योंकि निवेशक अब भी इस कीमती धातु में दिलचस्पी बनाए हुए हैं। उन्हें भविष्य में इसके दाम और भी बढ़ने की उम्मीद है।’*

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना दो फीसदी चढ़ा

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 3,949.58 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं चांदी एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ 48.75 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। कोटक सिक्योरिटीज की सहायक उपाध्यक्ष कायनात चैनवाल ने कहा, /”अमेरिका में सरकारी कामकाज ठप होने के छठे दिन हाजिर सोना ने पहली बार 3,940 डॉलर प्रति औंस का स्तर पार किया।/” इस बीच, सोना एवं चांदी के वायदा भाव भी नए शिखर पर पहुंच गए।

### वर्ष में चांदी की कीमत 67,700 रुपए प्रति किलो बढ़ी

सोने की तरह चांदी की कीमतों में भी जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह 7,400 रुपये उछलकर 1,57,400 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी की कीमत 1,50,000 रुपये प्रति किलो थी। चालू वर्ष में चांदी की कीमतें 67,700 रुपये यानी 75.47 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं। दिसंबर 2024 के अंत में चांदी 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर थी।

### सोने में दिसंबर वायदा अनुबंध बढ़कर

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के दिसंबर आपूर्ति वाले वायदा अनुबंध की कीमत 1,962 रुपये यानी 1.66 प्रतिशत चढ़कर 1,20,075 प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। सोना के फरवरी 2026 आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव भी 2,047 रुपये यानी 1.71 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 1,21,380 प्रति 10 ग्राम हो गया।

# शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़ा

एजेंसी ▸▸| मुंबई



- सेंसेक्स 583 अंक उछला, निफ्टी 25,000 के पार
- आईटी और वित्तीय शेयरों में खरीदारी निकली

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को आईटी एवं वित्तीय शेयरों में खरीदारी आने से लगातार तीसरे दिन तेजी रही। मानक सूचकांक सेंसेक्स 583 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 25,000 का स्तर पार कर लिया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 582.95 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,790.12 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 639.25 अंक चढ़कर 81,846.42 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 183.40 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,077.65 अंक पर बंद हुआ। निवेशकों के निचले स्तर पर खरीदारी करने से निफ्टी तीन सत्रों में कुल 466 अंक यानी 1.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,000 के स्तर पर पहुंच गया। कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड और टाइटन के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /”दूसरी तिमाही के नतीजे आने से पहले, वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्रों में तेजी आने से घरेलू शेयर बाजार ने सकारात्मक रुख के साथ कारोबारी सत्र का समापन किया।

### एशियाई बाजार में मिला-जुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की सूचकांक लगभग पांच प्रतिशत उछल गया, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुआ। चीन और दक्षिण कोरिया के बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के शेयर बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

# टाटा कैपिटल के आईपीओ को पहले दिन 39 % बोलियां मिलीं




- 12,86,08,916 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं
- क्यूआईबी के मामले में 52 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी टाटा कैपिटल लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को सोमवार को बोली के पहले दिन 39 प्रतिशत बोलियां मिलीं। एनएसई पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, आईपीओ में 33,34,36,996 शेयरों के मुकाबले 12,86,08,916 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं।

पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के मामले में 52 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ, जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) की श्रेणी को 35 प्रतिशत बोलियां मिलीं। गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए निर्धारित हिस्से को 29 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। टाटा कैपिटल ने शुक्रवार को 68 घरेलू और वैश्विक संस्थागत निवेशकों से 4,642 करोड़ रुपये जुटाए। कंपनी का 15,512 करोड़ रुपये का सार्वजनिक निर्गम आठ अक्टूबर को समाप्त होगा और इसकी मूल्य सीमा 310-326 रुपये प्रति शेयर है। इस गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) का मूल्यांकन शीर्ष स्तर पर लगभग 1.38 लाख करोड़ रुपये है। कुल 47.58 करोड़ शेयरों वाले इस आईपीओ में 21 करोड़ इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और 26.58 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। बिक्री पेशकश के तहत, टाटा संस 23 करोड़ शेयर जबकि आईएफसी 3.58 करोड़ शेयर बेचेगी।

### राशि भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए

वर्तमान में, टाटा संस के पास टाटा कैपिटल में 88.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि आईएफसी के पास 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आईपीओ से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी के टियर-1 पूंजी यानी शेयर पूंजी आधार को मजबूत करने और आगे की उधारी सहित भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

## ओएनजीसी आंध्र में 8,110 करोड़ का करेगी निवेश




**हैदराबाद।** तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) आंध्र प्रदेश में आठ पीएमएल (उत्पादन खनन लाइसेंस) ब्लॉक में 172 कुओं से तेल एवं गैस के निकालने तथा तटवर्ती विकास के लिए 8,110 करोड़ रुपये का निवेश करने की तैयारी में है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत एक समिति ने पिछले महीने आयोजित बैठक में परियोजना के लिए पर्यावरणीय संबंधी मंजूरी देने की सिफारिश की थी। विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति ने बैठक के विवरण में कहा, परियोजना की अनुमानित लागत 8110 करोड़ रुपये है। ईएमपी (पर्यावरण प्रबंधन योजना) की पूंजीगत लागत 172 करोड़ रुपये होगी और ईएमपी की आवर्ती लागत 91.16 करोड़ रुपये प्रति वर्ष होगी।

# केईसी इंटरनेशनल को 1,100 करोड़ से अधिक के ऑर्डर मिले

- कंपनी को भारत और विदेश के लिए कई नए ऑर्डर मिले

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




ईपीसी प्रमुख केईसी इंटरनेशनल ने सोमवार को कहा कि उसे विभिन्न कंपनियों से 1,102 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसके सिविल व्यवसाय को भारत की एक प्रमुख निजी कंपनी से 150 मेगावाट के ताप विद्युत संयंत्र के सिविल और संरचनात्मक कार्यों का ऑर्डर मिला है। टीएंडडी (पारेषण और वितरण) व्यवसाय को अमेरिका और पश्चिम एशिया में टावर, हार्डवेयर और खंभों की आपूर्ति के ऑर्डर मिले हैं। कंपनी के केबल और कंडक्टर व्यवसाय को भारत और विदेशी बाजार में केबल और कंडक्टरों के लिए कई आपूर्ति ऑर्डर मिले हैं। परिवहन व्यवसाय को भारत में ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली (टीसीएएस) खंड में ऑर्डर मिले हैं। नए ऑर्डरों का कुल मूल्य 1,102 करोड़ रुपये है। कंपनी के के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी विमल केजरीवाल ने कहा, ‘‘इन अनुबंधों के साथ, हमारा इस साल अबतक ऑर्डर अब 12,800 करोड़ रुपये हो गया है।

## फ्यूचर कंज्यूमर ने कर्ज भुगतान में चूक की

**नई दिल्ली।** फ्यूचर कंज्यूमर लिमिटेड (एफसीएल) ने शेयर बाजार को बताया कि 30 सितंबर, 2025 तक उसने कुल 575.81 करोड़ रुपये के ब्याज और मूलधन के भुगतान में चूक की है। कर्ज में डूबी फ्यूचर समूह की दैनिक उपयोग की वस्तुएं बेचने वाली इकाई एफसीएल ने 30 सितंबर, 2025 तक 303.35 करोड़ रुपये का ऋण नहीं चुकाया है। इसमें बैंक से लिए गए मूलधन और ब्याज, दोनों शामिल हैं। एफसीएल ने कहा कि कंपनी ने एनसीडी और एनसीआरपी जैसी गैर-सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों के माध्यम से जुटाए गए 272.46 करोड़ रुपये के कुल बकाया ऋण का भी भुगतान नहीं किया है।

# भारत की ऊर्जा मांग 2050 तक अन्य देशों से अधिक बढ़ेगी

- बीपी के मुख्य अर्थशास्त्री स्पेंसर डेल ने पेश की रिपोर्ट
- भारत इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



ब्रिटिश तेल कंपनी बीपी ने सोमवार को कहा कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की तेल एवं ऊर्जा मांग वर्ष 2050 तक अन्य देशों से अधिक बढ़ेगी और यह वैश्विक ऊर्जा बाजार का 12 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बन जाएगा।

बीपी के मुख्य अर्थशास्त्री स्पेंसर डेल ने बीपी की ऊर्जा परिदृश्य 2025 रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि भारत इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक एवं उपभोक्ता देश है और चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक भी है। भारत की तेल मांग 54 लाख बैरल प्रतिदिन के मौजूदा स्तर से बढ़कर 2050 तक 91 लाख बैरल प्रतिदिन हो जाएगी। इस दौरान प्राकृतिक गैस की खपत भी लगभग दोगुनी होकर 63 अरब घन मीटर से बढ़कर 153 अरब घन मीटर हो जाएगी। यदि भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2023 से 2050 तक औसतन पांच प्रतिशत प्रति वर्ष रहती है तो देश की प्राथमिक ऊर्जा खपत में भी मजबूती आएगी।

*तेल मांग 2050 तक लगातार बढ़ते रहेगी : भविष्य में भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए आयात पर निर्भरता कम करना और घरेलू उत्पादन बढ़ाना अहम होगा। अधिकतम तेल मांग के संबंध में डेल ने कहा कि भारत की तेल मांग 2050 तक लगातार बढ़ती रहेगी, और प्राकृतिक गैस की खपत भी दोगुनी होगी।*

## पोल्ट्री उद्योग उच्च उत्पादन लागत को लेकर परेशान

# देश के पोल्ट्री का निर्यात के बजाय घरेलू खपत पर ध्यान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पोल्ट्री उद्योग उच्च उत्पादन लागत और बड़े स्थानीय बाजार को देखते हुए निर्यात के बजाय घरेलू खपत बढ़ाने को प्राथमिकता दे रहा है। उद्योग के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को यह कहा। केंद्रीय पशुपालन, डेयरी और पोल्ट्री मंत्रालय के पूर्व सचिव तरुण श्रीधर ने हैदराबाद में 25-28 नवंबर को होने वाले 17वें पोल्ट्री इंडिया एक्सपो के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि अंडा उत्पादन में वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर होने के बावजूद, भारत अंडा निर्यात में 25वें या 26वें स्थान पर है।

*घरेलू बाजार में अधिक मूल्य मिल रहा : पूर्व सचिव ने कहा, ‘निर्यात अपने आप में एक लक्ष्य नहीं है।’ उन्होंने प्रश्न किया, ‘‘अगर मेरा उत्पाद मुझे घरेलू बाजार में अधिक मूल्य दे रहा है, तो मुझे निर्यात क्यों करना चाहिए? मांस उत्पादन में भारत वैश्विक स्तर पर चौथे या पांचवें स्थान पर है। फिर भी, यहां प्रति व्यक्ति खपत दुनिया में सबसे कम यानी तीन किलोग्राम सालाना है, जो बांग्लादेश और अन्य विकासशील देशों से भी कम है।*

### 17वां पोल्ट्री इंडिया एक्सपो हैदराबाद में आयोजित

#### चिकन की खपत प्रति व्यक्ति 6-7 किलो

*कर्नाटक पोल्ट्री फार्मर्स एंड ब्रीडर्स एसोसिएशन (केपीएफबीए) के अध्यक्ष नवीन पी के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति चिकन की खपत प्रति वर्ष 6-7 किलोग्राम है, जबकि अंडों की खपत सालाना 103 अंडों की है। उन्होंने कहा, ‘‘देश में प्रोटीन की कमी वाली आबादी हैं।’’*



### 71 फीसदी भारतीय चिकन व अंडे खाते हैं

सचिव ने बताया कि 71 प्रतिशत भारतीय चिकन और अंडे खाते हैं। उन्होंने सवाल किया, ‘‘हमारी आबादी 1.43 अरब है। मैं निर्यात क्यों करना चाहूंगा?’ भारतीय पोल्ट्री उत्पादकों को प्रमुख निर्यातकों की तुलना में लागत में भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है।

### 80 से 85 फीसदी हिस्सा चारे का

गुलाटी ने बताया कि उत्पादन लागत में 80-85 प्रतिशत हिस्सा चारे का होता है। लागत का यह अंतर आंशिक रूप से भारत द्वारा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण है, जिससे प्रतिस्पर्धी देशों में चारे की लागत कम हो जाती है।

### ढांचे में सुधार के बिना निर्यात सीमित

उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार के बिना निर्यात के अवसर सीमित रहेंगे। श्रीधर ने कड़े अंतरराष्ट्रीय स्वच्छता मानकों का हवाला देते हुए कहा, ‘‘जब तक हमारे पास अच्छी प्रसंस्करण सुविधाएं, अच्छे फ्रोजन और प्रसंस्कृत उत्पाद नहीं होंगे, हम निर्यात बाजारों में प्रवेश नहीं कर पाएंगे।’’

## जिंदल स्टेनलेस ने महाराष्ट्र में निर्माण इकाई स्थापित की

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

जिंदल स्टेनलेस ने महाराष्ट्र में 125 करोड़ रुपये के शुरुआती निवेश से एक इस्पात वनिर्माण इकाई स्थापित कंपनी ने बयान में कहा कि देश में उन्नत बुनियादी ढांचे के विकास में सहायता के लिए इस इकाई में पुल के ‘गर्डर’ सहित अन्य महत्वपूर्ण घटक बनाए जाएंगे। वित्त वर्ष 2026-27 तक इकाई के 18,000 टन की वार्षिक निर्माण क्षमता हासिल करने की उम्मीद है, जो चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अनुमानित 4,000 टन से अधिक है। इसका मकसद टिकाऊ, उच्च गुणवत्ता वाले पुल से जुड़े बुनियादी ढांचे की बढ़ती मांग को पूरा करना है। कंपनी प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, यह विनिर्माण इकाई ग्राहकों के लिए एकीकृत समाधान प्रदान करने के हमारे प्रयासों में एक और कदम है।


**नोटीस**

'Civil (A) No. 3310 /2025

**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE AT BOMBAY NAGPUR BENCH, NAGPUR**

**Civil Application No. 1546/2025 (delay) In First Appeal St. No. 1045/2025**

**Date of order: 04/05/2024**

**The Member Motor Accident Claims Tribunal, Warud, Dist. Amravati. (M.A.C.P. No. 255/2023)**

New India Assurance Co. Ltd., through its Divisional Manager, Amravati, through the Regional Manager, Nagpur Regional office at Nagpur ....वादी

- विरूध्द -

**Shriram S/o Upasrao Dhutale & others** .....प्रतिवादी

To,

**R. No. 4 : Mahendra Kumar S/o Pralhad Singh Khangar,** R/o. : C/o. Mr. Ashish H. No. 137 Khakhariya Pathan Seoni M. P. 480661.

उपरोक्त प्रतिवादी को सुचित किया जाता है की, वादी New India Assurance Co. Ltd., through its Divisional Manager, Amravati, through the Regional Manager, Nagpur Regional office at Nagpur इन्होने The Member Motor Accident Claims Tribunal, Warud, Dist. Amravati. (M.A.C.P. No. 255/2023) इनके हुकूमनामे पर उपरोक्त Civil Application No. 1546 / 2025 (delay) In First Appeal St. No. 1045/2025 मुंबई उच्च न्यायालय के नागपूर खंडपीठ में दाखिल की है और वह इस न्यायालय ने पंजिबध्द करके प्रतिवादी को नोटिस जारी की है।

उपरोक्त Civil Application No. 1546/2025 (delay) In First Appeal St. No. 1045/2025 और उपरोक्त पहीले अपील दाखिल करते समय जो १३३ दिन की देरी (delay) हो गयी है वो माफ क्यू ना किया जाये के कारण, नोटीस की अगली सुनवाई ०३/१०/२०२५ या किसी भी अन्य दिन इस न्यायालय के सहुलियत से होगी।

इसलिये आपकी तरफ से आप खुद या आपके वकील या आपने नियुक्त किया हुआ आपका प्रतिनिधी उपरोक्त निर्दिष्ट **Civil Application No. 1546/2025 (delay) In First Appeal St. No. 1045/2025** के सुनवाई के वक्त इस न्यायालय मे हाजिर न होने पर आपके अनुपस्थिती में एक तरफा सुनवाई करेगी और यह न्यायालय अपना फैसला सुनाएगी।

साक्ष श्रीमान श्री चंद्रशेखर, मुख्य न्यायाधीश मुंबई आज तारिख १५/०९/२०२५

मुहर

न्यायालय के आदेशानुसार
(एस.एस.पांडे)
सहायक प्रबंधक
मुबई उच्च न्यायालय,
नागपूर खंडपीठ, नागपूर

## चिंतन

# लोकतंत्र के स्तंभ न्याय पालिका की गरिमा पर आंच न आने पाए

अदालतें न्याय का मंदिर हैं, इस कथन का अर्थ यह है कि न्यायपालिका को सर्वोच्च और आदरणीय माना जाता है। जहां आम नागरिक न्याय की उम्मीद से जाते हैं। जहां हर फरयादी की पुकार सुनी जाती है। अदालतें आम नागरिकों के लिए न्याय का अंतिम ठिकाना भी हैं। यही कारण है कि न्याय पालिका को लोकतंत्र का स्तंभ कहा गया है। आजादी के बाद से अनेक ऐसे मौके आए, जब हमारी अदालतों ने न केवल कार्य पालिका को सही रास्ता दिखाया बल्कि आम आदमी के मन में लोकतंत्र के प्रति विश्वास को मजबूत किया। ऐसे में किसी भी अदालत का अपमान करना न केवल मंदिर का अपमान है बल्कि लोकतंत्र के मूल्यों को भी कमजोर करने जैसा है। अगर कोई अधिवक्ता ही ऐसा करे तो इस दुर्भाग्य ही कहा जाएगा। सोमवार को एक वकील ने देश के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर हमला करने की कोशिश की। यह घटना उस समय हुई जब सीजेआई की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। कोर्ट रूम में मौजूद वकीलों में से एक वकील ने सीजेआई की तरफ जूता फेंका। हालांकि जूता उनकी बेंच तक नहीं पहुंच सका। सुरक्षाकर्मियों ने फौरन उसे पकड़ लिया। बाहर जाते वक्त वकील ने नारा लगाया, सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। घटना के बाद सीजेआई ने अदालत में मौजूद वकीलों से कहा कि इस सबसे परेशान न हों। मैं भी परेशान नहीं हूं, इन चीजों से मुझे फर्क नहीं पड़ता। आरोपी वकील का नाम राकेश किशोर कुमार है। वो खजुराहो में भगवान विष्णु की मूर्ति पर दिए गए फैसले से नाराज था। किसी भी नाराजगी का मतलब यह तो नहीं हो जाता कि न्याय पालिका का ही अपमान कर दिया जाए। न्यायालय की प्रतिष्ठा इस देश के लोगों के विश्वास पर आधारित है। यदि उस विश्वास को कभी कम किया जाता है, तो इस न्यायालय की प्रतिष्ठा को अनिवार्य रूप से ठेस पहुंचेगी। यहां तो बात सीधे-सीधे न्याय की कुर्सी पर बैठे न्यायाधीश के अपमान की हो रही है। यह बात सही है कि बीते लंबे समय से अदालतों के दरवाजे कुछ संकरे हुए हैं। अदालतों पर केसों का बोझ लगातार बढ़ा है। देश की अदालतों में लंबित मामलों की संख्या 5.34 करोड़ से भी ज्यादा है। यह चिंता का विषय है। इन मामलों में एक बड़ा हिस्सा जिला और निचली अदालतों में है। जिला और निचली अदालतों में 4.7 करोड़ मामले लंबित हैं। हाई कोर्ट में भी 63.8 लाख मामले अटके हुए हैं। देश की सबसे बड़ी अदालत, सुप्रीम कोर्ट में 88,251 मामले लंबित हैं। इसका कारण न्यायिक और तकनीकी विशेषज्ञों की कमी, न्यायाधीशों पर अत्यधिक काम का दबाव, स्थगन आदेशों के दुरुपयोग तो हैं ही, साथ में सुनवाई के दौरान वकीलों का उपलब्ध न होना भी जिम्मेदार है। 62 लाख से ज्यादा मामलों में वकील मौजूद नहीं हो पा रहे। इससे सुनवाई आगे नहीं बढ़ पा रही। लगभग 27 लाख मामलों में गवाह गायब हैं। 23 लाख से ज्यादा मामलों पर अदालतों ने रोक लगा रखी है। 14 लाख से ज्यादा मामलों में 'दस्तावेजों का इंतजार' होता है। जरूरी कागजात न मिलने से भी देरी होती है और लगभग 8 लाख मामलों में 'पार्टियों का दिलचस्पी न लेना' शामिल है। जब पक्षकार ही रुचि नहीं दिखाते तो मामला कैसे सुलझेगा? यहां बात लंबित केसों की नहीं है बल्कि अदालत के सम्मान की है। अगर वकील ही अदालत की गरिमा का सम्मान नहीं करेंगे तो आम आदमी से कैसे उम्मीद की जा सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बार एसोसिएशन और कानून आरोपी वकील के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे ताकि दोबारा ऐसा घटना न हो।



लापरवाही
रोहित माहेश्वरी

# जीवनरक्षक दवा बनी मौत का कारण

कैसी विडंबना है कि जीवन रक्षा के लिए दी जाने वाली दवा मौत का कारण बन जाए। केंद्र ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे दवाओं की गुणवत्ता की सख्त निगरानी करें और बच्चों को बिना जरूरत खांसी की दवा न दी जाए। साथ ही, जांच में 'कोल्ड्रिफ' नाम के कफ सिरप में जहरीले रसायन डाई एथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई, जिसके बाद केंद्र ने तमिलनाडु की उस यूनिट का लाइसेंस रद करने की सिफारिश की है, जहां दवा तैयार की गई थी। यह एक कटु सत्य है कि भारत की फार्मा सफलता की कहानी केवल सस्ती जेनेरिक दवाइयों पर आधारित नहीं रह सकती। हमें इसे विश्वसनीय बनाने की जरूरत है।

मध्यप्रदेश और राजस्थान में बच्चों की मौत का मामला अब पूरे देश में चिंता का विषय है। दोनों राज्यों में 'कोल्ड्रिफ' नाम के कफ सिरप से 18 बच्चों की मौत का आरोप है। इनमें से 16 मौतें मध्यप्रदेश और दो राजस्थान में हुई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 'कोल्ड्रिफ' को जिम्मेदार बताते हुए इसे बनाने वाली कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात की है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन यानी डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, 2022 में कफ सिरप पीने के बाद तीन देशों में 300 बच्चों की मौत के मामले सामने आए थे। कैसी विडंबना है कि जीवन रक्षा के लिए दी जाने वाली दवा मौत का कारण बन जाए। केंद्र ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे दवाओं की गुणवत्ता की सख्त निगरानी करें और बच्चों को बिना जरूरत खांसी की दवा न दी जाए। साथ ही, जांच में 'कोल्ड्रिफ' नाम के कफ सिरप में जहरीले रसायन डाई एथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई, जिसके बाद केंद्र ने तमिलनाडु की उस यूनिट का लाइसेंस रद करने की सिफारिश की है, जहां दवा तैयार की गई थी। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा के पीड़ित परिजनों के अनुसार बच्चों को खांसी की शिकायत थी। कफ सिरप पिलाया गया और अन्य दवाएं भी दी गई। सिरप पीने के बाद ही बच्चों को पेशाब रुकने जैसी दिक्कतें होने लगी। डॉक्टरों ने जांच में पाया कि बच्चों की किडनी फेल हो चुकी थी। बच्चो को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन कुछ ही दिनों में 11 मासूमों की जान चली गई। एक बच्ची की मौत के बाद नागपुर जिला प्रशासन से खबर मिली की किडनी फेल होने से जान जा रही है।

जांच टीम ने तीन बच्चों की बायोप्सी की, जिसकी रिपोर्ट में किडनी नेफ्रॉन में डैमेज दिखा। आखिर कफ सिरप में जहरीले केमिकल कैसे पहुंचते हैं, यह यक्ष प्रश्न है, जो दवा की संदिग्ध गुणवत्ता और निर्माता कंपनियों की आपराधिक लापरवाही को ही उजागर करती है। जाहिर है रसायनों की घातकता की मात्रा और गुणवत्ता में कोई खोट इस तरह के हादसों का सबब बना होगा। राजस्थान में कुछ बच्चों की मौत की वजह का संबंध उस सिरप से बताया जा रहा है, जो खांसी ठीक करने के लिए दिया गया। ये हादसे इस बात को रेखांकित करते हैं कि दवा की गुणवत्ता में चूक सामान्य उपचार को कितने जानलेवा जोखिम में बदल सकती है। मध्यप्रदेश में जिस सिरप का इस्तेमाल हुआ, वह तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित 'श्रीसन फार्मास्युटिकल्स' की फैक्ट्री में बना था। तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग ने इस फैक्ट्री से लिए गए 'कोल्ड्रिफ' सिरप के सैंपल की जांच की, जिसमें 48.6 प्रतिशत डाई एथिलीन ग्लाइकॉल यानी डीईजी पाया गया। यह बेहद जहरीला रसायन है, जो किसी भी फार्मा प्रोडक्ट में तय मात्रा से ज्यादा नहीं होना चाहिए। बताया जाता है कि बच्चों को कथित रूप से मुख्यमंत्री की मुफ्त दवा योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में एक जेनेरिक खांसी की सिरप दी गई थी। राजस्थान के भरतपुर और सीकर जिलों में जिन दो बच्चों की मौत हुई, जांच में सामने आया कि उन्हें घर पर ही कफ सिरप दिया गया था, बिना किसी डॉक्टर की सलाह के। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मृतकों के परिवारों को दवा दुकानदारों से यह सिरप मिला था। यह त्रासदी भारत की फार्मास्यूटिकल निगरानी तंत्र की कोताही ही उजागर करती है। सकर हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में, जो फार्मा हब के रूप में प्रमुख रूप से उल्लेखित




है। महत्वपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश की 655 फार्मास्यूटिकल इकाइयों में से केवल 122 ही जीएमपी यानी गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज के संशोधित शेड्यूल एम मानकों के तहत अपग्रेड करने के लिए पंजीकृत हैं। इसका मतलब यह है कि अधिकांश फार्मा इकाइयां गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को प्रमाणित किए बिना काम कर रही हैं। ये जन स्वास्थ्य के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार स्थिति है। यह मामला दवा निर्माण प्रक्रिया में निगरानी और परीक्षण प्रणाली की कमजोरियों को उजागर करता है। देश में हर दवा बैच की जांच का नियम तो है, लेकिन कई छोटी और मध्यम फार्मा इकाइयां इसे नजरअंदाज करती है। जो सिरप तमिलनाडु की यूनिट से निकला, उसमें डीईजी का ऊंचा स्तर संकेत है कि या तो कच्चे माल की जांच नहीं हुई, या फैक्ट्री में मिलावट को नजरअंदाज किया गया। पिछले साल देशभर में 100 से ज्यादा सिरप गुणवत्ता के अनुरूप नहीं मिले थे। सिरप में ग्लिसरीन मिलाई जाती है, जिससे दवा गाढ़ी और मीठी बनती है। ग्लिसरीन वैसे तो सुरक्षित होती है, लेकिन जब ग्लिसरीन की जगह या गलती से या सस्ते विकल्प के रूप में डाई एथिलीन ग्लाइकॉल डीईजी या एथिलीन ग्लाइकॉल यानी ईजी जैसे केमिकल उसमें मिल जाते हैं तो समस्या होती है। ये केमिकल असल में औद्योगिक उपयोग के लिए बने होते हैं जैसे ब्रेक ऑयल, पेंट, और इंजन कूलेट। कई बार फैक्ट्रियों में टैंक, पाइपलाइन ठीक से साफ नहीं किए जाते। इससे 4 पुराने औद्योगिक रसायनों के अंश ग्लिसरीन में मिल जाते हैं। कभी-कभी सप्लायर सस्ती नकली ग्लिसरीन देते हैं। जब यही दूषित ग्लिसरीन सिरप में प्रयोग होती है, तो कफ सिरप जहरीला बन जाता है। बीते महीने में यूपी में आगरा से नकली दवाइयों की बड़ी खेप बरामद हुई थी। आगरा में नकली दवाओं के कारोबारियों के कनेक्शन देशभर में फैले हुए थे। हालिया मौतों के बाद बड़ा सवाल यही है कि डब्ल्यूएचओ की चेतावनी, पुरानी घटनाओं के बाद भी देश में ऐसे मामले दोबारा कैसे आए, क्या फैक्ट्रियों में जांच कागजों तक सीमित है, क्या ड्रग कंट्रोल विभाग सही निरीक्षण कर रहे है? जवाब जांच रिपोर्ट में मिल सकता है, लेकिन फिलहाल देश के लोगों में चिंता है। ऐसे हादसों को या तो कमतर दर्शाया जाता है या फिर पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि विगत में भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसी ही शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा था। भारत की फार्मा कंपनियों के द्वारा तैयार सिरप से गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में बच्चों की मौत का लिंक पाए जाने के बाद भारतीय दवाओं पर प्रतिबंध लगाए गए थे। निस्संदेह, ऐसे गैर-जिम्मेदार तरीके से तैयार दवाइयों के चलते भारत की 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में हासिल प्रतिष्ठा को ही नुकसान पहुंचा है।

हमारे नियामक तंत्र को और कितने बच्चों के मरने का इंतजार है.. जरूरी है इससे पहले गुणवत्ता नियंत्रण सिर्फ कागज पर नहीं व्यवहार में लागू करने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने दवाइयों के गुणवत्ता मानकों को तय करने के लिए सख्त तरीके जीएमपी अनुपालन हेतु समय-समय पर निरीक्षणों के लिये कदम उठाए हैं। लेकिन प्रवर्तन के स्तर पर अभी भी तमाम खामियां बरकरार हैं। विडंबना यह है कि राज्य नियामकों के पास पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। यह विडंबना ही है कि हमारा तंत्र जन-स्वास्थ्य के खिलवाड़ के प्रति उदासीन बना हुआ है। यह एक कटु सत्य है कि भारत की फार्मा सफलता की कहानी केवल सस्ती जेनेरिक दवाइयों पर आधारित नहीं रह सकती। हमें इसे विश्वसनीय बनाने की जरूरत है। निस्संदेह, जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया, उनके लिए यह बहस कोई सांत्वना नहीं है। उन्हें सही मायनों में सांत्वना तभी मिलेगी, जब आपराधिक लापरवाही करने वालों को दंडित किया जाएगा।

*(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## शताब्दी गाथा

डॉ. सुशील टाया



# व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण संघ का मूल उद्देश्य


आज हम सब गर्व और आनंद का अनुभव कर रहे हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी शताब्दी यात्रा पूरी कर ली है। इन सौ वर्षों में संघ ने केवल संगठन ही नहीं खड़ा किया, बल्कि समाज में अनुशासन, सेवा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति की ज्योति भी प्रज्वलित की है। संघ का मूल उद्देश्य रहा है व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण। शाखा के माध्यम से स्वयंसेवकों में अनुशासन, निस्वार्थ सेवा, आत्मविश्वास, समरसता और संगठन की भावना जागृत की हैं। समाज के हर वर्ग में समरसता और राष्ट्रहित सर्वोपरि का भाव स्थापित करना के साथ - साथ शिक्षा, ग्राम विकास, स्वदेशी, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सेवा कार्यों के क्षेत्र में संघ ने निरंतर योगदान दिया है। आपदा और संकट की घड़ी में स्वयंसेवक बिना भेदभाव समाज की सेवा में अग्रणी रहे।संघ ने जहां भारतीय संस्कृति और परंपरा को संरक्षित किया और वहीं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु 'स्वदेशी व स्वावलंबन' का संदेश भी दिया। 'हिंदू ही नहीं, संपूर्ण समाज मेरा अपना है' की भावना से समाज में बंधुत्व और आपसी सद्भाव की भावना बढ़ाई है। सौ वर्ष पूरे कर संघ नए उत्साह के साथ एकात्म मानववाद और अखण्ड भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। संघ ने अपने स्वयंसेवक के परिश्रम के बल पर विश्व भर में सबसे बड़ा संगठन होने का गौरव प्राप्त किया है।

राष्ट्रनिष्ठा, संगठनशीलता, आत्मानुशासन, सेवा, समर्पण, त्याग, कर्तव्यपरायणता, स्वावलंबन, निष्ठा, सहयोग, लोककल्याण, चरित्र निर्माण, अनुशासन, परमार्थ, साधना, एकात्मता, स्वदेशभक्ति, संयम, परिश्रम, समरसता संघ के गुर मंत्र हैं, जिनके आधार पर समाज कल्याण के कार्य में बिना रुके, बिना थके स्वयंसेवक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के सपनों को साकार करने में लगे हैं। सबको जोड़ने वाले, सबको साथ लेकर चलने वाले, सबकी एक साथ उन्नति करने का मार्ग सर संघचालक मोहन भागवत ने विजयदशमी पर दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संघ के कार्यों की खुले मन से प्रशंसा करना और शताब्दी वर्ष में डाक टिकट व सिक्का जारी करना इस बात का संकेत है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश की आज़ादी के आंदोलन से लेकर आज़ तक राष्ट्र को सर्वोपरि माना है। सामाजिक, आर्थिक व प्राकृतिक आपदा सहित अन्य विकट परिस्थितियों में स्वयंसेवकों ने हमेशा तन,धन और मन से भारत माता के लिए कार्य किया है। राष्ट्र के लिए चिंतन व मनन करते हुए संघ ने पंच परिवर्तन का निर्णय लिया है। इसलिए व्यवस्था परिवर्तन के लिए समाज का प्रबोधन तथा उसके आचरण का परिवर्तन यह व्यवस्था परिवर्तन के लिए अत्यंत आवश्यक माना है। यह परिवर्तन एक दम से नहीं हो सकता, इसलिए आचरण में परिवर्तन करने के लिए शाखा में प्रतिदिन जाने पर बल दिया गया है। स्वयंसेवकों को समाज के लिए उदाहरण बनना पड़ेगा। शताब्दी वर्ष में संघ ने प्रत्येक व्यक्ति के आचरण में परिवर्तन लाने का निर्णय लिया ताकि समाज का मन, वचन व कर्म से ऐसा व्यवहार हो जाए कि वह अपने नैतिक कर्तव्यों, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होकर स्व का बोध और स्वदेशी चीज़ों का प्रयोग करना आरंभ कर दें। पंच परिवर्तनों में कुटुम्ब प्रबोधन में हर घर को संस्कारों का केंद्र बनाना। प्रत्येक सदस्य में कर्तव्य, नैतिकता और सेवा भाव की ज्वाला जलाना। संवाद और सहयोग से घर सशक्त बनता है। बच्चों में भारतीय संस्कृति और परंपरा का बोध कराया जाए। आदर्श आचरण और मर्यादा घर-घर में झलके। मातृभूमि और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव परिवार में गहरा हो। सेवा और सहकारिता की भावना हर कार्य में दिखाई दे।

छोटे प्रयासों से परिवार आत्मनिर्भर और संस्कारित बने। ऐसे परिवार ही सशक्त समाज और महान राष्ट्र का आधार हैं। संघ ने यह सिद्ध किया है कि छोटे-छोटे परंतु सतत प्रयास भी राष्ट्र की शक्ति, एकता और गौरव को असाधारण ऊँचाई दे सकते हैं। संघ का दृष्टिकोण केवल विचार का नहीं, बल्कि व्यवहार का भी है, वह व्यक्ति में स्व का बोध जगाकर समाज को संगठित करता है और राष्ट्र को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करता है। यही पंच परिवर्तन का सार है, व्यक्ति से राष्ट्र तक, विचार से क्रिया तक, और स्वयं जागृति से समाज सेवा तक का सतत प्रवाह। सौ वर्षों की इस साधना ने यह प्रमाणित किया है कि संकल्प, साधना, अनुशासन और सेवा से ही राष्ट्रीय जीवन समृद्ध और उन्नत बनता है। संघ का यह कार्यकाल भारतीय संस्कृति, एकता और राष्ट्रभाव का जीवंत प्रतीक बन गया है, जो आने वाले शताब्दियों तक भारत को दिशा और प्रेरणा देता रहेगा।

*(लेखक शिक्षण क्षेत्र से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें




संकलित

**दर्शन**

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

## जब कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकारें



संकलित

**प्रेरणा**

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता व गुणवत्ता में सुधार हो**

राजस्थान और मध्यप्रदेश में कफ सिरफ की दवा के सेवन के बाद बच्चो की हुई मौते से सनसनी फैल गई है।मासूम बच्चो की मौत के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू की गई। चिकित्सक भगवान का रूप माना गया है। आज भी देश में डॉक्टर को नेक्सट टू गॉड की उपमा दी जाती है। देश में हजारो किस्म की दवाइयां निर्मित हो रही है। विदेशो से भी दवाईया आयात की जा रही है। आज वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाओं में दवा संजीवनी का काम करती है। देश के दवा कम्पनियों की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए समय समय पर जांच होनी चाहिए। दवा की गुणवत्ता, दवा की मिलावट, दवा आपूर्ति में लापरवाही और विपणन प्रथाओं के लिए नियम सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। मरीज को पूरा भरोसा अपने डॉक्टर पर होता है। *– कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### टीएमसी का जंगलराज




बंगाल में एक बार फिर उजागर हुआ टीएमसी का जंगलराज ! बाढ़ राहत कार्य में जुटे भाजपा सांसद व आदिवासी नेता खगेन मुर्मू पर टीएमसी गुंडों द्वारा जानलेवा हमला अतिनिंदनीय है। आज बंगाल का शासन निष्ठुर हो गया है।
**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### मियाजी ताकुमा से चर्चा



जापान के विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री मियाजी ताकुमा से चर्चा हुई। हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने पर विचार किया गया। मैंने अगले साल अप्रैल में प्रस्तावित 'हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' में भागीदार देश बनने का आमंत्रण दिया।
**- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### पैरा एथलीटों को बधाई



नई दिल्ली में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए हमारे पैरा एथलीटों को हार्दिक बधाई, जिन्होंने पदक जीतकर देश का मनोबल बढ़ाया और एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आपका धैर्य, समर्पण और उत्कृष्टता हर भारतीय के लिए प्रेरणा है।
**- भूपेन्द्र पटेल, सीएम, गुजरात**

### हमले का प्रयास शर्मनाक



आज उच्चतम न्यायालय में भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश पर हमले का प्रयास शर्मनाक और घृणित है। यह हमारी न्यायपालिका की गरिमा और कानून के शासन पर हमला है।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## करंट अफेयर


# अमेरिकी सील ने लादेन के सिर में गोली मारी थी: ट्रंप



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इतिहास कभी नहीं भूलेगा कि अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन के ठिकाने पर धावा बोलने और उसके सिर में गोली मारने वाले अमेरिकी नेवी सील के जवान थे। ट्रंप ने यह भी दोहराया कि 2001 में अल-कायदा आतंकवादियों द्वारा वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के ट्विन टावर्स पर हमले से एक साल पहले ही उन्होंने लादेन के बारे में चेतावनी दी थी। अमेरिकी नौसेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक विशेष समारोह के दौरान रविवार को वर्जीनिया के नॉरफोक में ट्रंप ने कहा, 'इतिहास कभी नहीं भूलेगा कि वो नेवी सील के जवान थे जिन्होंने ओसामा बिन लादेन के परिसर में घुसकर उसके सिर में गोली मारी थी। याद रखिएगा।' ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 9/11 हमले से एक साल पहले ही अधिकारियों से लादेन पर नजर रखने को कहा था। उन्होंने कहा, 'कृपया याद रखें, मैंने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमले से ठीक एक साल पहले ओसामा बिन लादेन के बारे में लिखा था। मैंने कहा था, 'आपको ओसामा बिन लादेन पर नज़र रखनी होगी।' मैंने एक साल पहले कहा था कि मैंने ओसामा नाम के एक व्यक्ति को देखा है और मुझे वह पसंद नहीं आया। मैंने कहा था कि उस पर नजर रखनी होगी।'

## ऑफ बीट

# क्या बच्चों को विटामिन वाले पूरक आहार देने की जरूरत है



यह सत्य है कि बच्चों को स्वस्थ विकास के लिए विटामिन ए, बी, सी, डी, ई और के के साथ-साथ फोलिक एसिड, कैल्शियम, आयोडीन, आयरन और जिंक जैसे विटामिन और खनिजों की एक विस्तृत शृंखला की आवश्यकता होती है। ये पोषक तत्व मस्तिष्क और तंत्रिका तंतुओं के विकास, दृष्टि, हड्डियों की मजबूती, प्रतिरक्षा प्रणाली, मेटाबोलिज्म यानी चयापचय और स्वस्थ वजन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, अधिकतर स्वस्थ बच्चों के लिए, ये पोषक तत्व खाद्य पदार्थों से मिल सकते हैं – न कि सप्लीमेंट्स से। यह भी सही है कि चुनिंदा तरीके से खाने की आदतों वाले बच्चे भी सामान्यतः रोज़मर्रा के खाद्य पदार्थों से पर्याप्त पोषण प्राप्त कर लेते हैं, जिनमें से कई में पोषक तत्वों को अतिरिक्त रूप से जोड़ा जाता है। सामान्य खाद्य पदार्थ जैसे नाश्ते के अनाज, दूध और रोटी में अक्सर विटामिन बी, आयरन, कैल्शियम और आयोडीन जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं। सप्लीमेंट्स के बारे में विज्ञान क्या कहता है। हालांकि कई बच्चों के सप्लीमेंट्स प्रतिरक्षा, वृद्धि या समग्र विकास का दावा करते हैं, लेकिन इस बात का कोई मजबूत वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि ये स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करते हैं या स्वस्थ बच्चों में बीमारियों को रोकते हैं।

**हमारा पता**

**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परासिया में प्रभावित परिवारों के घर जाकर की मुलाकात, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भी पहुंचे परासिया

# जहरीली सिरप कांड में सीएम ने लिया एक्शन, ताबड़तोड़ कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले के परासिया में कफ सिरप के सेवन से हुई मासूम बच्चों की असामयिक मृत्यु की घटना पर अत्यंत संवेदनशील कदम उठाते हुए पूर्व में तय अपने सभी कार्यक्रम निरस्त कर सोमवार को छिंदवाड़ा के परासिया पहुंचे और मृत बच्चों के परिजनों से उनके घर जाकर मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोक संतप्त परिजन से भेंट कर गहन दुःख व्यक्त कर उन्हें ढांढस बंधाया और भरी आंखों से अपनी आत्मीय संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी ने शोक संतप्त परिजन को एक भावनात्मक संबल दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परासिया क्षेत्र की नगर परिषद न्यूटन पहुंचकर मासूम को खोने वाले खान परिवार और ग्राम बेलगांव के डेहरिया परिवार से मुलाकात की। मुख्यमंत्री बाद में परासिया मुख्यालय पहुंचे और वहां खान परिवार, ग्राम दीघावानी के यदुवंशी परिवार और उमरेठ के सोनी परिवार से मुलाकात की। संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्राम बड़कुही पहुंचकर यहां के ठाकरे परिवार, ग्राम सेठिया के पिपरे परिवार और ग्राम इकलेहरा के उईके परिवार से मुलाकात कर उनके दुःख में शामिल हुए और शोक संतप्त परिजन के आंसू पोछते हुए कहा कि यह सिर्फ आपकी नहीं, मेरी और हम सबकी पीड़ा है। आपके बच्चों का दुख मेरा भी है। वेदना की इस घड़ी में मैं, और पूरी सरकार आपके साथ है। उन्होंने कहा कि सभी दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

न्यूटन में खान परिवार की पीड़ित माता आफरीन, जिन्होंने अपना 5 वर्ष का बेटा खोया है, मुख्यमंत्री को अपने समक्ष देखकर रो पड़ी। उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चे को तो नहीं बचा पाए, लेकिन अभी जो बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं, यदि वे बच जाएंगे, तो हमारे दिल को बड़ी दिलासा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटना अत्यंत ही दुखद और हृदयविदारक है। मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों को भरोसा दिलाया कि सबको न्याय मिलेगा। घटना के दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति या संस्था इस हादसे के लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें कठोरतम दंड दिलाया जाएगा। आज ही दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीड़ित परिजन से कहा कि राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में उनके साथ है। कोई भी परिजन खुद को असहाय या अकेला महसूस न करे। सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि जनता के सुख-दुख में राज्य सरकार हमेशा सहभागी है। घटना से पीड़ित परिजन को सभी प्रकार की शासकीय मदद तत्परता से मुहैया कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित परिवारों को सांत्वना देते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति कतई नहीं होने पाये।

### उच्चस्तरीय जांच जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घटना की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है और हम दोषियों को बख्शेंगे नहीं। साथ ही भर्ती बच्चों का इलाज ठीक तरीके से हो, इसके लिए प्रशासनिक टीम भी तैनात कर दी गई है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में हुई घटना में कार्रवाई करते हुए हमने तमिलनाडु की संबंधित फैक्ट्री की दवाइयों पर प्रतिबंध लगाया है। कड़ी कार्यवाही करते हुए तीन अधिकारियों उप औषधि नियंत्रक एवं नियंत्रण प्राधिकारी औषधि प्रशासन भोपाल श्री शोभित कोष्टा, औषधि निरीक्षक जबलपुर श्री शरद जैन और औषधि निरीक्षक छिंदवाड़ा श्री गौरव शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। फूड एंड ड्रग कंट्रोलर को भी स्थानांतरित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित परिवारों से मिलने के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से कहा कि इस मामले में सरकार ने सख्त कार्यवाही की है। संबंधित डॉक्टर पर कार्यवाही के अलावा जिस मेडिकल स्टोर से यह दवा बेची गई थी, उस मेडिकल स्टोर और दवा स्टॉकिस्ट दोनों पर कठोर कार्यवाही की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार बेहद संवेदनशील है और हमारा पूरा प्रयास है कि प्रदेश में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हो। परिजनों से भेंट के दौरान छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू, अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह सहित श्री शेषराव यादव भी मौजूद थे।

### औषधि नियमों के उल्लंघन पर अपना मेडिकल स्टोर परासिया का ड्रग लाइसेंस हुआ निरस्त

खाद्य एवं औषधि प्रशासन कार्यालय छिंदवाड़ा द्वारा विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर जिले के परासिया स्थित अपना मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी श्री शरद कुमार जैन ने बताया है कि आदेश के पश्चात इस मेडिकल स्टोर्स द्वारा अब दवाओं का क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उल्लंघन पर तीन से पाँच वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है। अनुज्ञापन अधिकारी श्री जैन ने बताया कि विभिन्न बिंदुओं पर अपना मेडिकल स्टोर्स परासिया का निरीक्षण किया गया, जिसमें औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के तहत गंभीर अनियमितताएँ पाई गईं। निरीक्षण के दौरान विक्रय रिकॉर्ड अपूर्ण पाए गए, पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में दवाओं का विक्रय किया जा रहा था तथा विक्रय बिल प्रस्तुत नहीं किए गए।इन उल्लंघनों के संबंध में औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, किन्तु नियत अवधि में संचालक द्वारा स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त के दृष्टिगत अपना मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

## दो औषधि निरीक्षकों और उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन को किया निलंबित, ड्रग कंट्रोलर स्थानांतरित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि छिंदवाड़ा प्रकरण में सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार सजग और संवेदनशील है, मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस क्रम में औषधि निरीक्षक छिंदवाड़ा श्री गौरव शर्मा, औषधि निरीक्षक जबलपुर श्री शरद कुमार जैन, उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री शोभित कोस्टा को निलंबित और ड्रग कंट्रोलर श्री दिनेश मौर्य को अन्यत्र स्थानांतरित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा प्रकरण के संबंध में सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर उच्च स्तरीय बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**अभियान चलाकर घर-घर से रिकवर करें प्रतिबंधित दवा-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोल्ड्रिफ सिरप के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही दुकानों में विद्यमान स्टॉक जप्त किया जाए। छिंदवाड़ा और आसपास के जिलों में जिन परिवारों ने यह दवा ली है, उनके घर जा कर दवा रिकवर करने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं के साथ ही सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों का सहयोग लिया जाए। कोल्ड्रिफ सिरप दवा के अलावा पिछले दिनों क्षेत्र में बिकने वाली अन्य दवाओं की प्रभावशीलता का भी आकलन कराया जाए। दवाओं पर जो चेतावनी और सावधानियां लिखी जानी चाहिए, वह लिखी जा रही हैं या नहीं इसकी जांच के लिए अभियान आरंभ किया जाए। दवा नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाए। चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कॉम्बिनेशन ड्रग नहीं देने की व्यवस्था है, जो डॉक्टर इस व्यवस्था का पालन नहीं कर रहे हैं, उन पर भी कार्यवाही की जाए।

**चिकित्सकों के संगठन और केमिस्ट एसोसिएशन का लिया जाए सहयोग-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैडियाट्रिक्स सहित चिकित्सकों के विभिन्न संगठनों और केमिस्ट एसोसिएशन के सहयोग से आवश्यक सावधानियां अपनाने और जागरूकता फैलाने के लिए कदम उठाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसी स्थिति दोबारा न बने इसके लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरती जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोल्ड्रिफ सिरप की निर्माता कंपनी पर कार्यवाही के लिए तमिलनाडु राज्य सरकार को घटनाक्रम से अवगत कराने के निर्देश भी दिए।

**छिंदवाड़ा जिले में सर्वे के माध्यम से चिन्हित किया गया प्रभावित मरीजों को-** बैठक में बताया गया कि छिंदवाड़ा से गंभीर प्रकरणों की जानकारी प्राप्त होते ही राज्य स्तर से चिकित्सकों का दल छिंदवाड़ा भेजा गया। नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल और सेंट्रल ड्रग्स स्टेण्डर्ड कंट्रोल आर्गेनाइजेशन का भी जांच में सहयोग लिया गया। आठ मरीजों की जाँच के लिए उनके नमूने पुणे स्थित प्रयोगशाला भेजे गए। साथ ही छिंदवाड़ा से विभिन्न दवाओं के सैम्पल लेकर उनकी जांच कराई गई। छिंदवाड़ा और परासिया के निजी चिकित्सकों, अस्पतालों और केमिस्ट के साथ बैठक कर स्थिति का आंकलन किया गया और उन्हें आवश्यक सावधानियां बरतने के संबंध में सलाह दी गई। छिंदवाड़ा जिले में प्रभावित मरीजों को चिन्हित करने के लिए सर्वे आरंभ किया गया। क्षेत्र से प्राप्त हो रहे इस प्रकार के प्रकरणों को आवश्यकता होने पर आगे के इलाज के लिए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय नागपुर के लिए रैफर किया गया। जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय स्तर पर दवा पर प्रतिबंध लगाया गया तथा अस्पतालों और केमिस्टों के निरीक्षण की प्रक्रिया भी आरंभ की गई।

**ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया तथा हिमाचल व तमिलनाडु के ड्रग कंट्रोलर्स को दी सूचना-** बैठक में जानकारी दी गई कि ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया और हिमाचल प्रदेश व तमिलनाडु के ड्रग कंट्रोलर्स को भी इस आशय की सूचना दी गई। तमिलनाडु ड्रग कंट्रोलर से कोल्ड्रिफ सिरप की जांच रिपोर्ट में नमूने अमानक पाये जाने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सिरप के विक्रय को पूरे प्रदेश में प्रतिबंधित किया गया। साथ ही अधिकांश मरीजों को कोल्ड्रिफ दवा लिखने तथा अपने परिवार के सदस्य के माध्यम से कोल्ड्रिफ दवा की बिक्री कराने वाले डॉक्टर के निलंबन और दवा निर्माता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाही की गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य श्री संदीप यादव सहित अधिकारी उपस्थित थे।

## पीड़ितों से मिले सीएम और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष भी





परासिया :- किडनी फेलियर से मृत बच्चों के पीड़ति परिजनों से एक ओर जहां प्रदेश के मुखिया मोहन यादव ने उनके घर जाकर मुलाक़ात की तो वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी पीड़ति परिजनों से मिले। दोनों ही नेताओं ने परिजनों को ढांढस बंधाया और सांत्वना दी। सी एम मोहन यादव परासिया में हेलीकाप्टर से उतरने के बाद सड़क मार्ग से न्यूटन में मृतक अदनान खान के घर पहुंचे। यहां बेलगांव निवासी मृतक विधि डेहरिया के माता - पिता भी मौजूद थे, उनसे भी सी एम श्री यादव ने बातचीत की और मामले में सरकार द्वारा उठाए जा रहे क़दमों की जानकारी दी। साथी ही पीड़ितों को पूरा न्याय दिलाने और हर संभव मदद करने की बात कही। इस दौरान सिविल अस्पताल परासिया में थ्री फेज बिजली कनेक्शन नहीं होने की बात भी रखी गई। इस मामले में सांसद बंटी साहू ने कलेक्टर को निर्देशित किया। सी एम के साथ सांसद विवेक बंटी साहू, जिला अध्यक्ष शेष राव यादव, अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह ने भी परिजनों से मुलाक़ात की।

## गोवंश की तस्करी करते 5 आरोपियों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी पुलिस ने मूक मवेशी गौवंश की तस्करी करने वाले 5 आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है. इनके पास से कुल 15 नग मूक मवेशी मुक्त करवाए गए है जिन्हें गौशाला पहुंचाया गया है. बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रविवार की सुबह करीब 11 बजे कटंगी सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम लोहमारा में बैरियर के पास से 11 नग मूक मवेशियों को मुक्त करवाया और पुलिस को सूचना दी. बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गणेश पिता पुनऊ नागेश्वर उम्र 50 वर्ष निवासी नागो टोला अर्जुननाला, बाबूलाल पिता धुस्सी राहंगडाले उम्र 58 निवासी वार्ड क्रमांक 12 छतेरा, जितेंद्र पिता धनलाल नगपुरे उम्र 30 वर्ष निवासी मोहगांव नांदी, विशाल पिता राजकुमार नगपुरे उम्र 22 वर्ष निवासी मोहगांव नांदी के कब्जे से कुल 11 नग गौवंश को मुक्त करवाया. कथित तौर पर इन मवेशियों को कत्लखाने भेजा जा रहा था. पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 347 दर्ज कर मध्य प्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4,6, 9, पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (घ), भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 3 (5) की कार्रवाई की है. वहीं रविवार की शाम करीब 04 बजे पुलिस ने दूसरी कार्रवाई करते हुए ग्राम गोपालपुर से आरोपी जय सियाराम पिता प्रेमलाल पंचेश्वर उम्र 50 वर्ष निवासी पाठापार थाना अरी जिला सिवनी के पास से 04 नग गौवंश बरामद किया है. आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 348 दर्ज कर मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4,6, 9, पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (घ) की कार्रवाई की।

## मनगवां बस्ती में 200 साल पुराने मंदिर में तोड़फोड़, प्रतिमाएं खंडित, ग्रामीणों में आक्रोश

रीवा।

जिले के मनगवां बस्ती स्थित एक प्राचीन मंदिर को बीती रात अराजक तत्वों ने निशाना बनाते हुए भगवान हनुमान और गणेश की प्रतिमाओं को खंडित कर दिया। रविवार सुबह जब श्रद्धालु प्रतिदिन की तरह पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो प्रतिमाएं खंडित देख स्तब्ध रह गए। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि यह मंदिर लगभग 200 वर्ष पुराना है और स्थानीय श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अज्ञात असामाजिक तत्वों ने मंदिर परिसर में घुसकर जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को आहत करने की नीयत से यह कृत्य किया है। खंडित प्रतिमाओं को देखकर गांव में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया है। मंदिर में हुई तोड़फोड़ के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। स्थानीय लोगों ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और एफएसएल टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। मनगवां पुलिस ने बताया कि मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और कुछ संदिग्धों के नाम सामने आए हैं, जिनकी पहचान कर पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

## इलाज में देरी पर परिजनों और नर्सों के बीच हुआ विवाद



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिला अस्पताल के ऑर्थो वार्ड में रविवार शाम मरीज के परिजनों और स्टाफ नर्सों के बीच हुए विवाद पर सोमवार को विराम लग गया। परिजनों की लिखित में माफी मांगने के बाद, नाराज नर्सों ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया और काम पर लौट आईं। यह विवाद रविवार शाम इलाज में देरी को लेकर शुरू हुआ था, जो गाली-गलौज और धक्का-मुक्की तक पहुंच गया था। घटना के बाद दोनों पक्षों ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। सोमवार को विवाद के विरोध में अस्पताल की स्टाफ नर्सों ने बैठक की और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उनकी मुख्य मांग थी कि या तो मरीज के परिजनों पर कार्रवाई हो या वे माफी मांगें। स्टाफ नर्स मंजू बिसेन ने बताया कि वे अपनी साथी नर्सों वर्षा रंगारे और भोजवती के साथ मरीज संजय मोहारे को इंजेक्शन लगाने गई थीं, तभी परिजनों ने उनके साथ अभद्रता की। मामले में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद, मरीज के परिजनों ने अन्य मरीजों के इलाज को देखते हुए नर्सों से माफी मांग ली। माफीनामे के बाद नर्सों ने भी परिजनों को माफ कर दिया और अपनी शिकायत वापस ले ली। मरीज के परिजन प्रेमशिखर मोहारे ने अपनी बात रखते हुए कहा कि उनके चाचा को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था और शाम तक उपचार शुरू नहीं हुआ। उनके पिता ने केवल देरी से आने के बारे में पूछा था, जिस पर नर्सें नाराज हो गईं और उन्हें भी भला-बुरा कहने लगीं। मोहारे ने बताया, ₹अन्य मरीजों के इलाज की खातिर, हमने नर्सेस से अपनी गलती के लिए माफी मांगी है और समझौता कर लिया है। समझौते के बाद, नर्सों में उपजा नाराजगी का माहौल समाप्त हो गया और वे अपने-अपने वार्ड में लौट गईं।

## जुन्नारदेव परियोजना अधिकारी 20 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाई

### लोकायुक्त की कार्यवाही, हद कर दिए रिश्वतखोर, दो दिन में अवैध उगाही का दूसरा मामला, महिला बाल विकास में खुलकर हो रही वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया/जुन्नारदेव



जिले में मुख्यमंत्री के आने में एक घंटा था, कमिश्नर छिंदवाड़ा में, विपक्ष का जमघट लगा था फिर भी बेखौफ होकर महिला बाल विकास की पीओ सीमा पटेल ने 20 हजार की रिश्वत ली।

बीते शनिवार को विभाग के सहायक संचालक हेमंत छेकर को अवैध वसूली करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पकड़ा और पुलिस को सौंपा था ठीक एक दिन बाद सोमवार को जुन्नारदेव में एकीकृत महिला एंव बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी सीमा पटेल बीस हजार की रिश्वत लेते लोकायुक्त के हाथ चढ़ गई। इन दोनों घटनाओं ने महिला बाल विकास विभाग में जमकर चल रहे भ्रष्टाचार का भांडा फोडकर रख दिया है।परियोजना अधिकारी सीमा पटेल की कार्यप्रणाली विवादित रही है। सन 2016-17 में महिला सशक्तिकरण अधिकारी के पद पर कार्यरत सीमा पटेल का कार्यकाल उस दौरान भी खासा विवादास्पद रहा था। उनकी एक बार फिर इस विकास खंड में परियोजना अधिकारी के रूप में बीते वर्ष में हुई थी। यहां पर अपने कार्यकाल के प्रारंभिक दिनों में ही ग्राम पंचायत गारादेही की एक आंगनवाडी सहायिका से कथित तौर पर रूपयों की मांग किए जाने से उसकी तबीयत बिगड़ गई थी. जो अब तक नागपुर में उपचाररत है। इससे पहले तामिया में भी उनकी भिड़ंत महिला आगनवाड़ी सहायिका सीमा ऊइके से हो चुकी थी जो मामला थाने तक जा पहुंचा था। अपनी ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं से रुपए मांगने की ऐसी कई घटनाओं से इनका हमेशा ही जुड़ाव लगा रहा है। नियुक्ति पत्र के एवज में 50 हजार की मांग की पहली किस्त 20 हजार लेते धराया स्टॉफ सोमवार को नगर के महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में लोकायुक्त की एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। यहां पर नियुक्ति के नाम पर रिश्वत के रूप में मांगे गए 20 हजार को लेते हुए परियोजना अधिकारी एवं उनकी तीन सुपरवाइजर को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। स्थानीय वनग्राम कालीमाटी में स्थित महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में सोमवार को दोपहर बाद हुई इस कार्रवाई में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुश्री सीमा पटेल सहित अन्य तीन सुपरवाइजर सुश्री बिंदु माहीर, श्रीमती आरती आप्नवंशी एवं श्रीमती लक्ष्मी पंडोले को रुपए 20 हजार की धन राशि लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया है। इनके खिलाफ लोकायुक्त जबलपुर के द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन के तहत कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार जुन्नारदेव विकासखंड के ग्राम पंचायत उमरघोड़ की निवासी कुमारी पूजा उड़के का चयन आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर वरीयता के आधार पर हो चुका था। चयनित उम्मीदवार सुश्री पूजा उईके द्वारा इस कार्यालय की अधिकारी एवं कर्मचारियों से अपना नियुक्ति पत्र की मांग किए जाने पर उसके एवज में इन अधिकारियों के द्वारा रुपाए 50 हजार की मांग की गई थी। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुश्री सीमा पटेल के कहने पर अन्य तीन सुपरवाइजर ने इस चयनित उम्मीदवार से नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाने के एवज में रुपए 50000 की मांग रखी थी। जिसकी प्रथम किस्त 20000 आज इन चारों महिला अधिकारी और कर्मचारियों को आवेदक के द्वारा दिए गए। इसी दौरान लोकायुक्त ने दबिश देकर परियोजना अधिकारी सीमा पटेल और उनकी तीन अन्य सुपरवाइजर बिंदु माहीर, आरती आम्रवंशी एवं लक्ष्मी पंडोले को धर दबोच लिया गया। लोकायुक्त पुलिस के द्वारा इन चारों आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 की धारा 7, 13 (1), बी. 13 (2), 12 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में आज हुई इस कार्रवाई में लोकायुक्त के दल में प्रभारी निरीक्षक उमा कुशवाहा, निरीक्षक शशि मुस्कुले निरीक्षक जितेंद्र यादव एवं आरक्षकगण शामिल थे।

भ्रष्टाचारी अधिकारियों का गढ़ बना आदिवासी विकासखंड जुन्नारदेव छिंदवाड़ा जिले का यह आदिवासी विकासखंड जुन्नारदेव में भ्रष्टाचार की कई कहानियां बन चुकी है। इस आदिवासी विकासखंड में लोकायुक्त के द्वारा यह लगातार 9 वी कार्रवाई की गई है, जिसमें यहां पदस्थ बड़े अधिकारी भ्रष्टाचार की इस कार्रवाई के घेरे में आ खड़े हुए हैं।

इससे पहले लोकायुक्त की कार्रवाई में डॉक्टर रविंद्र कटारिया, जनपद पंचायत के एसडीओ आर के गुप्ता, मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के रवि शंकर सिंह, जनपद पंचायत जुन्नारदेव के सीईओ सुरेंद्र साहू बीएमओ आर आर सिंह, एसडीएम के रीडर मरकाम बाबू, पशु चिकित्सा योगेश सेमिल तथा रोजगार सहायक मुकेश बेलवशी भरष्टाचार अधिनियम के तहत आरोपी बनाए गए थे।

## केशवाही में दुर्गा विसर्जन यात्रा पर पथराव

## पुलिस की निष्क्रियता पर बजरंग दल का फूटा गुस्सा, 10 अक्टूबर से आंदोलन की चेतावनी

**शहडोल।** जिले के केशवाही चौकी क्षेत्र अंतर्गत हिंदू समाज के सम्मान और सुरक्षा को लेकर माहौल गरम है। 3 अक्टूबर की शाम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन यात्रा के दौरान हुई पथराव की घटना ने पूरे क्षेत्र को तनावग्रस्त बना दिया है। यह घटना शाम 7 से 8 बजे के बीच गांधी मार्केट, नया बस स्टैंड, मस्जिद के सामने उस समय हुई, जब श्रद्धालु मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के लिए यात्रा कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नाविद इराकी की दुकान और गुड्डू खान के शेड के सामने से अचानक मोहम्मद रियाजुद्दीन, पिंटू खान, जैमुल खान, नाविद ईरानी, आसिफ खान, रजा मंसूरी, तौसी शेख, आबिद खान, साहिल खान सहित लगभग 40-50 लोगों ने महिलाओं और श्रद्धालुओं पर पथराव कर दिया। बताया जा रहा है कि इन आरोपियों ने पहले भी धमकियां दी थीं और स्थानीय स्तर पर तनाव फैलाने की कोशिश की थी। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इससे पहले भी इन्हीं लोगों द्वारा वन विभाग अधिकारी पर हमला किया गया था, जब उन्होंने गौ तस्करी में प्रयुक्त वाहन को पकड़ा था। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने केशवाही पुलिस चौकी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने आरोप लगाया है कि पुलिस प्रशासन ने अब तक किसी भी आरोपी मुस्लिम युवक पर कार्रवाई नहीं की है। उल्टे जिन हिंदुओं ने बाजार बंद का आह्वान किया, उन्हीं पर कठोर धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पुलिस द्वारा हिंदू युवकों को रात में घर से उठाने के दृश्य सामने आने से आक्रोश और बढ़ गया है। विश्व हिंदू परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि 9 अक्टूबर तक निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई, तो 10 अक्टूबर से उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। संगठन ने कहा कि अब हिंदू समाज चुप नहीं बैठेगा, न्याय होगा तो शांति रहेगी।

# भगवान राम का हुआ राजतिलक

## धनुष यज्ञ रामलीला समिति सदर



**जबलपुर।** सदर नगरी अयोध्या का रूप धारण कर प्रथम तिलक वशिष्ठ द्वारा सुग्रीव, विभीषण, हनुमान, जामवंत, नल, नील, अंगद, प्रजाजन वरिष्ठ नागरिक प्रभु को भेंट तिलक, अयोध्या के राजा घोषित हुए भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम चारों ओर हर्षउल्लास उमंग के साथ मिष्ठान वितरण किया गया। प्रभु राम ने अपने मित्रों से कहा 6 माह हो गए हैं हम आप लोग अपने जननी जन्मभूमि में अपना कर्तव्य का निर्वहन करें आपकी प्रजा जान आपकी प्रतीक्षा कर रही है, सभी को विदाई दे भेजने लगते हैं तभी अंगद कहते हैं प्रभु मेरे पिता ने आपकी शरण में मुझे छोड़ा था आपके चरणों में मुझे रहने दें समझने के बाद अंगद व सुग्रीव उचित वस्त्र देकर विदा करते हैं, हनुमान अपने राजा सुग्रीव से आज्ञा लेकर प्रभु की अनंत सेवा की इच्छा व्यक्त करते हैं सुग्रीव उन्हें विदा करते हैं, यहीं पर लीला को विराम दिया जाता है। 06, अक्टूबर दिन सोमवार को शरद पूर्णिमा पर हवन पूजन, राम अलंकार रत्न पुरस्कार से पात्रों को अलंकृत किया गया। शासन प्रशासन, इलेक्ट्रिक मीडिया, प्रिंट मीडिया, संस्कारधानी की जनता का अभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सीताराम कुरचानिया, नरेश तिवारी, आदेश दीक्षित, अभिषेक चौकसे, मधुर तिवारी, धनंजय बाजपेई, संदीप चौकसे, राहुल रजक, प्रवण अवस्थी, प्रकाश सोनी, अभय नायडू, आकाश नायडू, सतीश पाठक, देव कुरचानिया, आशीष पाठक, मोहित अग्निहोत्री, मनोहर लाल अग्निहोत्री, बिन्नी महावर, प्रकाश पंडित, जयशंकर मिश्रा, विजय ठाकुर, डॉक्टर शंकर पांडे, अरुण तिवारी, प्रमोद तिवारी आदि उपस्थित रहे।



## गढ़ा रामलीला में राम राज्याभिषेक एवं वानरों की हुई विदाई

**जबलपुर।** सिद्ध मंच गढ़ा रामलीला के 59 वें मंचन महोत्सव के अंतर्गत राम राज्याभिषेक की लीला में प्रथम तिलक गुरु वशिष्ठ कीन्हा गुरु वशिष्ठ के रूप में जगद्गुरु बालगोविंद शास्त्री एवं ज्योतिषविद श्री अयोध्या धाम की जनता को संबोधित करते हुए घोषणा की कि आज से हमारे सम्राट श्रीराम होंगे और वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ श्रीराम का तिलक किया। मुख्य अतिथि विधायक अभिलाष पांडे ,प्रमुख अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, अध्यक्ष श्रीमती संध्या जैन श्रुति" राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षिका वरिष्ठ साहित्यकार एवं विशिष्ट अतिथि अजय तिवारी 'धतुरहा' पूर्व महामंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता, ने भगवान श्रीराम का तिलक किया। इसके उपरांत स्थायी सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष श्रीरामलीला समिति गढ़ा के रमाशंकर कटारे का अभिनंदन श्रीरामलीला समिति गढ़ा के संचालक पंडित अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष राकेश पाठक,महामंत्री लोकराम कोरी,निर्देशक राजेश मिश्रा,शरद दुबे कुररिया,भोलाराम खत्री,सीताराम दुबे,राजेंद्र प्यासी, हरीष मनोध्याय, नीलेश चौबे एवं श्रीरामजन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक बघेल'दादा भाई',महामंत्री डॉक्टर भूपेन्द्र उपाध्याय,हनुमंत सिंह रघुवंशी,गनपत कोष्टा द्वारा किया गया।



## नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई धूमधाम से हुआ प्रतिमा का विसर्जन

**जबलपुर।** शारदीय नवरात्र की संपन्नता के साथ ही मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन के क्रम का सिलसिला अब तक जारी है। इसी क्रम में सुहागी इंद्रा नगर स्थित सिद्ध पीठ दुर्गा मंदिर में विराजी मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन हुआ। भक्त गली चौराहे से होकर निकले जुलूस में डीजे की गूंज, अबीर-गुलाल और जयकारों की गूंज के बीच भक्तजन मां भगवती की प्रतिमा के साथ भावभीनी विदाई देते हुए अधारताल तालाब घाट के विसर्जन स्थल तक पहुंचे और भक्तों ने मां दुर्गा को अगले वर्ष पुनः आने का आवाह्न किया। इस दौरान सिद्ध पीठ दुर्गा मंदिर के पुजारी अनुराग कृष्ण शास्त्री, समीति के कमलेश पटेल, जगदीश पटेल समेत बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष व बच्चे विसर्जन जूलूस में शामिल हुए।


## कुरील समाज सेवा भवन में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**जबलपुर।** सदर स्थित श्री कुरील समाज सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा गली नंबर 10 कुरील समाज सेवा भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अशोक रोहाणी की उपस्थिति रही, शिविर में वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने यहां पहुंचकर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत परामर्श देकर दवाइयां वितरण की। शिविर में लगभग 700 मरीजों ने अपना उपचार परामर्श कर दवाइयां प्राप्त की। शिविर में पेट रोग, नेत्र रोग, छाती रोग, दंत रोग, स्त्री एवं प्रसूता रोग, नाक, गला, शुगर एवं बीपी विशेषज्ञों की टीम मौजूद रही शिविर सुबह 10:00 बजे से 4:00 बजे तक चला, शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में संरक्षक सुधीर कुरील, विजय आनंद कुरील, दिलीप फूलचंद कुरील, चंद्रशेखर कुरील तथा श्री कुरील समाज सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष रोहित कुरील, आशीष कुरील, सुनील कुरील, ऋषि कुरील, रॉबिन कुरील, राहुल कुरील, राजकुमार कुरील, कृष्णा कुरील इत्यादि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर भव्य आयोजन आज

**जबलपुर।** सेवा ही सबसे बड़ा धर्म, समाज उत्थान ही हमारा कर्म है, इसी भावना के साथ वाल्मीकि समाज जबलपुर द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी महर्षि वाल्मीकि जयंती का भव्य आयोजन 07 अक्टूबर को किया जा रहा है। यह समारोह शाम 06 बजे से संस्कृति थियेटर भंवरताल गार्डन जबलपुर में आयोजित होगा।



समाज के सभी बंधुओं से आग्रह है कि सपरिवार उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनें और महर्षि वाल्मीकिजी के आशीर्वाद के पात्र बनें।

## संजीवनी क्लिनिक ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य व परामर्श शिविर



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक गौरैयाघाट की मेडिकल ऑफिसर डॉ सौम्य अग्रवाल के मार्गदर्शन में कुरील समाज दुर्गा उत्सव समिति गली न 10 सदर में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया जहाँ कुरील समाज के विजय आनंद, दिलीप कुरील, एड चन्द्रशेखर कुरील,सुधीर कुरील, दिलीप, फूलचंद कुरील, राजकुमार कुरील, सुनील, महेश कुरील, राहुल कुरील, राकेश श्रीवाश,संजय कुरील, रोहित कुरील,आशीष कुरील, ऋषि कुरील, रज्जू श्रीवाश, सोनू कुरील सहित समिति के अन्य कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराकर, उचित परामर्श के साथ दवाएं प्राप्त कर डॉ टीम का आभार प्रकट किया। अनिल शुक्ला ने बताया कि मेडिकल ऑफिसर डॉ सौम्या अग्रवाल ने लोगों का स्वास्थ्य जांच कर, परामर्श देते हुए बताया कि अपने दैनिक जीवन में स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजगता बरतें समय पर आहार व दवाएं ले ताकि स्वयं व घर परिवार खुशाल रह सके। इस मौके पर भारती प्रजापति, पूनम कटारे, नर्सिंग स्टाफ व अतुल का सहयोग अत्यंत ही सराहनीय रही।



## मध्यप्रदेश स्टेट वार्षिक नेत्र विशेषज्ञ कॉन्फ्रेंस ग्वालियर में सम्पन्न

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश स्टेट वार्षिक नेत्र विशेषज्ञ कॉन्फ्रेंस ग्वालियर में सम्पन्न हुई जिसमें शहर के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. पवन स्थापक ने बायनोक्यूलर कम्प्लीमेंटरी ट्राइफोकल एडोफ आर्टिस लेंस पर शोध पत्र प्रस्तुत किया, मोतियाबिंद के ऑपरेशन की नई विधा में आंख में प्रत्योपित ये लेंस रोगियों को दूर के साथ-साथ पास की वस्तुओं को देखने में भी स्पष्टता प्रदान करते हैं, जिससे अधिकांश दैनिक कार्यों के लिए चश्मे की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। "डॉ. पवन स्थापक ने इस पहल के बारे में कहा, मोतियाबिंद एक आम समस्या है, लेकिन आज की उन्नत तकनीक इसे पूरी तरह से ठीक कर सकती है। ट्राइफ़ोकल एडॉफ़ आर्टिस आईओएल सबसे अच्छे दृश्य परिणाम देते हैं, हमारा लक्ष्य है कि हर मरीज़ को सर्वश्रेष्ठ उपचार मिले। मरीज़ ऑपरेशन के बाद एक अच्छी और चश्मा-मुक्त जिंदगी जी सकें।"

## खालसा महाविद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ हुआ पवित्र परंपरा से



**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ एक पवित्र परंपरा से होता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 6 अक्टूबर 2025 को श्री सहज पाठ साहिब जी की समाप्ति श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ महाविद्यालय प्रांगण में रखी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार एमएस चावला, सदस्य सरदार जी.एस. बांगा, सरदार आर.एस. गूमर, सरदार जीएस छाबड़ा एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग के विभागध्यक्ष प्रोफ़ेसर एस.एस. संधू एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस. चंडोक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ पर सर्वप्रथम सभी अतिथिजनों एवं प्राध्यापकों द्वारा निशान साहिब की सेवा की गई, उसके उपरांत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सहज पाठ की समाप्ति विधिवत रूप से पूर्ण की गई। तत्पश्चात प्राचार्य एवं श्री चावला द्वारा संधू सर का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के सौहाद्र पूर्ण समापन में महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रीमती शिखा पाराशर, डॉ. मनीष शाह, डॉ. शिवमणि मिश्रा, डॉ. अंजू पाठक, डॉ. विपिन रॉय, एम श्रीमती प्रकृति विश्वास, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. संध्या कोष्टा, डॉ. शशि दुबे, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. आरती शुक्ला, डॉ. अम्बिका तिवारी सहित अन्य सभी प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों का अहम भूमिका रही। कार्यक्रम के संयोजन में माइनॉरिटी समिति के सदस्य डॉ. परमजीत बाजवा, डॉ. रूबी दुग्गल, डॉ. गुरप्रीत कालरा, जसविंदर कौर, राजबीर कौर, अमरदीप कौर, डॉ. बलबीर कौर आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## पूर्व क्षेत्र कंपनी के प्रबंध संचालक ने सुनील कुमार दानी को सेवानिवृत्ति पर दी सम्मानपूर्ण विदाई

**जबलपुर।** पूर्व क्षेत्र कंपनी के प्रबंध संचालक कार्यालय में कार्यरत सुनील कुमार दानी, कार्यालय सहायक श्रेणी-3, को उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भावभीन विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह गरिमामयी कार्यक्रम कंपनी के प्रबंध संचालक द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें श्री दानी को उनके वर्षों के सेवा-काल के लिए आदरपूर्वक सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें शॉल, श्रीफल और उपहार स्वरूप एक सुंदर घड़ी भेंट की गई। समारोह में वक्ताओं ने श्री दानी की कार्यशैली, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें कंपनी की प्रेरक संपत्ति बताया। समारोह में कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) श्रीमती संपदा सराफ गुर्जर, मुख्य महाप्रबंधक (कार्य एवं आर.डी.एस.एस) संजय भागवतकर, मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) अशोक सिंह धुर्वे, मुख्य वित्तीय अधिकारी विक्रम भास्कर, प्रमुख (कंप्यूटर पद्धित एवं संचलन) अरविंद सक्सेना सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं सहकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने श्री दानी को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और उनके साथ जुड़ी अनेक मधुर यादों को साझा किया। कार्यक्रम एक भावनात्मक वातावरण में सम्पन्न हुआ, जहाँ सम्मान, समर्पण और सौहार्द का सुंदर संगम देखने को मिला।

## हनुमानताल सरोवर में विसर्जित किए गए माँ सिद्धिदात्री, माँ काली के जवारे

**जबलपुर।** माँ सिद्धिदात्री मंदिर समिति द्वारा इस शारदेय नवरात्र पर 22 सितम्बर को मां के (घट) जवारे रखे गए थे, जिनका विसर्जन चल समारोह 05 अक्टूबर को मंदिर प्रांगण से निकाला गया। सर्वप्रथम 101 जवारा कलशों की पूजा अर्चना मुन्नू पंडा द्वारा की गई तदोपरांत शाम 7.30 बजे विसर्जन चल समारोह हनुमानताल तालाब के लिए आरंभ हुआ, जिसमें भजन गाती मंडली, डांडिया करती छोटी-छोटी बालिकाएं, माँ काली नृत्य की प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रही।

## मानव अधिकार अपराध नियंत्रण संगठन ने मंत्री डॉ. वीरेंद्र खटीक से मुलाक़ात की



**जबलपुर।** आज डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक से डॉ. अजय वाधवानी एवं टीम ने मुलाक़ात की और राष्ट्र विकास के विषयों पर चर्चा की, साथ ही संगठन द्वारा जो कार्य देश हित उनके बारे में भी मंत्रीजी को बताया और मंत्री जी ने अच्छे कार्यों की सराहना की, इसमें डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी, एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, कपिल गोयल, डॉ. अशोक मेथवानी, विजय अगीचा और अन्य शामिल हुए।

## बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट में "एंटरप्रेन्योरशिप अवेयरनेस ड्राइव का भव्य आयोजन

**जबलपुर।**



बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जबलपुर में कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ई-सेल, आईआईटी खड़गपुर के सहयोग से "एंटरप्रेन्योरशिप अवेयरनेस ड्राइव जबलपुर 2025" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में नवाचार, स्टार्ट-अप संस्कृति और उद्यमिता के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन डॉ. सौरभ बड़ेरिया के मार्गदर्शन में हुआ, वहीं अध्यक्षता निदेशक डॉ. राजीव खत्री ने की। डॉ. खत्री ने अपने उद्बोधन में छात्रों को तकनीकी विकास, नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता एजियस टेक्नोलॉजीज, बेंगलुरु के सह-संस्थापक एवं सीईओ श्री सुरज वर्नेकर और पीसी एडवाइजरी की संस्थापक एवं निदेशक सुश्री प्रीति चौधरी ने शिरकत की। दोनों विशेषज्ञों ने स्टार्टअप की दुनिया, उद्यमशीलता के प्रारंभिक चरण, उद्योग की बदलती मांगों तथा सफल करियर निर्माण पर उपयोगी मार्गदर्शन दिया। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान संस्थान की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. निहारिका यादव द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, समस्याओं को सुलझाने की क्षमता और उद्योग से जुड़ी दक्षताओं का विकास करना है। इस सफल आयोजन में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. सौरभ शर्मा, आईटी विभागाध्यक्ष प्रो. विशाल परांजपे, प्रो. जोहेब हसन सहित पूरी संकाय टीम का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/134
दिनांक:- 06/10/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कुमारी भारती साहू पुत्री डॉ. श्री हरीशंकर साहू ने मकान नं. 859 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल- 743 व.फु., प्रथम तल 652 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/133
दिनांक:- 06/10/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमती रितु शिवहरे पति श्री मनोज कुमार शिवहरे (2) श्री रणवीर शिवहरे पिता श्री मनोज कुमार शिवहरे ने मकान नं. 2674 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल- 1500 व.फु. मृत्यू प्रमाणपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/132
दिनांक:- 06/10/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नारायण शंकर शिवहरे पिता स्व. श्री अनंतराम शिवहरे ने मकान नं. 2670 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल- 1300 व.फु. तबादलानामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/127
दिनांक:- 06/10/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संतोष शर्मा पति श्री अनिल कुमार शर्मा ने मकान नं. 107/2 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि- 1800 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# प्लास्टो ने पेश की नई अनब्रेकेबल चेयर

## 10 साल की गारंटी के साथ मजबूती और गुणवत्ता का बेजोड़ संगम




**नागपुर।** आरसी प्लास्टो टैंक एंड पाइप्स प्रा. लि., जो भारत में उच्च गुणवत्ता वाले प्लास्टिक टैंकों, पाइप्स और घरेलू उत्पादों काअग्रणी ब्रांड है, ने कंपनी ने अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में नई अनब्रेकेबल चेयर शामिल की है, जो हर उपयोग के लिए टिकाऊ और आकर्षक डिज़ाइन के साथ उपलब्ध है।यह चेयर मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट्स के खिलाफ 10 साल की गारंटी के साथ आती है जो की इस श्रेणी में पहली बार हुआ है और युव्ही प्रोटेक्शन और एंटी ऑक्सिडन्ट टेक्नोलॉजी से निर्मित होने के कारण लंबे समय तक मजबूत बनी रहती है। साधारण कुर्सियों की तुलना में इसकी मजबूती कहीं अधिक है और यह टूट-फूट से पूरी तरह सुरक्षित है। उच्चगुणवत्ता, आकर्षक डिज़ाइन और टिकाऊपन से बने ये उत्पाद हर घर की ज़रूरत को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।

यह प्रोडक्टस अब आपकेनज़दी की डीलर्स और आर.सी.प्लास्टो के ऑथराइज़्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास उपलब्ध है। उच्चगुणवत्ता वाले पानी के टैंक, पाइप और संबंधित उत्पादों के निर्माण में 4 दशकों के अनुभव के साथ, प्लास्टो भारत में एक भरोसेमंद घरेलू नाम बन गया है। नवाचार, गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि के लिए जाना जाने वाला यह ब्रांड जलभंडारण और पाइपिंग उद्योग में लगातार नए मानक स्थापित कर रहा है।आर्.सी.प्लास्टो में प्रत्येक उत्पाद ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। प्रत्येक उत्पादको विभिन्न परीक्षण और प्रसंस्करण के माध्यम से जाना पडता है ताकि ग्राहक सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त कर सकें। जल्द ही यह उत्पाद देशभर के सभी अधिकृत डीलरों के पास उपलब्ध होगा।अधिक जानकारी के लिए, नागपुर और महाराष्ट्र में हमारे वितरकों और डिलरों से संपर्क करें।इच्छुक ग्राहक कंपनी की वेबसाईट पर जा सकते है।

# बैंकों में बिना दावे के पड़ी 1.84 लाख करोड़ की संपत्तियां

## सीतारमण की अधिकारियों से अपील, वे तीन ए, जागरुकता, पहुंच और कार्यवाही पर काम करें, ताकि यह राशि सही हकदारों तक पहुंचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




बैंकों और नियामकों के पास 1.84 लाख करोड़ रुपए की वित्तीय संपत्ति बिना दावे के पड़ी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अधिकरिरयों को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि ये सही मालिकों तक पहुंचें। सीतारमण ने गुजरात के गाधीनगर से तीन महीने लंबी 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई और बैंकों व वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सीतारमण ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे तीन ए, जागरूकता, पहुंच और कार्यवाही पर काम करें ताकि यह राशि सही हकदारों तक पहुंचे। पहला 'ए' जागरूकता फैलाएं। उन्हें बताएं कि आपका पैसा वहां पड़ा है, इस दस्तावेज के साथ आएं और इसे ले जाएं। आप राजदूत बन सकते हैं और लोगों को बता सकते हैं कि क्या उन्होंने अभी तक अपनी जायज संपत्ति का दावा नहीं किया है। बस उनसे कहें कि वे अपने दस्तावेज ढूंढें और पोर्टल पर पंजीकरण कराएं। मंत्री ने आगे कहा कि, आरबीआई के यूडीजीएएम पोर्टल या इस उद्देश्य के लिए बैंकों द्वारा बनाए गए स्टॉलों के माध्यम से, उन सही दावेदारों तक पहुंच प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि तीसरा ए एक्शन है, जहां आप (अधिकारी) जो कुछ भी आपके पास है, जैसे कागज के छोटे टुकड़े, उस पर कार्रवाई करते हैं। उन्होंने कहा कि एकजुट प्रयास से अभियान सफल होगा।

### *यूडीजीएएम पोर्टल*

*आरबीआई ने यूडीजीएएम पोर्टल बनाया है, जिसके जरिए लोग अपनी अनक्लेम्ड जमा राशि का पता लगा सकते हैं। सीतारमण ने अधिकारियों से लोगों में जागरूकता फैलाने और उन्हें पोर्टल या बैंक स्टाल के माध्यम से संपत्ति वापस लेने में मदद करने का आग्रह किया।*

### *बगैर दावेदारों के राशि ट्रांसफर नहीं हो सकती*

*वित्त मंत्री ने बताया कि अनक्लेम्ड राशि बैंक, आरबीआई या आईईपीएफ में सुरक्षित है और उचित दस्तावेज पेश करने पर इसे लिया जा सकता है। अगर संपत्ति लंबे समय तक दावा न की जाए तो यह एक संस्था से दूसरी संस्था में ट्रांसफर हो जाती है। सीतारमण ने गुजरात ग्रामीण बैंक की भी सराहना की, जिसने उन्हें आश्वासन दिया था कि उसके अधिकारी राज्य के प्रत्येक गांव में जाकर बैंक में पड़ी लावारिस जमा राशि के असली मालिकों की तलाश करेंगे।*

# महिंद्रा ने पेश की नई बोलेरो

**मुंबई।** भारत की अग्रणी एसयूवी विनिर्माता, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज बोलेरो की नई रेंज पेश की। नई बोलेरो की कीमत 7.99 लाख (शोरूम में) से शुरू होती है, और नए पेश किए गए टॉप-एंड (मंहगे) बी8 वेरिएंट की कीमत 9.69 लाख (शोरूम में) है। नई बोलेरो नियो की शुरुआती कीमत 8.49 लाख (एक्स-शोरूम) है, जबकि नए टॉप-एंड (मंहगे) वेरिएंट एन11 की कीमत 9.99 लाख (एक्स-शोरूम) है। इस लॉन्च के साथ, बोलेरो रेंज खूबसूरती, अधिक आराम और आधुनिक सुविधाओं के साथ अपना विशिष्ट आकर्षण बरकरार रखे हुए है।बोलेरो अपनी 25 साल की विरासत और 16 लाख से ज़्यादा संतुष्ट ग्राहकों के साथ, बहुउपयोगी एसयूवी बनी हुई है। यह शहर की व्यस्त सड़कों से लेकर ऊबड़-खाबड़ सड़कों वाले ग्रामीण इलाकों तक, विविध इलाकों में बेहतरीन प्रदर्शन करती है और असाधारण अनुकूलनशीलता तथा मूल्य प्रदान करती है।महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव डिवीजन के मुख्य कार्यकारी, नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा, "बोलेरो समय की कसौटी पर खरी उतरी है और 25 साल से भी अधिक समय से भारत की सबसे बहुमुखी तथामज़बूत एसयूवी में से एक के रूप में अपनी जगह बनाए हुए है।



## 15 नवंबर से बदलेंगे टोल टैक्स के नियम, बिना फास्टैग लगेगा ज्यादा पैसा

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने टोल टैक्स के नियमों में बदलाव किया है। मंत्रालय की नई अधिसूचना के मुताबिक 15 नवंबर 2025 से पूरे देश में नए नियम लागू हो जाएंगे। आपकी गाड़ी में फास्टैग नहीं लगा है औरकैश में टोल टैक्स चुकाते हैं, तो अब दोगुना शुल्क देना पड़ेगा। वहीं, अगर कोई वाहन चालक यूपीआई से भुगतान करता है, तो उसे सवा गुना टोल टैक्स देना होगा। सरकार का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य डिजिटल ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देना है। केंद्र सरकार चाहती है कि टोल प्लाजा पर कैश लेन-देन खत्म हो ताकि वसूली की प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बने।

# अब तेल की जगह सोने की कीमत बन गई है वैश्विक अनिश्चितता का नया बैरोमीटरः आरबीआई गवर्नर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि शायद सोने की कीमत वैश्विक अनिश्चितताओं को दर्शाने वाले एक नए बैरोमीटर के रूप में काम कर रही है जबकि पहले कच्चा तेल ऐसा करता था। मल्होत्रा ने वर्तमान में लगभग हर देश के वित्तीय रूप से 'काफी तनावग्रस्त' होने का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा व्यापार नीति का माहौल कुछ अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने निवेशकों को सजग करते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट देखी जा सकती है। आरबीआई ने तटस्थ मौद्रिक नीति रुख के साथ रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने की घोषणा की। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अनुमान से कहीं अधिक जुझारू रही है, लेकिन भविष्य अब भी धुंधला नजर आ रहा है। आरबीआई गवर्नर ने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन 2025 में कहाकि भू-राजनीतिक तनावों की वजह से पिछले दशक में तेल की कीमतें आसमान छू सकती थीं लेकिन इन तनावों के बावजूद वर्तमान में तेल की कीमतें बहुत सीमित दायरे में रही हैं। यह न केवल भारत बल्कि दुनिया भर में, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तेल की अहमियत कम होने के कारण हो सकता है। उन्होंने कहाकि शायद अब सोने की कीमतें उसी तरह की चाल दिखा रही हैं जैसा पहले तेल दिखाया करता था। और यह वैश्विक अनिश्चितताओं का संकेतक बन रही हैं।

# अब बासमती चावल निर्यातक संघ ने किया निर्यात पंजीकरण शुल्क में हुई वृद्धि का विरोध

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल



बासमती चावल निर्यातक संघ ने निर्यात अनुबंधों के रजिस्ट्रेशन पर शुल्क को सरकार द्वारा 30 रूपए प्रति टन से बढ़ाकर 70 रूपए प्रति टन निर्धारित करने के निर्णय पर आपत्ति व्यक्त करते हुए इसे वापस लेने की जोरदार मांग की है। उद्योग समीक्षकों के अनुसार अगर भारत से बासमती चावल का निर्यात 2024-25 वित्त वर्ष के बराबर रहता है तो एपीडा का निर्यात सौदों के पंजीयन शुल्क से वित्त वर्ष 2025-26 में राजस्व 73 प्रतिशत उछलकर 31 करोड़ रूपए पर पहुंच जाएगा। दूसरी ओर बासमती चावल के निर्यातकों की आमदनी में जोरदार गिरावट आ जाएगी। बाजार जानकार और रोहित सुंगधीलाल जैन ने बताया कि बासमती चावल के निर्यात ऑफर मूल्य एवं शिपमेंट की विशाल मात्रा के सापेक्ष यह पंजीकरण शुल्क काफी छोटा प्रतीत होता है। क्योंकि निर्यातकों का कहना है कि बाढ़ से न केवल बासमती धान की फसल को नुकसान पहुंचा है बल्कि खेतों मेंअवशिष्ट अवयवो का जमावड़ा भी हो गया है। जिससे किसानों को भारी कठिनाई हो रही है खेतों को साफ करने में बासमती एक्सपोर्ट डवलपमेंट (बीईडीएफ) के कोष का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। चूंकि पंजीकरण शुल्क को टैक्स या सेस की श्रेणी में नहीं रखा गया है इसलिए इससे उपार्जित राशि के उपयोग में असमंजस्य की स्थिति रहेगी। गौरतलब है कि 1 मार्च 2025 को बोर्ड को बीईडीएफ में करीब 25 करोड़ रूपए की राशि मौजूद थी। मई 2005 में बीईडीएफ ने निर्णय लिया था कि निर्यातकों से तब तक कोई योगदान नहीं लिया जाएगा जब तक यह जमा राशि घटकर 10 करोड़ रूपए से नीचे नहीं आ जाती। सरकार को अभी निर्यात अनुबंधों पर पंजीकरण शुल्क में बढ़ोत्तरी नहीं करनी चाहिए बल्कि इस शुल्क वसूली को स्थगित रखना चाहिए था। वर्ष 2005-2012 तक इसे स्थगित रखा गया था। लेकिन वर्ष 2013 में पंजीकरण शुल्क 50 रूपए प्रति टन लागू किया गया और फिर 2014 में इसे घटाकर 30 रूपए प्रति टन निर्धारित किया गया। फिलहाल इसे बढ़कर 70 रूपए प्रति टन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। जैन ने बताया कि 24 जून 2025 को आयोजित बीईडीएफ बोर्ड की मीटिंग में बासमती चावल के लिए पंजीकरण-सह-आवंटन प्रमाण पत्र की फीस में बढ़ोत्तरी करने के प्रस्ताव पर न तो कोई चर्चा हुई और न ही उसे अनुमोदित किया गया, लेकिन फिर भी उसे लागू कर दिया गया।

# गीतांजलि मिश्रा ने उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**मुंबई।** एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चुलबुली राजेश का किरदार निभा रही गीतांजलि मिश्रा अपनी ऑन-स्क्रीन अदाओं के साथ-साथ भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट आस्था के लिए भी मशहूर हैं। सच्ची शिव भक्त गीतांजलि का मानना है कि भोलेनाथ के आशीर्वाद से ही उन्हें जीवन में शक्ति, शांति और सृजन की प्रेरणा मिलती है। हाल ही में उन्होंने अपने व्यस्त शूटिंग शेड्यूल से समय निकालकर उज्जैन स्थित पवित्र महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और भगवान महाकाल से आशीर्वाद लिया। अपनी इस



आध्यात्मिक यात्रा के बारे में बात करते हुए गीतांजलि मिश्रा उर्फ़ राजेश ने कहा, "जैसे ही मैं उज्जैन पहुंची, मुझे वहाँ की हवा में एक अनकही ऊर्जा महसूस हुई। 'हर हर महादेव' के जयघोष और महाकाल मंदिर का आध्यात्मिक वातावरण मेरे मन को शांति से भर गया। शाम की आरती के समय जब मैं शिवलिंग के सामने हजारों भक्तों के बीच खड़ी थी, वह अनुभव शब्दों से परे था। उस पल की हर ध्वनि, हर भावना एक दिव्य संगीत की तरह आत्मा को छू गई।"भगवान शिव की परम भक्त गीतांजलि मिश्रा का मानना है कि शिव केवल बुराई के संहारक ही नहीं, बल्कि संतुलन और आंतरिक शांति के प्रतीक भी हैं।

# एयरटेल को रेलवे सिक्योरिटी का कॉन्ट्रैक्ट मिला

**जबलपुर।** एयरटेल बिज़नेस ने भारतीय रेलवे सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर (आईआरएसओसी) से एक बहुवर्षीय कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया है जिसके तहत एयरटेल बिजनेस भारत के रेलवे नेटवर्क के डिजिटल बैकबोन को सुरक्षित रखने के लिए कॉम्प्रिहेंसिव, इंडस्ट्री-लीडिंग सिक्योरिटी सर्विसेज प्रदान करेगा। देश की रेलवे सेवाएँ एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संपत्ति हैं, जिनके अंतर्गत रोज़ाना 13 हजार से अधिक ट्रेनों का संचालन होता है, यह रोज़ाना 2 करोड़ से अधिक यात्रियों को अपनी सेवाएं उपलब्ध कराती है, लाखों डिजिटल लेन-देन करती है, और हर साल 1.5 अरब टन से अधिक का माल ढोती है।

# चांदी ने 9 महीनों में 61 फीसदी की बढ़त बनाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस साल जहां सोने की रिकॉर्ड ब्रेकिंग तेजी ने सुर्खियां बटोरी हैं। वहीं, चांदी चुपचाप दशकों की सबसे शानदार वापसी में से एक कर रही है। साल की शुरुआत में 28.92 डॉलर प्रति औंस पर रहने वाली चांदी सितंबर के अंत तक 46 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गई, यानी नौ महीनों में 61 फीसदी की शानदार बढ़त दर्ज की गई। भारतीय निवेशकों के लिए रुपए में गिरावट ने इस रिटर्न को और भी बढ़ा दिया, जिससे चांदी इस साल की सबसे हॉट संपत्तियों में से एक बन गई है। मजबूत निवेश मांग, चांदी की बड़ी सप्लाई कमी और फेड की दर में कटौती मध्यम से लंबी अवधि (तीन से पांच साल के समय में) तक चांदी की कीमतों का समर्थन कर सकती है। अनुकूल गोल्ड, सिल्वर रेशियो, विकसित अर्थव्यवस्थाओं में सुधार, खासकर चीन से मजबूत औद्योगिक मांग और ग्लोबल सप्लाई में कमी के अनुमान के चलते, चांदी मध्यम अवधि में सोने से बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। चांदी एक उभरती हुई ग्रोथ की कहानी है। इसका रुझान मुख्य रूप से औद्योगिक मांग में व्यापक सुधार पर निर्भर करता है। निवेशकों को अल्पकालिक अस्थिरता और आर्थिक चुनौतियों का ध्यान रखना चाहिए।

### *ग्लोबल चांदी की लगभग 60 फीसदी मांग औद्योगिक इस्तेमाल से आती*

*टाटा म्युचुअल फंड की ताजा रिपोर्ट के अनुसार चांदी की रैली के पीछे इसका दोहरी भूमिका होना प्रमुख कारण है। सोने के विपरीत, जो मुख्य रूप से सुरक्षित निवेश की मांग से बढ़ता है, चांदी एक कीमती धातु होने के साथ-साथ औद्योगिक धातु भी है। ग्लोबल चांदी की लगभग 60 फीसदी मांग औद्योगिक इस्तेमाल से आती है और इस साल कई महत्वपूर्ण कारकों ने इसकी कीमतों को तेजी से बढ़ा दिया है।*

### *औद्योगिक मांग में तेजी*

*चांदी सोलर पैनल, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिक वाहनों में महत्वपूर्ण है ये ऐसे सेक्टर जो ग्लोबल स्तर पर तेजी से बढ़ रहे हैं। जैसे-जैसे चीन की अर्थव्यवस्था सुधार के संकेत दिखा रही है, औद्योगिक चांदी की खपत बढ़ रही है। विश्लेषकों के अनुसार, चांदी की सप्लाई में कमी बढ़ रही है, क्योंकि मांग लगातार नई सप्लाई से आगे निकल रही है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने सितंबर 2025 में 25 बेसिस पॉइंट की दर में कटौती की, जिसने डॉलर को कमजोर कर दिया और कीमती धातुओं की कीमतों को बढ़ावा दिया। अक्टूबर में और कटौती की उम्मीद ने चांदी की तेजी को और तेज कर दिया है। ऐतिहासिक रूप से, ब्याज दरों में गिरावट और कमजोर डॉलर चांदी (और सोने) को निवेश के लिए और आकर्षक बनाते हैं।*

### *रुपए का अवमूल्यन*

*भारत अपनी चांदी का 92 फीसदी से ज्यादा आयात करता है, जिसका मतलब है कि कमजोर रुपए से चांदी की घरेलू कीमत बढ़ जाती है। हालांकि इससे महंगाई का दबाव बढ़ता है, भारतीय निवेशकों के लिए यह रिटर्न को ग्लोबल निवेशकों की तुलना में और भी बढ़ा देता है।*

## भारी वाहन ट्रक के प्रवेश पर रोक के विरोध में

# इंदौर के ट्रांसपोर्टर्स नहीं कर रहे माल की बुकिंग व डिलीवरी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

इंदौर में हुए भयावह ट्रक हादसे में तीन लोगों की मौत हुई और 12 लोग घायल हुए। इस हादसे के बाद पुलिस और प्रशासन ने भारी वाहनों के शहर में प्रवेश रोकने के लिए सख्ती की और आदेश दिए। इसका व्यापारियों और ट्रांसपोर्टर्स द्वारा विरोध किया जा रहा है। अब इस मामले में एसोसिएशन ऑफ पार्सल ट्रांसपोर्ट एंड फ्लीट ओनर्स ने 6 अक्टूबर सोमवार से बुकिंग बंद करने की घोषणा कर दी है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी और सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि सभी व्यापारी संस्थाओं के नाम पत्र लिखा गया है। इसमें कहा गया है कि पुलिस और प्रशासन द्वारा विविध मार्गों पर सुबह 6 से रात 11 बजे तक भारी वाहनों की नो एंट्री कर दी गई है। संस्था द्वारा कुछ मार्गों पर इसे लेकर विरोध दर्ज कराया गया है। इंदौर प्रमुख व्यापारिक केंद्र है। लोहा मंडी क्षेत्र पार्सल गुड्स के परिवहन का बड़ा केंद्र है यह करीब 1500 से 2 हजार ट्रक में माल लोडिंग और अनलोड होते हैं जो कि प्रशासन द्वारा नियम समय में संभव नहीं हैं अतःनो एंट्री के चलते यह प्रभावित हो रहा है। रात 11 से सुबह 6 बजे की अवधि में यह काम करना संभव नहीं है।

### *अनिश्चितकाल के लिए बुकिंग सोमवार से की बंद*

*ट्रांसपोर्टर विजय कालरा ने बताया कि इंदौर में नो एंट्री के विरोध स्वरूप संस्था के सदस्यों ने स्वैच्छिक रूप से 6 अक्टूबर सोमवार से अपने कार्यालय,गोदाम से माल बुकिंग और डिलीवरी के काम अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया है। जब तक प्रशासन और पुलिस इस एंट्री के प्रावधान को पूर्ववत नहीं करते हैं। अब एंट्री के प्रावधान के तहत काम करना असंभव है।*


## आवश्यकता

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें :- 8335914373 (रायपुर /11/ अक्टूबर/25)

आवश्यकता है - एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवी पास ग्रेजुएट लड़के लड़कियां( 2450064500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना -खाना, फंड - बोनस।- 9205091963 (रायपुर /09/ अक्टूबर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## राशिफल

**मेष** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** – भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** – क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** – नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** – धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन–भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** – कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6011



**बाएँ से दाए**
1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्टीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

**शब्द पहेली- 6010 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | ■ | क | दा | चा | र |
| ती | खा | ■ | हा | ■ | चा | क | र | ■ | र | वा |
| वि | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | म | ल | ■ | य |
| धी | मा | प | न | ■ | ■ | म | ■ | की | म | त |
| ही | ■ | ल | ■ | श | ता | न | न | ■ | जा | ■ |
| न | म | क | दा | नी | ■ | मा | न | सि | क | ता |
| ■ | क | ■ | म | च | ल | ना | ■ | या | ■ | र |
| अ | र | ज | ■ | र | ■ | ■ | ऐ | रा | व | त |
| ह | ■ | स | द | ■ | न | रो | त | म | ■ | म्य |
| म | न | ■ | ख़ | स | म | ■ | बा | ■ | दा | पू |
| क | र | त | ल | ■ | श | रा | र | त | पू | र्ण |

## सूडोकु नवताल - 6021

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANDAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6020 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

# सहेली

करवा चौथ विशेष



# दांपत्य जीवन में आस्था का उत्सव

करवा चौथ का पर्व स्त्रियों की आस्था और दांपत्य जीवन के प्रति उनके समर्पण के भाव को प्रतिबिंबित करता है। विवाहित स्त्रियां इस पर्व के जरिए चांद को साक्षी मानकर अपने रिश्तों को संजोने का संकल्प लेती हैं, जिसमें उनके परिवार के सदस्यों का अपनापन, स्नेह और संस्कृति-पूजन परंपराओं की सोंधी महक भी समायी होती है।

आवरण कथा

कल्पना मनोरमा

भारत में मनाए जाने वाले अनेक पर्वों में कुछ ऐसे भी हैं, जो सीधे स्त्री मन की गहराई को छूते हैं। करवा चौथ इन्हीं में से एक है। यह केवल एक दिन का व्रत नहीं, स्त्री के प्रेम, समर्पण और आस्था की आत्मिक निष्ठा है, जो हर वक्त उसके हृदय में बनी रहती है। हर वर्ष करवा चौथ का दिन स्त्रियों को याद दिलाता है कि रिश्तों की शक्ति केवल शब्दों या कथनों में नहीं, बल्कि भावनाओं, विश्वास और त्याग में निहित होती है।

### स्त्री के अस्तित्व की आत्मीय अनुभूति

करवा चौथ का व्रत, स्त्री के लिए केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, उसके अस्तित्व की वह आत्मीय अनुभूति है, जिसमें प्रेम, आस्था और समर्पण एक साथ बसते हैं। यह दिन उसे अवसर देता है कि वह अपने रिश्ते को साधारण दिनचर्या से उठाकर, एक ऊंचे भावलोक तक पहुंचा सके। चांद की शीतलता में जब एक स्त्री दीप-जल के साथ पति का मुखड़ा देखती है, तो ऐसा लगता है कि चांद भी उस दिन अपनी कोमल छटा में इतरा रहा है।

### स्त्री के भीतर छिपे अदृश्य सौंदर्य का उत्सव

भारतीय संस्कृति में व्रत और उपवास कोई भी कर सकता है, लेकिन त्याग-समर्पण का जिम्मा स्त्री ने अपनी पहचान और अधिकार बना लिया है। भारतीय स्त्रियां केवल व्रतों के माध्यम से ही नहीं, अपने हर कर्म और समर्पित प्रयास से परिवार को पोषित करती हैं। इसी क्रम में करवा चौथ स्त्री के भीतर छिपे उस अदृश्य सौंदर्य का उत्सव है, जो रिश्तों में नई ऊष्मा भरता है।



### घर और मन की सजावट

हमारे हर पर्व की अपनी अलग सुगंध, रंग-रूप और तैयारी होती है। करवा चौथ की तैयारियां भी केवल एक दिन पहले से शुरू नहीं होतीं, बल्कि इसकी मानसिक तैयारी तो बरसात के दिनों से ही शुरू हो जाती है। बरसात के बीतने के बाद, जैसे ही मौसम अपना रुख बदलता है, स्त्रियां धीरे-धीरे करवा चौथ की तैयारी की सोचने लगती हैं। घर की सबसे बड़ी या अनुभवी स्त्री की अनुमति लेकर युवा स्त्रियां घर में एक शांत और पवित्र कोना चुनती हैं। इसके बाद अल्पना बनाने का काम होता है। घर की सबसे कुशल और होशियार बहू को कुछ दिनों के लिए चौका-बर्तन से छुट्टी दे दी जाती है, ताकि वह ध्यानपूर्वक अल्पना बना सके। करवा की अल्पना में स्त्री ने सदैव प्रकृति को प्रमुखता दी है। उसने अपनी सहगामी परिधि में सूरज, चांद, सितारे, बरगद, पीपल, रिश्ते, भाई-बहन, देवरानी-जेठानी, मजदूर, गाय-बैल और किसान सबको बनाया और पूजा की। यह अल्पना केवल सजावट नहीं, बल्कि स्त्री के मन, उसकी कल्पना और उसके जीवन के छोटे-बड़े हिस्सों का प्रतिबिंब भी होती है।

### अपनत्व से दमकता स्त्री मन

जब करवा चौथ का व्रत आता, तो उसकी पहली रात घर की बड़ी-बूढ़ी स्त्रियां खीर, हलुआ और अन्य मिठाइयां तैयार करती हैं। चाहे दिन भर कितनी भी व्यस्तता क्यों न हो, कुछ मीठा अवश्य बनता है, ताकि व्रती स्त्री खा



सके। क्योंकि मीठा खाने से प्यास नहीं लगती और दूसरा दिन ऊर्जावान बना रहता है। हाथों में मेहंदी रचती है, साड़ी, झुमके और नथ-टीका निकाले जाते हैं। इन तैयारियों के बीच, स्त्रियों का मन अपनत्व से दमकता रहता है।

### व्रत का दिन और उत्सव का चरम

व्रत वाले दिन स्त्री निर्जल रहकर भी उमंग-उत्साह से लबरेज रहती है। सुबह से ही घर का वातावरण विशेष प्रतीत होता है। हर काम, चाहे सफाई में झाड़ू लगाने का काम हो या बच्चों को तैयार करने का, पवित्र और ध्यानमग्न होकर किया जाता है। रात होते-होते घर का माहौल और भी उल्लासमय हो जाता है। बाहर चांदनी शांत और कोमल रात होती है और अंदर करवा की पूजा-पाठ, कथा कही-सुनाई जाती है। पति के मंगलमय जीवन की कामना की जाती है। जब चांद निकलता है तो वह केवल आकाशीय घटना भर नहीं रह जाता, उस क्षण स्त्री के मनाकाश में प्रेम और विश्वास का प्रतीक बनकर चांद उदित होता है। करवा के व्रत का सबसे भावपूर्ण क्षण वह होता है, जब पत्नी चांद को अर्घ्य देती है फिर पति के हाथ से जल ग्रहण करती है तो उसकी आंखों में उस क्षण प्रेम की एक अलग ही चमक होती है।

इस तरह स्त्रियों के मन और हृदय में बसी श्रद्धा और आस्था है, जो न केवल उनके जीवन को रोशन करती है, बल्कि परिवार और रिश्तों को स्थायी, आत्मीय और सजीव बनाती है। मिट्टी की खुशबू, चांद की शीतलता और लोकगीतों का मधुर स्वर, ये सब मिलकर करवा चौथ को केवल उपवास या पूजा नहीं, बल्कि संस्कृति और प्रेम का जीवंत उत्सव बना देती हैं। कहा जा सकता है कि ऐसे त्योहार, केवल आनंद के अवसर ही निर्मित नहीं करते, ये हमें समय, समुदाय और जीवन के गहरे अर्थों की याद दिलाते हैं। ये हमें प्रेम से जीना सिखाते हैं, आपस में जोड़कर रखते हैं। a

करवा चौथ के दौरान कई महिलाओं को डिहाइड्रेशन की समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए आपको सरगी लेते समय ऐसे फूड्स, ड्रिंक्स को शामिल करना चाहिए, जिससे आप पूरे दिन हाइड्रेटेड-एनर्जेटिक फील कर सकें।

# व्रत के दौरान इस तरह रखें खुद को हाइड्रेट

डाइट सजेशन

निकिता चौहान

करवा चौथ पर विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं। इस दिन वे सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक उपवास रखती हैं और अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। इस दौरान कई महिलाओं को कमजोरी महसूस होती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि वे खुद को प्रॉपर तरीके से हाइड्रेट नहीं रखती हैं। इस वजह से उन्हें चक्कर आने लगता है तो कुछ को मितली जैसा महसूस होता है। इन समस्याओं से बचने के लिए महिलाओं और विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को व्रत के दौरान अपने हाइड्रेशन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। यहां आपको खुद को हाइड्रेट रखने के तरीके बता रहे हैं।



**ऐसे करें दिन की शुरुआत:** दिन की शुरुआत 2-3 गिलास सादा पानी पीने से करें। इसके बाद सूर्योदय से पहले खाई जाने वाली सरगी में ऐसे खाद्य को शामिल करें, जिसमें पानी पर्याप्त मात्रा में हो। नारियल पानी और छाछ पी सकती हैं। इनमें इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेटेड और ठंडा रखते हैं। चाय, कॉफी और नमकीन स्नैक्स लेने से बचें। व्रत के दौरान पानी से भरपूर फल जैसे संतरा, पपीता और खीरा आदि का सेवन कर सकती हैं।

आपको भूख महसूस न हो इसके लिए सरगी में आप हेल्दी फैट्स और प्रोटीन लें। इसके लिए भीगे बादाम, दूध, दही और पनीर का सेवन कर सकती हैं।



**इन बातों का रखें ध्यान:** अगर आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है या कमजोरी महसूस कर रही हैं तो पूरे दिन का निर्जला व्रत रखने से बचें। पूरे दिन थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पानी पीती रहें। नारियल पानी या ओआरएस घोल भी पी सकती हैं। ठोस खाद्य के बजाय तरल पदार्थ अधिक मात्रा में लें। निराहार के बजाय फलाहार उपवास कर सकती हैं।

**थकान से बचें:** व्रत के दौरान पानी की कमी ना हो इसके लिए दिन के समय धूप और गर्मी से बचें। ज्यादा शारीरिक श्रम न करें और हल्की, ढीली ड्रेस पहनें। आराम करती रहें ताकि पसीने से पानी की कमी न हो।

**डिहाइड्रेशन के लक्षण पहचानें:** उपवास के दौरान पानी न पीने से कई महिलाओं को डिहाइड्रेशन का रिस्क रहता है। ऐसे में आपको इन लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी है- चक्कर या हल्की बेहोशी महसूस होना, सिरदर्द, बार-बार होंठ या मुंह सूखना, थकान या चिड़चिड़ापन, यूरीन कम होना या गहरे रंग का होना। अगर ये सभी या इनमें से कोई लक्षण दिखे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**डॉक्टर से कंसल्ट करें:** अगर आपको कोई मेडिकल इश्यू है या आप प्रेग्नेंट हैं तो व्रत रखने का निर्णय लेने से पहले स्त्री रोग विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें। डॉक्टर आपके ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल और आपकी सेहत की अन्य बातों पर गौर करके आपको व्रत के दौरान सावधानी बरतने संबंधी उचित सलाह देंगी। आपको ध्यान रखना चाहिए कि हर महिला का शरीर अलग तरह का होता है। ऐसे में व्रत के दौरान क्या करना है, क्या नहीं, इस बारे में अपने डॉक्टर से जरूर बात करें। a

**(मदरहुड अस्पताल, एनसीआर की कंसल्टेंट गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. स्मिति जैन से बातचीत पर आधारित)**

मेकअप


सरिता गुप्ता

# ग्लिटरी-ब्राइट मेकअप से निखर उठेगी खूबसूरती

विवाहित महिलाओं का सबसे बड़ा त्योहार करवा चौथ को माना जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जल व्रत रखती हैं। इस अवसर पर बड़े चाव से सजती-संवरती भी हैं। सुंदर सी साड़ी, लहंगा, मैचिंग ज्वेलरी कैरी करती हैं, मेहंदी, महावर भी लगाती हैं। इसके साथ ही, पूजा करने के लिए वे अच्छे से मेकअप भी करना चाहती हैं। इस ऑकेजन पर आपका मेकअप स्पेशल होना चाहिए। इसीलिए यहां हम आपको बता रहे हैं ग्लिटरी-ब्राइट मेकअप के स्टेप्स।

**मॉयश्चराइजर:** मेकअप शुरू करने के पहले स्टेप में फेस पर मॉयश्चराइजर लगाएं। इससे चेहरे पर मेकअप लंबे समय तक टिका रहता है। मॉयश्चराइजर लगाने के 10 मिनट बाद बेस लगाना सही रहता है।

**कंसीलर:** अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे हैं और आप उन्हें छुपाना चाहती हैं तो कंसीलर का यूज जरूर करें। साथ ही चेहरे पर चमक लाने के लिए आप प्राइमर का यूज कंसीलर से पहले करें।



**फाउंडेशन या बेस:** फाउंडेशन या बेस खरीदते समय अपनी स्किन टोन से मैचिंग जरूर कर लें। साथ ही ऐसे फाउंडेशन का सेलेक्शन करें, जो लॉन्ग-लास्टिंग हो ताकि आपका मेकअप लंबे समय तक बरकरार रहे। स्किन टोन से मैचिंग बेस को अच्छे तरीके से ब्लेंड करें। इससे फेस पर नेचुरल ग्लो आता है।

**अप्लाई करें ब्लशर:** बेस लगाने के बाद गालों पर हल्का-सा ब्लशर अप्लाई करें ताकि चेहरे पर ग्लो दिखाई दे।

**आइज मेकअप:** फेस मेकअप के बाद आइज मेकअप की बारी आती है। आंखों को सुंदर दिखाने के लिए आप अपनी ड्रेस से मैच करता हुआ लाइट ब्राउन या लाइट ग्रे कलर का आईशैडो लगा सकती हैं। आंखों का मेकअप हाईलाइट करने के लिए आप हल्की ग्लिटर वाली या शिमरी आईशैडो का यूज भी कर सकती हैं।

**मस्कारा:** मस्कारा लगाने से आपकी पलकें घनी और लंबी दिखाई देती हैं। आंखों पर मस्कारा का एक कोट लगाना काफी है। एक से अधिक कोट ना लगाएं।

**आई लाइनर:** आंखों के मेकअप को क्लीन दिखाने के लिए पतला आई लाइनर लगाएं। अगर अपने मेकअप को स्पेशल फेस्टिव टच देना चाहती हैं तो आप लाइट ब्राउन या ब्लू कलर का आई लाइनर चुन सकती हैं।

**लिपस्टिक:** मेकअप को कंप्लीट लुक देने के लिए लिपस्टिक का सही शेड चुनना बहुत जरूरी है। गलत शेड आपके मेकअप का लुक बिगाड़ सकता है। ध्यान रखें कि अगर आपने आइज मेकअप डार्क किया है तो लिपस्टिक लाइट लगाएं। होंठों को ड्राई होने से बचाने के लिए पहले लिप बाम लगाएं। a

**(ब्यूटी एक्सपर्ट आरती सिन्हा से बातचीत पर आधारित)**

पर्व संदेश

सरस्वती रमेश

हमारे हर पर्व के पीछे कोई ना कोई बड़ा उद्देश्य होता है, उसके संदेश होते हैं। करवा चौथ भी ऐसा ही एक पर्व है। करवा चौथ पति-पत्नी के संबंध मधुर और मजबूत बनाने के साथ पूरे परिवार को आपस में जोड़ता है।

# करवा चौथ के अवसर पर बनें प्यार-परंपरा के साक्षी

दांपत्य, एक अनूठा रिश्ता है, ऐसा रिश्ता जो एक ही रिश्ते में अनेक रिश्तों को समाहित किए है। जीवनसाथी सिर्फ पति-पत्नी के बंधन में नहीं बंधे होते, उनका रिश्ता साथ, विश्वास और सहयोग का होता है। दांपत्य का रिश्ता उस नाजुक बेल की तरह होता है, जो



एक-दूसरे के सहारे से आगे बढ़ती है। कभी-कभी इस नाजुक बेल की मजबूती के लिए कुछ खास भी करना पड़ता है। वही खास अवसर है-करवा चौथ का पर्व। इस अवसर पर दांपत्य के रिश्ते को हरा-भरा और पुष्पित करने के लिए पत्नी अपने प्रेम का जल, भरोसे की खाद और समर्पण की धूप देती है। यह रिश्ता हमेशा खिला-खिला रहे, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है, जैसे-

**साथ का अहसास:** करवा चौथ पर सुहागन स्त्रियां व्रत रखती हैं, लेकिन उनके लिए यह सिर्फ एक व्रत मात्र नहीं है, इस दिन वे मेहंदी, महावर, कुमकुम, मांग-टीका और तन के सारे श्रंगार कर, दांपत्य जीवन का भी श्रंगार करती हैं। व्रत के साथ यह सदिच्छा भी जुड़ी होती है, यह अहसास भी कि हर उम्र में, हर मोड़ पर दांपत्य की बगिया अपने सुंदरतम रूप में खिली रहे। यहां यह भी ध्यान देने वाली बात है, स्त्री का यह सुंदर स्वप्न तभी पूरा होगा, जब उसे अपने जीवनसाथी का भरपूर प्यार और साथ मिले। करवा चौथ इस साथ के अहसास को और गहरा करता है।

**रिश्ते में हो त्याग की भावना:** जैसा कि हम सब जानते हैं, करवा चौथ पर स्त्री अन्न-जल त्याग कर पति की लंबी आयु की प्रार्थना करती है। दांपत्य के रिश्ते को हमेशा सजीव और मधुर रखने के लिए हमें इसी तरह के त्याग की जरूरत होती है। जब रिश्ते में त्याग का भाव निहित हो, तभी दांपत्य की खुशहाली संभव है।

**पति भी रखे ख्याल:** जिस तरह किसी त्योहार का पारंपरिक और सांस्कृतिक पक्ष होता है, उसी तरह उसका व्यावहारिक पक्ष भी होता है। करवा चौथ का भी व्यावहारिक पक्ष है, यह विवाह के वक्त किए गए वचनों को आगे बढ़ाने और व्यावहारिक रूप से उन्हें जीवन में अपनाने के लिए इंगित करता है। यदि पति की लंबी आयु की कामना से पत्नी कठिन व्रत रख सकती है, तो पति को भी उसकी सेहत और मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए। a



### पूरे परिवार का उत्सव

करवा चौथ पूरे परिवार का उत्सव है। भले ही इसका पालन घर की स्त्रियों द्वारा होता है, लेकिन जब तक परिवार का प्रत्येक सदस्य इसमें शामिल न हो, तब तक इस त्योहार को मनाने का अर्थ परिपूर्ण नहीं होता। करवा चौथ का पर्व परिवार के लोगों को आपस में जोड़ता है, हंसी-मजाक और आत्मीयता के नए अवसर सुलभ करता है। सारी स्त्रियां मिलकर मेहंदी लगाती हैं, श्रंगार करती हैं, गीत गाती हैं, दिल खोलकर हंसती हैं। घर में पकवान बनते हैं, बच्चे खुश होकर घर में डोलते हैं। यही तो त्योहारों को मनाने का उद्देश्य है कि हर ओर उमंग-उल्लास फैले, रंग और उजास फैले।



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

# मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को हराया

हैलेंड प्रीमियर लीग



**लंदन।** एर्लिंग हैलेंड के मौजूदा सत्र के नौवें प्रीमियर लीग गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को 1-0 से हरा दिया। हैलेंड प्रीमियर लीग फुटबॉल के मौजूदा सत्र में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। मैनचेस्टर सिटी को हालांकि पहले हाफ में उस समय झटका लगा जब रोड्री दाएं पैर में चोट के कारण मैच से बाहर हो गए। इस जीत से सिटी की टीम पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। टीम शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल से तीन अंक पीछे है। क्रिस्टल पैलेस को एवर्टन के खिलाफ 1-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी, जिससे सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 19 मैच से अजेय रहने का उसका रिकॉर्ड क्रम टूट गया। क्रिस्टल पैलेस की टीम इससे पहले कभी इतने मैच में अजेय नहीं रही। क्रिस्टल पैलेस की 16 अप्रैल 2025 के बाद यह पहली हार है।

# बार्सीलोना की लगातार दूसरी हार

स्पेनिश फुटबॉल लीग



**मैड्रिड।** बार्सीलोना को स्पेनिश फुटबॉल लीग में सेविला के खिलाफ 1-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा, जो उसकी लगातार दूसरी हार है। मैच के दौरान बार्सीलोना के लेमिन यमाल चोटिल हो गए जबकि स्टार रॉबर्ट लेवानदोवस्की पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए। चैंपियन्स लीग में पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाफ हार के बाद सेविला के खिलाफ मिली शिकस्त से बार्सीलोना की टीम को अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान कई सवालों के जवाब खोजने होंगे। इस नतीजे के बाद रियाल मैड्रिड की टीम अंक तालिका के शीर्ष पर बरकरार है। टीम ने बार्सीलोना पर दो अंक की बढ़त बना रखी है, जो सेविला के खिलाफ मुकाबले से पहले प्रतियोगिता में अजेय थी।

# पेनल्टी गोल करने से चूके पुलिसिच

सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट



**रोम।** बेहतरीन फॉर्म में चल रहे क्रिस्टियन पुलिसिच पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए, जिससे एसी मिलान को सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में यूवेंटस के खिलाफ अंक बांटने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस ड्रॉ के साथ एसी मिलान के लगातार पांच जीत के क्रम पर भी विराम लग गया। पुलिसिच ने मौजूदा सत्र में मिलान की ओर से छह गोल दागे हैं और दो गोल करने में मदद की है लेकिन पेनल्टी पर लिया गया उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से बाहर निकल गया। पुलिसिच के पेशेवर करियर में यह सिर्फ दूसरा मौका है जब वह पेनल्टी को गोल में बदलने में नाकाम रहे हैं। पिछले सत्र में टोरिनो के गोलकीपर सर्गेज मिलिनकोविच सेविच ने उनके शॉट को रोक दिया था।

## खबर संक्षेप



### न्यूयॉर्क स्क्वाश में जीते सेंथिलकुमार, चोटरानी

**न्यूयॉर्क।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी ने न्यूयॉर्क में चल रहे 74 हजार डॉलर इनामी पीएसए कांस्य प्रतियोगिता ओपन स्क्वाश क्लासिक के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गत राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 45वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने पाकिस्तान के मोहम्मद असब इरफान को पहले दौर में 11-2, 11-8, 14-12 से हराया। चोटरानी ने हमवतन अभय सिंह के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 6-11, 11-6, 11-5, 11-5 से जीत दर्ज की। टूर स्तर पर इन दोनों खिलाड़ियों के बीच यह पहला मुकाबला था। आठवें वरीय रमित टंडन को पहले दौर में बाई मिली।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर सिदरा को फटकार



**कोलंबो।** पाकिस्तान की सलामी बल्लेबाज सिदरा अमीन को भारत के खिलाफ महिला विश्व कप मैच के दौरान आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने फटकार लगाई और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जुड़ गया। आईसीसी ने कहा, 'सिदरा को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह उल्लंघन 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या खेल के दौरान इस्तेमाल होने वाली किसी चीज' के 'अनादर' से संबंधित है।' यह घटना पाकिस्तान के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40वें ओवर में हुई जब स्नेह राणा के आउट होने के बाद उन्होंने 'अपना बल्ला जोर से पिच पर मारा'।

### आर्कटिक ओपन में भारतीय खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती



**वंता (फिनलैंड)।** भारत की मजबूत टीम मंगलवार से शुरू हो रहे आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उतरेगी तो सभी की नजरें लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत पर होंगी, जिन्हें मौजूदा सत्र में अपने पहले खिताब का इंतजार है। मौजूदा सत्र में हांगकांग ओपन के उपविजेता लक्ष्य को पहले दौर में जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त कोडाई नाराओका की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य को नाराओका को हराने के लिए आक्रामकता और संयम के बीच संतुलन बनाना होगा क्योंकि विरोधी खिलाड़ी का डिफेंस मजबूत है और वह कमजोर खेल का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

## वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# भारत का बेहतरीन प्रदर्शन, 22 पदक, 30 से ज्यादा पर्सनल बेस्ट, तालिका में 10वां स्थान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप रविवार 5 अक्टूबर को संपन्न हो गया। मेजबान भारत ने इसमें कुल 22 मेडल अपने नाम किए, जिसके दम पर वो मेडल तालिका में 10वें स्थान पर रहा। आखिरी दिन चार पदक जीतने के बावजूद तालिका में स्थान के लिहाज से ये उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं रहा। भारत का तालिका के लिहाज से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले सीजन में कोबे में रहा था। वह कुल 7 पदकों के साथ छठे स्थान पर रहा था।

### भारत रहा दसवें स्थान पर

वहीं आखिरी दिन से पहले कोलंबिया,ग्रेट ब्रिटेन, नीदरलैंड्स, इटली, स्विट्जरलैंड और थाईलैंड के साथ भारत संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहा था, जिनके पास 6-6 गोल्ड मेडल थे। हालांकि, टॉप पांच में जगह बनाने की होड़ में ईरान ने तीन गोल्ड जीते और तीसरे स्थान पर रहा। नीदरलैंड और पोलैंड ने क्रमशः दो और तीन गोल्ड जीतकर टॉप पांच में जगह बनाई। जबकि कोलंबिया, ग्रेट ब्रिटेन और इटली ने एक-एक गोल्ड मेडल जीतकर भारत को दसवें स्थान पर धकेल दिया।




### भारत ने तीन चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाए

*वहीं भारत ने इस प्रतियोगिता में तीन चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाए। दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने एफ 64 वर्ग में 71.37 मीटर भाला फेंककर चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया। बहु-राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के पहले गोल्ड मेडल विजेता शैलेश कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी42 स्पर्धा में 1.91 मीटर की छलांग लगाकार एक नया रिकॉर्ड बनाया। पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बने रिंकू हुड्डा ने पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में 66.37 मीटर की*



*दूरी तय करके चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया। भारतीय पैरा एथलीटों ने इस आयोजन में 30 व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किए।*

### गोल्ड मेडल विजेता

| | |
|---|---|
| सिमरन गोल्ड | - महिला 100मीटर टी12 |
| शैलेश कुमार | - पुरुष ऊंची कूद टी63 |
| रिंकू हुड्डा | - पुरुष भाला फेंक एफ46 |
| सुमित अंतिल | - फुरुष भाला फेंक एफ64 |
| संदीप सर्गर | - पुरुष भाला फेंक एफ44 |
| निषाद कुमार | - पुरुष ऊंची कूद टी47 |

### सिल्वर मेडल विजेता

| | |
|---|---|
| सिमरन शर्मा | - महिला 200 मीटर टी12 |
| प्रीति पाल | - महिला 200 मीटर टी35 |
| एकता भयान | - महिला क्लब थ्रो एफ51 |
| दीप्ति जीवनजी | - महिला 400 मीटर टी20 |
| नवदीप सिंह | - पुरुष भाला फेंक एफ41 |
| धरमबीर नैन | - पुरुष क्लब थ्रो एफ51 |
| संदीप | -पुरुष भाला फेंक एफ44 |
| योगेश कथुनिया | - पुरुष डिस्कस थ्रो एफ56 |
| सुंदर सिंह गुर्जर | - पुरुष भाला फेंक एफ46 |

### ब्रॉन्ज मेडल विजेता

| | |
|---|---|
| संदीप | पुरुष 200 मीटर टी44 |
| सोमन राणा | पुरुष गोला फेंक एफ57 |
| प्रवीण कुमार | पुरुष ऊंची कूद टी64 |
| प्रीति पाल | महिला 200 मीटर टी35 |
| प्रदीप कुमार | पुरुष चक्का फेंक एफ44 |
| अतुल कौशिक | पुरुष चक्का फेंक एफ57 |
| वरुण सिंह भाटी | पुरुष ऊंची कूद टी63 |

## पैरा बैडमिंटन

# अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में प्रमोद ने जीते तीन गोल्ड मेडल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के शीर्ष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नाइजीरिया के अबिया में हुए पहले अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में तीन खिताब जीतकर अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखा।

सैंतीस वर्षीय पैरा खिलाड़ी भगत ने तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था लेकिन तीन बार अपने स्थान की जानकारी देने से संबंधित चूक के कारण पेरिस पैरालंपिक से बाहर हो गए थे। भगत ने फाइनल में हमवतन मंटू कुमार को 21-7, 9-21, 21-9 से कड़ी टक्कर देते हुए पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। अठारह महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए चाइना पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल जीतने वाले भगत ने दूसरा गेम हारने के बाद मजबूती से वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसके बाद उन्होंने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता, जिसमें उन्होंने पेरू के गेर्सन जेयर वर्गास लोस्टानौल और डायना रोजास गोलाक को 21-13, 21-17 से हराया। भगत को तीसरा खिताब मिश्रित युगल (एसएल3-एसयू5) में मिला, जिसमें उन्होंने आरती पाटिल के साथ मिलकर एक और करीबी फाइनल जीता।

### सरदार पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर से पदयात्रा

***नई दिल्ली।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय 31 अक्टूबर को देश के सभी जिलों में पदयात्राओं के साथ भारत के पहले गृह मंत्री और दिग्गज स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाएगा। युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया और राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने ध्यानचंद स्टेडियम में 'सरदार@150' एकता दौड़ पहल का शुभारंभ किया। मांडविया ने कहा, 'सरदार@150 केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में शामिल करने का एक राष्ट्रीय आंदोलन है। जिस तरह सरदार पटेल ने एक मजबूत और अखंड भारत के निर्माण के लिए 560 से अधिक रियासतों को एकजुट किया उसी तरह यह पहल युवा भारतीयों की ऊर्जा को राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की दिशा में ले जाने का प्रयास करती है।'*

## टेनिस

# टेनिस प्रीमियर लीग में बोपन्ना डार्डेरी-मौटेट पेश करेंगे चुनौती



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और विश्व के 29वें नंबर के खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी सहित शीर्ष-50 रैंकिंग में शामिल कम से कम तीन एकल खिलाड़ी 9 दिसंबर से अहमदाबाद में शुरू हो रही टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें सत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

विश्व के 38वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट और उनके हमवतन विश्व के 39वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर मुलर इस लीग में भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ शामिल होंगे, जिसकी नीलामी 9 अक्टूबर को मुंबई में होगी। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन बोपन्ना ने पिछले साल टीपीएल में पदार्पण किया था। वह एसजी पाइपर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व करेंगे। इटली के डार्डेरी राजस्थान रेंजर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे जबकि मौटेट गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। मुलर और आर्थर रिंडरकनेच (विश्व के 54वें नंबर के खिलाड़ी) क्रमशः गुजरात पैंथर्स और हैदराबाद स्ट्राइकर्स की टीम को मजबूत करेंगे। लीग में बोस्निया एवं हर्जेगोविना के दामिर जुम्हुर (पूर्व विश्व नंबर 23, वर्तमान नंबर 67) यश मुंबई ईगल्स और अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी (विश्व नंबर 58) जीएस दिल्ली एसेस का प्रतिनिधित्व करेंगे। चेक गणराज्य के उभरते खिलाड़ी डालिबोर स्वर्सिना (विश्व नंबर 91) चेन्नई स्मैशर्स की टीम का हिस्सा है।

### डनहिल लिंक्स : संयुक्त 61वें स्थान पर शुभंकर



**कार्नोस्टी।** शुभंकर शर्मा मौसम से प्रभावित अल्फर्ड डनहिल लिंक्स गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से संयुक्त रूप से 61वें स्थान पर रहे। खराब मौसम के कारण प्रतियोगिता को तीन दौर और 54 होल तक सीमित कर दिया गया। शुभंकर ने अंतिम दौर में दो बर्डी और एक बोगी की। उनका कुल स्कोर पांच अंडर रहा। इंडियन ओपन के बाद वह पहली बार कट हासिल करने में सफल रहे। राइडर कप विजेता रॉबर्ट मैकिनटायर ने लगातार तीसरे दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से कुल 18 अंडर के स्कोर के साथ चार शॉट से खिताब जीता। मैकिनटायर ने अंतिम दौर में सात बर्डी और एक बोगी की।

### भारतीय क्रिकेटर पहली बार खेलेंगे लंका प्रीमियर लीग

**नई दिल्ली।** लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के आयोजकों ने घोषणा की कि भारतीय क्रिकेटर पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे, जिसका छठा सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा। इस टी20 टूर्नामेंट में कुल 24 मैच होंगे, जिसमें 20 लीग मैच और चार नॉकआउट मैच शामिल हैं। ये मैच तीन प्रमुख स्थलों कोलंबो के आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी के पाल्लेकल अंतरररराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और दांबुला के रनगीरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहली बार भारतीय क्रिकेटरों के इस टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद है। उनके नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी, जिससे पूरे क्षेत्र के प्रशंसकों में उत्साह का एक नया स्तर जुड़ जाएगा।' इस प्रारुप के अनुसार लीग चरण के दौरान सभी पांच फ्रेंचाइजी एक-दूसरे के खिलाफ दो बार प्रतिस्पर्धा करेंगी।

### एनएसए कार कप ...




**कॉनकॉर्ड।** चार्लोट मोटर स्पीडवे पर एनएसए कार कप सीरीज ऑटो रेस जीतने के बाद विक्ट्री लेन में ट्राफी के साथ जश्न मनाते हुए शेन वैन गिस्बर्गेन।

### भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने 2026 एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। यह क्वालीफायर 13 से 17 अक्टूबर तक किर्गिस्तान के बिश्केक में खेला जाएगा। तीन टीम के ग्रुप जी में भारत का सामना 13 अक्टूबर को मेजबान किर्गिस्तान और 17 अक्टूबर को उज्बेकिस्तान से होगा। ग्रुप विजेता अगले साल चीन में होने वाले 12 टीम के फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेगा। अगस्त में भूटान में सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप जीतने के बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु में ट्रेनिंग शिविर जारी रखा और फिर गोवा में ट्रेनिंग की। भारतीय टीम पहले मैच से छह दिन पूर्व मंगलवार को बिश्केक पहुंचेगी, जिससे कि किर्गिस्तान की राजधानी के अपेक्षाकृत ठंडे मौसम के अनुकूल हो सके।

## नेट स्किवर ब्रंट और निगार सुल्ताना की टीमों के बीच मुकाबला आज 3 बजे से

# बांग्लादेश के मुकाबले इंग्लैंड की मजबूत दावेदारी

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

अनुभवी खिलाड़ियों से सजी चार बार की चैंपियन इंग्लैंड की टीम मंगलवार को आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप लीग मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। दोनों टीम ने अपने-अपने शुरुआती मैच जीतकर टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की है।

बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया जबकि इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 69 रन पर ढेर करने के बाद 10 विकेट से जीत दर्ज की। हालांकि अगर स्तर और उपलब्ध विकल्पों पर गौर करें तो इंग्लैंड अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे है। टैमी ब्यूमोंट, एमी जोन्स, हीथर नाइट, नैट स्किवर-ब्रंट, सोफी एकलेस्टोन, लॉरेन बेल और सोफिया डंकले



जैसी क्षमतावान खिलाड़ियों के साथ इंग्लैंड की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। ये वैश्विक स्तर पर महिला क्रिकेट में बहुत बड़े नाम हैं और विश्व कप जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों से परिचित हैं।

### बांग्लादेश की टीम अनुभवी नहीं

दूसरी ओर कप्तान और विकेटकीपर दोनों की भूमिका निभाने वाली निगार सुल्ताना, रुबिया हैदर, निशिता अख्तर निशी और सुमैया अख्तर जैसी खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में बांग्लादेश की उम्मीदों का भार संभाल रही हैं।

### इंग्लैंड-बांग्लादेश के पास पिच का फायदा उठाने पर्याप्त ताकत

अगर गेंदबाज अनुशासित लाइन और लेंथ बनाए रखें और विविधता का इस्तेमाल करें तो उन्हें यहां सफलता मिलने की संभावना है और इंग्लैंड तथा बांग्लादेश दोनों के पास इस पिच का फायदा उठाने के लिए पर्याप्त ताकत है। इंग्लैंड की गेंदबाजों का अनुभव काम आएगा क्योंकि लिंसे स्मिथ, सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन की स्पिन तिकड़ी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने सफल प्रदर्शन के बाद एक बार फिर विरोधी टीम के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं। जहां तक बल्लेबाजों और ऑलराउंडर का सवाल है तो इंग्लैंड का पलड़ा भारी है और बांग्लादेश के लिए यह एक बड़ी चुनौती होगी।




हाईकोर्ट ने कहा, राज्य शासन को चार सप्ताह का समय दिया

# विष्णु वराह मंदिर के अतिक्रमणों व रखरखाव की दो रिपोर्ट

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर के समीपस्थ मझौली स्थित सुप्रसिद्ध विष्णु वराह मंदिर के अतिक्रमणों व रखरखाव की रिपोर्ट तलब की है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की डिवीजन बेंच ने इसके लिए राज्य शासन को चार सप्ताह की मोहलत दी ।

जनहित याचिकाकर्ता मझौली निवासी श्रवण कुमार सोनी की ओर से दलील दी गई कि विष्णु वराह मंदिर धार्मिक व ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह भगवान विष्णु के वराह अवतार को समर्पित एकमात्र मंदिर माना जाता है, जिसकी स्थापना 11 वीं शताब्दी में हुई थी। याचिकाकर्ता ने संबंधित प्राधिकारियों द्वारा मंदिर के संरक्षण एवं रखरखाव में



उदासीनता एवं निष्क्रियता के विरुद्ध हाई कोर्ट की शरण ली है। याचिका में कहा गया है कि यह प्राचीन स्मारक अपने उपेक्षित रखरखाव और आसपास के अतिक्रमणों के कारण अपनी गरिमा और धरोहर मूल्य खोता जा रहा है। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने प्रतिवादीगण को निर्देश दिया कि वे आगामी सुनवाई तिथि से पूर्व इस विषय पर एक विस्तृत स्थिति प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

अदालत ने ढाई हजार रु जुर्माना भी लगाया

## महिला पर प्राणघातक हमला करने वाले को सात वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार यादव की अदालत ने महिला पर प्राणघातक हमला करने के आरोपी जबलपुर निवासी गोलू उर्फ अमित चौरिया का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ सात वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही ढ़ाई हजार रुपये जुर्माना लगाया।

अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक लहर दीक्षित ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि एक मार्च, 2015 को 27 वर्षीय आरोपी ने सुशील बडगैयां को घर पर अकेला पाकर उन पर मसाला पीसने वाले पत्थर से जानलेवा हमला किया था। आरोपी ने सुशीलाबाई पर ताबड़तोड़ वार किये थे, जिससे वे बुरी तरह खून से लथपथ होकर घायल हो गई थीं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी उनके घर में रखी लोहे की पेटी से रजिस्ट्री के कागज, एटीएम, चेक बुक व अन्य मूल्यवान दस्तावेज उठाकर ले गया था। उक्त मामले की शिकायत रांझी पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। मामले के विचारण दौरान पेश किए गए गवाह व साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने सजा सुना दी।

हाई कोर्ट का एक सैकड़ा से अधिक याचिकाओं पर पारित किया महत्वपूर्ण आदेश

# दैवेभो की 15 वर्ष से अधिक की सेवाएं पेंशन में जोड़ी जाएं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने दैनिक वेतन भोगियों के हक में राहतकारी आदेश पारित किया है। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने एक सैकड़ा से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई के बाद कहा कि दैवेभो ने 15 वर्ष से अधिक सेवा दी है, इसे पेंशन में जोड़ा जाए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार ने भले ही इन कर्मचारियों को दैनिक वेतनभोगी माना हो, लेकिन यदि उन्हें मासिक भुगतान मिलता रहा है तो उनकी सेवा को अस्थाई आकस्मिक वेतनभोगी माना जाएगा। 15 वर्ष पूरे होने के बाद यह सेवा स्थाई आकस्मिक वेतनभोगी में बदल जाएगी। लेकिन यह लाभ केवल पेंशन के लिए मान्य होगा।

उक्त प्रकरण दमोह के जल संसाधन विभाग में दैनिक वेतन भोगी के रूप में काम कर रहे राम विशाल पटेरिया सहित अन्य की ओर से दायर किए गए थे। जिसमें आवेदक राम विशाल पटेरिया ने कहा था वह पांच फरवरी, 1978 से दैनिक वेतन भोगी के रूप में जल संसाधन विभाग में काम कर रहे है, जिस पर पेंशन का लाभ दिलाए जाने की मांग उनकी ओर से की गई थी। कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया है कि यह आदेश सिर्फ पेंशन के मुद्दे के लिए है। वेतन, प्रमोशन या सीनियरिटी जैसे मुद्दे को लेकर इस फैसले का उपयोग नहीं हो सकेगा। कोर्ट ने उक्त आदेश का पालन करने राज्य सरकार को 60 दिन का समय दिया है।

यात्रियों को मिलेगा 136 अतिरिक्त सीटों/बर्थ का लाभ

# रानी कमलापति से दानापुर के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन में दो स्थाई कोचों की वृद्धि

हरिभूमि जबलपुर।

त्योहारों के मौसम में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा एक बड़ा निर्णय लिया गया है। रानी कमलापति–दानापुर–रानी कमलापति द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में स्थाई रूप से दो अतिरिक्त कोच जोड़े गए हैं। इसमें एक वातानुकूलित 3-टियर तथा एक स्लीपर श्रेणी का कोच शामिल है। इन अतिरिक्त कोचों की स्थाई बढ़ोतरी के बाद अब इस ट्रेन में कुल 24 कोच होंगे। इससे यात्रियों को कुल 136 अतिरिक्त सीटों/बर्थों का लाभ मिलेगा –



जिनमें 64 सीटें एसी 3-टियर में और 72 सीटें स्लीपर क्लास में होंगी। यह सुविधा 7 अक्टूबर 2025 से रानी कमलापति से रवाना होने वाली ट्रेन तथा 8 अक्टूबर 2025 से दानापुर से रवाना होने वाली ट्रेन में प्रभावी होगी।

-गाड़ी संख्या 01667 – रानी कमलापति से दानापुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन- प्रस्थानः प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार, दोपहर 14:25 बजे। आगमनः अगले दिन सुबह 08:45 बजे, दानापुर स्टेशन।
-गाड़ी संख्या 01668 – दानापुर से रानी कमलापति द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन- प्रस्थानः प्रत्येक बुधवार एवं रविवार, सुबह 11:00 बजे। आगमनः अगले दिन सुबह 08:55 बजे, रानी कमलापति स्टेशन।
-प्रमुख ठहराव- नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर, बक्सर, आरा।

कफ सीरप काण्ड में मुख्यमंत्री की सख्त कार्रवाई

# जबलपुर के औषधि निरीक्षक शरद जैन निलंबित

**जबलपुर।** छिंदवाड़ा जिले में जहरीले कफ सीरप का मामला तूल पकड़ने के बाद मुख्यमंत्री ने सख्त कार्यवाही करते हुये ड्रग कंट्रोलर आईएएस अधिकारी दिनेश मौर्या को हटा दिया है। वहीं उप औषधी नियंत्रक शोभित कोष्टा जबलपुर कनिरीक्षक शरद जैन व छिंदवाड़ा के औषधी निरीक्षक गौरव शर्मा को निलंबित कर दिया है। गौरतलब है की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सोमवार को छिंदवाड़ा जिले के प्रवास पर थे, दौरा करने के बाद मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर उच्च स्तरीय बैठक लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। बैठक के बाद प्रदेश सरकार ने कई जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की। इसमें जबलपुर के औषधि निरीक्षक शरद कुमार जैन को भी निलंबित कर दिया



गया है।

सरकार ने यह कदम मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़ी गंभीर लापरवाही को देखते हुए उठाया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी इस तरह की घटनाओं पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि छिंदवाड़ा और आसपास के जिलों में कोलड्रिफ सिरप पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए और दुकानों से उपलब्ध स्टॉक तुरंत जब्त किया जाए। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन परिवारों से यह दवा रिकवर करें, जिन्होंने इसे खरीदा या इस्तेमाल किया है।

सरकार ने औषधि निरीक्षकों और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए छिंदवाड़ा के औषधि निरीक्षक गौरव शर्मा, जबलपुर के औषधि निरीक्षक शरद कुमार जैन और उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन शोभित कोष्टा को निलंबित कर दिया। वहीं ड्रग कंट्रोलर दिनेश मौर्य का तबादला कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि चिकित्सकों और केमिस्ट एसोसिएशन के सहयोग से आम जनता में जागरूकता फैलाई जाए ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति न बने। वहीं तमिलनाडु की दवा कंपनी, जिसने यह सिरप बनाया था, के खिलाफ भी कार्यवाही की जा रही है।

# घंसौर में जनपद पंचायत का नया भवन बनाने जारी किए गए टेंडर को चुनौती

राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर सिवनी जिले के तहत घंसौर में जनपद पंचायत का नया भवन बनाने जारी किए गए टेंडर को चुनौती दी गई है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस डीडी बंसल की खंडपीठ ने कलेक्टर सिवनी, जिला पंचायत के सीईओ व बीडीओ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जागरूक मंच कहानी की ओर से अधिवक्ता डीके त्रिपाठी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत का कार्यालय कहानी में बनाया गया था, लेकिन वह घंसौर से संचालित था। पूर्व में हाईकोर्ट ने कलेक्टर को निर्देश दिए थे कि शासन को सही रिपोर्ट भेजें। उसी रिपोर्ट के अनुसार जनपद पंचायत का कार्यालय तय किया जाए। इसके बाद अब शासन ने घंसौर में नया भवन बनाने टेंडर जारी कर दिया। दलील दी गई कि जब मामला शासन के पास लंबित है तो अभी नया भवन बनाने की क्या जरूरत है।

## मैहर मेले से रेलवे ने कमाए डेढ करोड़

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा मैहर मेले के दौरान बिना टिकिट यात्रियों की जांच की गई इस दौरान 445 यात्रियों से 1 लाख 64 हजार 290 का रेल राजस्व संग्रह किया।

- वाणिज्य विभाग द्वारा कुल 1 करोड़ा 42 लाख 9 हजार 6 सौ 30 रुपये धनराशि का संग्रह किया गया, जो कि गत वर्ष की तुलना में लगभग 10 लाख अधिक है। टिकट जांच कर्मचारियों ने हेल्प डेस्क पर तैनात रहकर यात्रियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें उचित गाड़ियों में चढ़ने-उतरने में मदद की। मेडिकल स्टाफ और आरपीएफ की टीम ने चोटिल यात्रियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा प्रदान की।

तीन जोड़ी ट्रेनों का अस्थाई ठहराव 4 दिनों के लिए स्वीकृत

# माधवनगर मेले में श्रद्धालुओं के लिए रेलवे की सौगात

हरिभूमि जबलपुर।

सतगुरु बाबा नारायण शाहजी की बरसी के पावन अवसर पर लगने वाले माधवनगर मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु रेल प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जबलपुर मंडल के निवार-कटनी रेलखंड स्थित माधवनगर स्टेशन पर तीन जोड़ी रेलगाड़ियों का एक मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान किया जाएगा। यह विशेष व्यवस्था 08 अक्टूबर 2025 से 11 अक्टूबर 2025 तक, कुल चार दिनों के लिए लागू रहेगी, जिससे मेले में आने-जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### अस्थाई ठहराव प्राप्त करने वाली ट्रेन

11273/11274—इटारसी–प्रयागराज छिवकी–इटारसी एक्सप्रेस
11271/11272—इटारसी–भोपाल–इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस
11265/11266—जबलपुर–अम्बिकापुर–जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस

रेलवे प्रशासन का कहना है कि यात्रियों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए समय-समय पर ऐसे निर्णय लिए जाते हैं, विशेषकर त्योहारों और मेलों के दौरान। इस अस्थाई ठहराव से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को लाभ होगा।




आंगनबाड़ी सहायिका से जॉइनिंग लेटर के नाम पर मांगी थी रिश्वत

# परियोजना अधिकारी सहित चार महिलाएं लोकायुक्त के शिकंजे में

हरिभूमि जबलपुर।

महिला एवं बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर चयनित हुई एक उम्मीदवार से रिश्वत लेने के मामले में लोकायुक्त पुलिस जबलपुर ने बड़ी कार्रवाई की है।



परियोजना अधिकारी और उसकी महिला साथियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 हजार रुपये की रिश्वत की रकम बरामद कर ली है।

लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक अंजुलता पटले ने बताया कि मामला छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय का है। आवेदिका पूजा उइके ने लोकायुक्त से शिकायत की थी कि उसे आंगनबाड़ी सहायिका पद पर चयनित होने और जॉइनिंग लेटर मिलने के बाद अधिकारी और सुपरवाइजर इनाम के नाम पर 50 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं।

### 20 हजार लेते ही पकड़ी गई सुपरवाइजर

शिकायत की जांच के बाद लोकायुक्त दल ने ट्रैप की योजना बनाई। सोमवार को सुपरवाइजर आरती आम्रवंशी को पहली किस्त के रूप में 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

### अधिकारियों पर लगे आरोप

जांच में यह सामने आया कि परियोजना अधिकारी सीमा पटेल और सुपरवाइजर आरती आम्रवंशी, लक्ष्मी पंडोले तथा बिंदु माहौर ने मिलकर आवेदिका से कुल 50 हजार रुपये की मांग की थी। अब सभी आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की धारा 7, 13(1)(**B**), 13(2), 12 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### यह हुये ट्रैप

आरोपियों में परियोजना अधिकारी सीमा पटेल, पदस्थ कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना, जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा, महिला सुपरवाइजर आरती आम्रवंशी, कार्यालय परियोजना अधिकारी जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा, महिला सुपरवाइजर लक्ष्मी पंडोले उम्र 43 वर्ष, कार्यालय परियोजना अधिकारी जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा तथा महिला सुपरवाइजर बिंदु माहौर उम्र 52 वर्ष, कार्यालय परियोजना अधिकारी जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा शामिल हैं। कार्रवाई को अंजाम देने वाली लोकायुक्त टीम में निरीक्षक उमा कुशवाहा (दल प्रभारी), निरीक्षक शशि मुस्कुले और निरीक्षक जितेंद्र यादव मौजूद रहे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240